Page 11

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



खेल

**अशोक कुमार को लाइफटाईम एचीवमेंट, सलीमा और हार्दिक वर्ष के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी**



देश

**बारामती की लड़ाई शरद पवार को खत्म करने की भाजपा की साजिश : सुप्रीया सुले**

कृष्ण पक्ष पूर्वाषाढ़ा संवत 2080

• औरंगाबाद • मंगलवार • 02 अप्रैल 2024 • वर्ष 26 • अंक 111 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹69,380 | ₹78,600 |



## आज का इतिहास

- 1933 : भारतीय क्रिकेटर प्रिंस रणजीत सिंहजी का गुजरात के जामनगर में निधन।
- 1984 : जहाज सोयूज टी -11, राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय बने।

## न्यूज बाइट्स

### जेएनवी का रिजल्ट जारी नामांकन दूसरे सप्ताह से

**मुजफ्फरपुर (नि।सं।)।** नवोदय विद्यालय समिति ने रविवार को छठी कक्षा प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। अप्रैल के दूसरे सप्ताह से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है। इस बार भी शहरी क्षेत्र से एक भी छात्र का चयन नहीं हुआ है। छठी कक्षा के लिए 80 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। जेएनवी खरौनाडीह के प्राचार्य प्रेम प्रकाश ने बताया कि अप्रैल के दूसरे सप्ताह से नामांकन शुरू होने की संभावना है। सोमवार से अभिभावक को सूचना भेजी जाएगी।

### बिहार में प्रथम चरण की तीन सीटों पर नये प्रत्याशी को मिलेगा जीत का मौका

**पटना (नि।सं।)।** बिहार में प्रथम चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव में चार सीटों में से तीन सीट गया (सु), नवादा और जमुई (सु) के विजेता के इस सीट पर चुनाव नहीं लड़ने पर इस बार के चुनाव में नये प्रत्याशी को जीत कर सासंद बनने का मौका मिलेगा। बिहार में प्रथम चरण में चार सीट गया (सु), औरंगाबाद, नवादा और जमुई (सु।), के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को होगा। इनमें दो सीट गया (सु) से विजयी विजय कुमार मांझी और नवादा सीट से चदन सिंह इस बार के चुनावी संग्राम से बाहर हैं वहीं, जमुई (सु) से जीते सांसद चिराग पासवान हाजीपुर (सु) से चुनाव लड़ रहे हैं। औरंगाबाद सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद इस बार भी इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

### सरकार ने मार्च में जीएसटी से 1.78 लाख करोड़ जुटाए

**नईदिल्ली (ए.)।** सरकार ने मार्च में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स यानी जीएसटी से 1.78 लाख करोड़ रुपए जुटाए। यह वित्त वर्ष 2023-2024 का दूसरा सबसे बड़ा कलेक्शन है। अप्रैल 2023 में 1.87 लाख करोड़ का कलेक्शन किया था। वहीं वित्त वर्ष (2022-23) के मार्च महीने के कलेक्शन के मुकाबले 11.5% ज्यादा है। तब जीएसटी से 1.60 लाख करोड़ रुपए जुटाए गए थे। वित्त मंत्रालय के अनुसार, मार्च के जीएसटी कलेक्शन 1,78,484 करोड़ में एसजीएसटी 34,532 करोड़ रुपए और एसजीएसटी 43,746 करोड़ रुपए रहा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय रिजर्व बैक के 90वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा

## भारतीय बैंकिंग सिस्टम बन गया मजबूत और टिकाऊ

**एजेंसी** | नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पिछले 10 वर्षों में जो बदलाव हुआ है उसके कारण आज भारत के बैंकिंग सिस्टम को दुनिया में एक मतबूत और टिकाऊ सिस्टम माना जा रहा है तथा जो बैंकिंग सिस्टम कभी डूबने की कगार पर था वह बैंकिंग सिस्टम अब प्रॉफिट में आ गया है और क्रेडिट में रिकॉर्ड वृद्धि दिखा रहा है।

प्रधानमंत्री ने यहां भारतीय रिजर्व बैक के 90वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जब नियत सही होती है तो नीति सही होती है, जब नीति सही होती है तो निर्णय सही होते हैं और जब निर्णय सही होते हैं तो नतीजे सही मिलते हैं। उन्होंने कहा "मैं जब 2014 में रिजर्व बैंक की 80 वर्ष के कार्यक्रम में आया था तब हालत एकदम अलग थे। भारत का पूरा बैंकिंग सेक्टर समस्याओं और चुनौतियों से जूझ रहा था। एनपीए को लेकर भारत के बैंकिंग सिस्टम की स्थिरता और उसके भविष्य को लेकर हर कोई आशंका से भरा हुआ था। लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है।

श्री मोदी ने कहा कि कैसे देश का बैंकिंग सिस्टम बदला ये अपने आप में एक अध्ययन का विषय है। सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को सुधारने की दिशा में बड़े कदम उठाए। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में जो हुआ वो तो सिर्फ ट्रेलर है, अभी तो बहुत कुछ करना है। अभी तो हमें देश को बहुत आगे ले जाना है। बहुत जरूरी है कि हमारे पास अगले 10 का लक्ष्य स्पष्ट हो। अगले 10 साल के लक्ष्य को तय करते हुए हमें एक बात और ध्यान रखनी है, वह है भारत के युवाओं की आकांक्षायें। भारत आज दुनिया के सबसे युवा देश में से एक है इस युवा आकांक्षा को पूरा करने में रिजर्व बैंक का अहम रोल है।

उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में इनोवेशन का बहुत बड़ा महत्त्व रहने वाला है। सरकार इनोवेशन पर रिकॉर्ड निवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि हमें कैशलेस इकोनॉमी से आ रहे बदलावों पर नजर रखनी होगी। इतनी बड़ी जनसंख्या की बैंकिंग जरूरतें भी अलग-अलग हो सकती है। कई लोगों को फिजिकल बैंकिंग तो कई को डिजिटल बैंकिंग पसंद हैं। देश को ऐसी नीति बनाने की जरूरत है जिससे लोगों को सुविधा हो। जिस देश की प्राथमिकता स्पष्ट हो उसे प्रोग्रेस करने से कोई नहीं रोक सकता है। हमने कोरोना के साथ सामान्य नागरिक के जीवन पर भी ध्यान दिया। यही वजह है कि भारत का सामान्य नागरिक भी भारत की अर्थव्यवस्था को गति दे रहा है, जबकि दुनिया के कई देश अभी इससे उबरने की कोशिश कर रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने पहचान, समाधान और पुनर्पूंजीकरण (थ्री आर) की रणनीति पर काम किया है। साथ ही सरकार ने हालत सुधारने के लिए 3.5 लाख करोड़ रुपये का पूंजी निवेश किया। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने शासन-संबंधी सुधार किए। दिवाला और दिवालियापन संहिता की नई प्रणालियों के साथ लगभग 3.25 लाख करोड़ रुपये के ऋणों का समाधान किया गया।

## तेजस्वी-तेजप्रताप को खाली करना होगा बंगला, नये मंत्रियों को आवंटित हुआ आवास

**पटना (नि.सं.)।** बिहार सरकार के नए मंत्रियों को सरकारी बंगला अलॉट कर दिया गया है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को तेजस्वी के 5 देश रत्न मार्ग वाला बंगला अलॉट किया गया है। जबकि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी को एक पोलो रोड का बंगला दिया गया है। 14 फरवरी को तेजस्वी यादव नेता प्रतिपक्ष बनाए गए थे। नेता प्रतिपक्ष बनने के एक महीने बाद उन्हें बंगला खाली करना पड़ेगा। वहीं डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा तीन स्ट्रैंड रोड का आवास आवंटित किया गया है। यह बंगला पहले तेजप्रताप को अलॉट था। जबकि मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल को 7 वीरचंद पटेल पथ, रेणु देवी को चार स्ट्रैंड रोड आवंटित किया गया है। मंत्री हरि सैनी को 20 सेट डुप्लेक्स गर्दनीबाग, नीरज कुमार सिंह 112 नेहरू पथ, सुरेंद्र मेहता को डुप्लेक्स बंगला गर्दनीबाग, जनक राम को 6 पोलो रोड का बंगला आवंटित किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को 4 ट्रेलर रोड, केदार प्रसाद गुप्ता को डुप्लेक्स बंगला गर्दनीबाग, कृष्णनंदन पासवान को डुप्लेक्स बंगला गर्दनीबाग, संतोष कुमार सिंह 41 हार्डिंग रोड, प्रेम कुमार 3 सर्कुलर रोड का बंगला अलॉट हुआ है। वहीं नितिन नवीन को 3 ट्रेलर रोड और नीतीश मिश्र 9 मेगल रोड का बंगला आवंटित किया गया है।

झारखंड में ड्रग्स के करोड़ों रुपए का कारोबार

## सात करोड़ से ज्यादा के अफीम-डोडा और ब्राउन शुगर जब्त

**निज संवाददाता** | रांची



झारखंड में नशे का एक बड़ा गिरोह एक्टिव है। अफीम का कारोबार अब सीधे ब्राउन शुगर के कारोबार में बदल रहा है। वहीं, चेकिंग अभियान में पुलिस के हाथ लगातार कई सफलता लगी है। मामले में 25 मार्च को चतरा से दो अफीम तस्करों की गिरफ्तारी हुई थी। राज्य में नशे का कारोबार कितना बड़ा है, इसे समझने के लिए पिछले चार दिनों में जब्त किए गए नशे के सामान की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत से लगाया जा सकता है। तमाड़ में जब्त डोडा की कीमत चार करोड़ से ज्यादा है। चतरा में तीन दिन पहले 2 करोड़ की अफीम और पांच लाख की हेराईन जब्त की गई। चतरा मे भी पिछले चार दिनों में दो करोड़ से अधिक का अफीम डोडा बरामद किया गया। झारखंड में नशे के कारोबार का गिरोह किस तरह एक्टिव है, इसका अंदाजा इन कार्रवाई से लगाया जा सकता है।

### बढ़ रहा है कारोबार

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। जिले के बॉर्डर और दूसरे राज्य को कनेक्ट करने वाले बॉर्डर पर खास नजर रखी जा रही है। वाहन चेकिंग अभियान तेज हैं। ऐसे में नशे का कारोबार करने वाले लोगों की लगातार हो रही गिरफ्तारी यह संकेत दे रही है कि ऐसे समय में जब नशे के कारोबारियों को पकड़े जाने का खतरा ज्यादा है, लेकिन कारोबार कम नहीं हो रहा है।

### एक एकड़ में 12 लाख की कमाई

चतरा, खूंटी, लातेहार के साथ- साथ रांची के कई ऐसे इलाके हैं, जहां अफीम की खेती और कारोबार बड़ा हो रहा है। नामकुम के जाउलातु के सोगोद, रामपुर के बुदरी, बंधुआ, हुवांगहातु, लाली, हाहाप सहित जंगल से सटे दर्जनों पंचायत में अफीम की खेती की जानकारी पुलिस के पास है। राज्य के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर चल रहे नशे की इस अवैध कारोबार का गणित समझाया। उन्होंने बताया कि राज्य में करीब दो हजार एकड़ भूमि पर अफीम की खेती होती है और एक एकड़ फसल से औसतन 12 लाख रुपए की कमाई होती है।

### अफीम का कॉरिडोर क्या है

नशे का कारोबार राज्य के किन रास्तों से होकर गुजरता है, इसे समझने के लिए ज्यादातर जगहों पर पकड़े जा रहे अफीम और नशे के सामान के रूट को समझना होगा। मुख्य रूप से इसका रास्ता रांची-खूंटी के सीमावर्ती क्षेत्र, खूंटी, चतरा, लातेहार, पलामू, हजारीबाग है, जो अफीम कॉरिडोर माना जाता है। रांची जिले में नामकुम, तुपुदाना, बुंडू, तमाड़, दशमफॉल, नगड़ी, खरसीदाग आदि थाना क्षेत्र में भी अफीम का कारोबार बड़ा हो रहा है। इसकी तस्करी में दूसरे राज्यों के बड़े तस्कर शामिल हैं, जो देश और देश के बाहर नशे का बड़ा कारोबार चलाते हैं। झारखंड में यह लोग ऐसे किसानों की तलाश करते हैं, जो इसकी खेती कर सकें। 12 हजार रुपए प्रति किलो की हाइब्रिड बीज इन किसानों को दी जाती है। इनसे फसल खरीदने का वादा किया जाता है। प्रति एकड़ 20 किलो तक पैदावार होती है। चंदन कुमार सिन्हा, एसएसपी, रांची बताते हैं कि खेती सुदूरवर्ती क्षेत्रों में चोरी छिपे होती है। सतर्कता के बावजूद कई बार पुलिस को जानकारी नहीं मिलती, लेकिन यह पूर्णतः बंद हो, इसे लेकर हमने पूरी तैयारी की है। थानेदारों को जवाबदेह बनाया गया है।

## इस साल ज्यादा गर्मी का अनुमान, 20 दिन लू चलेगी

**नई दिल्ली (ए.)।** जब किसी मैदानी क्षेत्र में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और पहाड़ी क्षेत्रों में 30 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाता है तो इसे हीटवेव की स्थिति कहा जाता है। भारतीय मौसम विभाग ने इस साल ज्यादा गर्मी का अनुमान लगाया है। अप्रैल से मई के बीच तीन महीने तापमान ज्यादा रहेगा। वहीं इस बार 20 दिनों तक हीटवेव की संभावना जताई गई, जो अमूमन 8 दिनों तक रहती है। आईएमडी के मुताबिक, अगले तीन महीनों में देश के छह राज्यों मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में गर्मी का ज्यादा असर रहेगा। अगले हफ्ते तापमान 2 से 5 डिग्री तक बढ़ सकता है। अप्रैल-जून के दौरान भारत के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहने की संभावना है। मैदानी इलाकों के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक लू चलेगी।

## अतिथि शिक्षकों पर लाठीचार्ज, नौकरी जाने के विरोध में किया प्रदर्शन

**निज संवाददाता** | पटना



बिहार की राजधानी पटना में आज नौकरी जाने के विरोध में किये जा रहे प्रदर्शन के लिए अतिथि शिक्षकों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। बिहार सरकार ने एक अप्रैल से अतिथि शिक्षकों की सेवा समाप्त कर दी है। अतिथि शिक्षकों को ये बात रास नहीं आई और उन्होंने पटना में एक अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास के घेराव का फैसला किया। विरोध में आज सोमवार को सीएम आवास घेरने जा रहे अतिथि शिक्षकों पर प्रशासन ने लाठीचार्ज किया। बता दें कि बिहार में आज यानी एक अप्रैल से 4257 अतिथि शिक्षक बेरोजगार हो रहे हैं। उनका कहना है कि इतने सालों तक उन्होंने शिक्षा विभाग में बतौर अतिथि शिक्षक काम किया। जिस वक्त बिहार में शिक्षा का स्तर ठीक नहीं था, उस समय सरकार ने उनकी नियुक्ति की थी, लेकिन अब जब शिक्षा का स्तर प्रदेश में ठीक हुआ है तो उनकी सेवा समाप्त की जा रही है। शिक्षा विभाग की तरफ से जारी लेटर में कहा गया है कि 25 जनवरी 2018 से राज्य में उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की सेवा ली जा रही है। अभी वर्तमान में कक्षा-9वीं और 10वीं के लिए 37 हजार 847, कक्षा-11वीं और 12वीं के लिए 56 हजार 891 और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कुल-94 हजार 738 शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। इन शिक्षकों ने स्कूलों में जॉइन भी कर लिया है।

### 6 सालों से स्कूलों में पढ़ा रहे 4257 अतिथि शिक्षक

बिहार के 4257 अतिथि शिक्षक पिछले 6 सालों से प्रदेश के उच्च माध्यमिक विद्यालय में काम कर रहे थे। शिक्षा विभाग की ओर से उनकी सेवा समाप्त करने का फैसला लिया गया है। इसे लेकर शिक्षा विभाग के निदेशक कन्हैया प्रसाद की ओर से सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को एक पत्र जारी किया गया है।

## पटना एयरपोर्ट का समर शेड्यूल जारी

**पटना (नि.सं.)।** अकासा एयर जल्द पटना से अपनी उड़ान शुरू करेगी। उसने एक अप्रैल से लागू समर शेडयूल में अपने चार जोड़ी फ्लाइटों के लिए शेडयूल लिया है। हालांकि, एयरपोर्ट पर उसने न तो अब तक अपना ऑफिस बनाया है, न बुकिंग काउंटर खोला है और न ही उसके कर्मचारी ही यहां पदस्थापित हुए हैं। ऐसे में उसे अपनी फ्लाइट यहां से शुरू करने मे कम-से-कम एक-दो सप्ताह का समय लगेगा। इसके साथ ही पटना से फ्लाइबिंग ने भी दोबारा गुवाहाटी की अपनी एक जोड़ी फ्लाइट के लिए शेडयूल लिया है। नये शेडयूल में कुल 13 जोड़ी फ्लाइटें बढ़ जायेगी। 15 दिसंबर से 31 मार्च तक लागू विंटर शेडयूल में फ्लाइटों की कुल संख्या 31 जोड़ी थी, जो एक अप्रैल से लागू समर शेडयूल मे बढ़कर 44 जोड़ी हो गयी है। नया शेडयूल 26 अक्टूबर तक चलेगा। नये शेडयूल में सबसे अधिक इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइटों की संख्या बढ़ी है।

## तीसरी बार तिहाड़ पहुंचे दिल्ली के सीएम, जेल संख्या 2 में रहेंगे

**एजेंसी** | नई दिल्ली



दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को दिल्ली शराब घोटाला मामले में 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इससे पहले वह करीब 9 दिनों तक ईडी की हिरासत में रहे। अब उन्हें तिहाड़ जेल ले जाया जा रहा है। अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ के जेल नंबर 2 में रखा जाएगा। इससे पहले इसी जेल में राज्यसभा सांसद संजय सिंह रह रहे थे। उन्हें अब जेल नंबर 5 में भेजा जाएगा। आबकारी से जुड़े नेताओं को एक जेल में रखने के बजाय अलग-अलग जेलों में रखे जाने का चलन है। केजरीवाल को जेल में लाने की तैयारी चल रही है। वे शाम 5 बजे तिहाड़ पहुंच जाएंगे। अभी जेल मुख्यालय में डीजी, डीआईजी और एआईजी स्तर के अधिकारी मौजूद हैं।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तीसरी बार तिहाड़ पहुंचे। इससे पहले अन्ना आंदोलन के दौरान उन्हें तिहाड़ लाया गया था। इसके बाद उन्हें अवमानना के एक मामले में तिहाड़ जाना पड़ा था। तीसरी बार अब दिल्ली शराब घोटाला मामले के सिलसिले में केजरीवाल को तिहाड़ जाना पड़ा है। हालांकि वह साल 2017 में एक कार्यक्रम के सिलसिले में तिहाड़ पहुंचे थे। कैदी के रूप में वह तीसरी बार जेल पहुंचेंगे।

### ये जो कर रहे हैं, देश के लिए अच्छा नहीं : केजरीवाल

इससे पहले कोर्ट में पेशी के दौरान केजरीवाल ने मीडिया से कहा- ये जो कर रहे हैं, देश के लिए अच्छा नहीं है।

## एनटीपीसी कांटी में दो दिवसीय मिलन मेला संपन्न





**निज संवाददाता** | कांटी (मुजफ्फरपुर)

एनटीपीसी कांटी के आवासीय परिसर में आयोजित दो दिवसीय मिलन मेला सोमवार को संपन्न हो गया। स्थानीय लोगों की सहभागिता अच्छी खासी देखी गई। शाम ढलते ही सैकड़ों महिलाएं और बच्चे मेला में लुफ्त उठाने के लिए पहुंची। मेले में स्थानीय लोगों ने विभिन्न स्टालों पर लजीज व्यंजन का भरपूर लुत्फ उठाया, विभिन्न प्रकार के खेलों से भरपूर मनोरंजन किया। मेले की प्रमुख आकर्षण का केंद्र लक्की ड्रा प्रतियोगिता के भाग्यशाली विजेताओं को पुरस्कार वितरण समारोह रहा। मुख्या अतिथि के तौर पर उपस्थित सुदीप नाग, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक, पूर्वी क्षेत्र - एक ने लक्की ड्रा के प्रथम भाग्यशाली विजेता को प्रथम पुरस्कार के तहत स्कूटी, द्वितीय स्थान के विजेता को स्मार्ट टीवी तथा तृतीय विजेता को वॉशिंग मशीन प्रदान किया। साथ ही अन्य बीस विजेताओं को भी आकर्षक इनाम से सम्मानित किया गया। मेले में स्थानीय लोगों ने बिभिन्न स्टॉल से जमकर खरीदारी भी की। कार, व्यंजन, खेल, इत्यादि के स्टाल पे जा कर ग्रामीणों ने जैम कर मनोरंजन किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसका लोगो ने भरपूर आनंद लिया। परियोजना प्रमुख श्री मधु एस ने बताया कि एनटीपीसी में सामाजिक सरोकार से जुड़ी कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन होता रहता है, जिससे स्थानीय लोगों और एनटीपीसी का सम्बंध मजबूत हो सके। भविष्य में भी इस तरह के आयोजन का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर श्री तापस साहा, महाप्रबंधक (ओ एन्ड एम), मनोज सिन्हा, महाप्रबंधक (संविदा व सामग्री एवं तकनीकी सेवा), महेशकुमार सुथार, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन), एनटीपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं संघमित्रा महिला मंडल की सभी सदस्याएं भी उपस्थित थी।

## सुश्री शेफाली शरण ने पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महानिदेशक का पदभार संभाला

**एजेंसी** | नई दिल्ली



सुश्री शेफाली बी. शरण ने कल श्री मनीष देसाई की सेवानिवृत्ति के बाद आज पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महानिदेशक का पदभार ग्रहण कर लिया है। सुश्री शरण भारतीय सूचना सेवा के 1990 बैच की अधिकारी हैं। तीन दशकों से अधिक के अपने शानदार करियर के दौरान, उन्होंने वित्त, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना और प्रसारण जैसे मंत्रालयों के लिए पत्र सूचना कार्यालय अधिकारी के रूप में बड़े पैमाने पर मीडिया प्रचार कार्यों को संभालने वाले कैडर संबंधी दायित्वों को निभाया है। वह भारत निर्वाचन आयोग की प्रवक्ता के रूप में भी काम कर चुकी हैं। साथ ही, उन्होंने ओएसडी (सूचना और प्रसारण मंत्रालय में सूचना नीति, 2000-2002) के कैडर पोस्ट पर काम करने और 2007-2008 में एलएसटीवी, लोकसभा सचिवालय में निदेशक, प्रशासन एवं वित्त के रूप में दायित्व निभाने के अलावा केन्द्रीय कर्मचारी योजना प्रतिनियुक्ति के तहत स्वास्थ्य मंत्रालय [पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली विभाग/आयुष विभाग (2002-2007)] और वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग 2013-2017) में निदेशक के रूप में भी काम किया है। पदभार संभालने पर, सुश्री शरण का पत्र सूचना कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वागत किया।

मंगलम ENT क्लिनिक
ज्ञानपुरी लेन नं.-2, नियर डॉ. बी.के. सिंह, नागा बिगहा रोड, औरंगाबाद
नोट : यहां कान, नाक एवं गला से संबंधित रोग जैसे :- थायराइड, कान बहना, कम सुनाई देना, कान में दर्द होना, कान के पर्दे में छेद होना, नाक जाम रहना, नाक से पानी आना, साईनस, नाक में मस्सा होना, नाक का हड्डी टेढ़ा होना, गले में दर्द एवं सूजन, गले में कुछ अटकना एवं अवाज से संबंधित बीमारियों का उचित ईलाज होता है।
Cont :- 6206689906
Dr. SUMIT
MBBS, MS (ENT) NMCH
(Gold Medalist)
Ex. resident (Medicine) ANMMCH, GAYA
Ex. Medical Offcer (Bihar Govt.)
Senior Resident (ENT Dept)
नाक, कान एवं गला रोग वशेषज्ञ
Endoscopic & Micoscopic ENT Surgeon
Time :- 10 Am To 8 Pm (Saturday, Sunday & Monday)

BAYC Institute
स्थापित : 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन
DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th
DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2
MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS
BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course
PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY
Proposed Campus
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties
» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।
डॉ. अजय प्रकाश, सचिव
डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष
Apply Online : www.bayc.in
9572607696, 9304942855, 9334278279
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है। सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें।
Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

संक्षिप्त समाचार

## चार माह से खराब पड़ा है पहाड़ी चापाकल



**नारदीगंज।** प्रखंड के कोसला गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र (कोड संख्या 37) में पहाड़ी चापाकल चार माह से खराब पड़ा हुआ है।जिसे देखने हार कोई नहीं है ।यह आंगनबाड़ी केंद्र बेसिक विद्यालय के निकट है। गर्मी मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में पेयजल संकट की हालत बन गई है। लोगों को हलक सुखना शुरू हो गया है। इस केंद्र में छह वर्ष के नौनिहालों को पढ़ाया जाता है। चापाकल खराब रहने से बच्चों को जहां पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है,वहीं सहायिका मीना देवी को पोषाहार बनाने में दिक्कतें हो रही है।इसके अलावा स्थानीय लोगों के अलावा राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है।ऐसा विभागीय अधिकारियों के अनदेखी के कारण हालत बनी हुई है।इधर,सेविका सुचिता कुमारी कहती है कि इस आंगनबाड़ी केंद्र में चार माह से खराब पड़े पहाड़ी चापाकल मरम्मत करने की मांग पीएचईडी विभाग के कार्यपालक अभियंता से आगामी 16 मार्च को की थी है।इसके पूर्व भी ध्यान दिलाया गया था, तब उन्होंने विभाग के पीएनटी नंबर पर सम्पर्क करने के लिए कहा गया था,उस नम्बर पर सम्पर्क करने के बाद कहा गया कि आपके केंद्र में खराब पड़े चापाकल की मरम्मती के लिए 19 नम्बर में है। ऐसे में 15 दिन बीत गया,लेकिन चापाकल चालू नहीं हुआ। कहती है कि सबसे बड़ी आश्चर्य की बात यह है कि सोमवार को इस मामले को लेकर जब ठीकेदार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि चापाकल मरम्मत कर चालू कर दिया गया,जबकि यह चापाकल को मरम्मत करने के लिए विभाग का कोई कर्मी नहीं आया है, तो चालू कैसे हो गया।उन्होंने कहा कि विभाग के कर्मी कागज पर चापाकल चालू कर राशि का बंदरबांट कर लेने की उम्मीद है। जबकि स्थलीय निरीक्षण के बाद सच्चाई सामने आने की बात कही जा रही है।इस चापाकल खराब रहने से ग्रामीणों के साथ राहगीरों को पेयजल के लिए भटकना पड़ता है। इस सम्बंध में पीएचईडी जेई प्रिंस कुमार ने कहा खराब पड़े चापाकल की मरम्मती जल्द चालू कर दिया जाएगा,ताकि पेयजल संकट दूर हो सके।

## मैट्रिक परीक्षा में वारिसलीगंज प्रखंड टॉपर बन बढ़ाया मान




**वारिसलीगंज।** नगर परिषद क्षेत्र के माफी गावं निवासी प्रभात कुमार के एकलौते पुत्र प्रिन्स कुमार ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षा में 462 अंक प्राप्त कर प्रखंड में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके सफलता पर इसके माता रेखा देवी एवं पिता प्रभात कुमार ने खुशी जताते हुए कहा की प्रिंस ने प्रखंड में पहला स्थान प्राप्त कर परिवार का मान बढ़ाया है। उन्होंने बताया की प्रिन्स श्री गणेश बी के साहू इंटर विद्यालय का छात्र था. यह बचपन से ही मेधावी रहा है। उन्होंने कहा की प्रिन्स की तमन्ना शिक्षा के क्षेत्र में कुछ अच्छा करने की है मैं उसके सपनो को पूरा करने में जी जान लगा दूंगा।प्रिन्स के पिता प्रभात कुमार गावं में छोटी सी दुकान चलाते है। माता कुशल गृहनी है। इसके सफलता पर खुश होकर अरूंजय मेहता,सुंदर प्रसाद, पूर्व प्रमुख नरेश पासवान, कमलेश कुशवाहा, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि दीपू कुशवाहा सहित दर्जनों लोगों ने बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

## प्रत्याशियों के चुनावी खर्च पर नजर रखेंगे प्रेक्षक

**नवादा।** आशुतोष कुमार वर्मा जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, नवादा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए निदेश के आलोक में लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया को स्वच्छ, स्वतंत्र एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा व्यय प्रेक्षक, सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गयी है। श्री विजय कुमार मंगला व्यय प्रेक्षक (आईआरएस-2012), जिनका मोबाईल नम्बर-8235137748 है तथा सम्पर्क पदाधिकारी श्री जय प्रकाश शर्मा, वरीय सहकारिता प्रसार पदाधिकारी (मु0), जिनका मोबाईल नम्बर 9234297789 है। व्यय प्रेक्षक को सुझाव/शिकायत प्रस्तुत करने के लिए जिला अतिथि गृह में सम्पर्क किया जा सकता है। श्री सीएन श्रीधारा (आईएएस-2012), सामान्य प्रेक्षक जिनका मोबाईल नम्बर -8409903867 है तथा सम्पर्क पदाधिकारी श्री विवेक कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा का मोबाईल नम्बर-9631278626 है। सामान्य प्रेक्षक को सुझाव/शिकायत प्रस्तुत करने के लिए जिला अतिथि गृह में सम्पर्क किया जा सकता है। श्री फकीरप्पा कंगेली (आईपीएस-2011), पुलिस प्रेक्षक जिनका मोबाईल नम्बर-8409903868 है तथा सम्पर्क पदाधिकारी श्री विनीत कुमार सिंहा, सहायक परियोजना पदाधिकारी नवादा का मोबाईल नम्बर-9955530488 है। पुलिस प्रेक्षक को सुझाव/शिकायत प्रस्तुत करने के लिए जिला अतिथि गृह में सम्पर्क किया जा सकता है।

## दो पक्षों के आपसी विवाद में प्राथमिकी दर्ज,कुल चार लोगों को पुलिस ने भेजा जेल

**रजौली।** थाना क्षेत्र के धुरगांव में दो पक्षों के आपसी विवाद में जमकर मारपीट को लेकर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने दोनों पक्षों से मिले आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज किया।साथ ही त्वरित कार्रवाई करते हुए एक पक्ष से तीन लोगों को एवं दूसरे पक्ष से एक व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।बीते दिन रविवार को घर की महिला पर कुछ लोगों द्वारा कमेंट्स करने पर दो पक्षों के लोग आपस मे तू-तू व मैं-मैं करने लगे।इस दौरान दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी।इस दौरान एक पक्ष के तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए,जिसे अनुमण्डलीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद नवादा सदर अस्पताल भेज दिया गया था।वहीं दूसरे पक्ष से एक महिला भी घायल हुए थी,जिसका इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया।थानाध्यक्ष ने कहा कि घायल अंकित कुमार के द्वारा दिये आवेदन के आलोक में सात लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है।जिसमें तीन नामजद अभियुक्त धुरगांव निवासी मुमताज खान के पुत्र गुफरान खान,सजिया खान के पुत्र शोहेब अख्तर एवं मोजिम खान के पुत्र मुजफ्फर हुसैन को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।वहीं दूसरी ओर रजिया खातून के ब्यान के आलोक में भी प्राथमिकी दर्ज कर नामजद आरोपी अंकित कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।साथ ही कहा कि पुलिस मामले को लेकर अनुसंधान में जुटी हुई है।

## मध निषेध अधिनियम उल्लंघन मामले के एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बछवाड़ा ( बेगूसराय )।** थाना क्षेत्र के फतेहा पंचायत के फतेहा गांव में छापेमारी कर बछवाड़ा थाना पुलिस ने मध निषेध अधिनियम उल्लंघन मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है । मामले को लेकर थानाध्यक्ष बछवाड़ा अमित कुमार कांत ने बताया कि फतेहा गांव निवासी छठठू सहनी के पुत्र महेंद्र सहनी को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार व्यक्ति बछवाड़ा थाना का नामजद प्राथमिकी अभियुक्त है । उक्त व्यक्ति के विरुद्ध बछवाड़ा थाना में बिहार शराबबंदी व मध निषेध अधिनियम उल्लंघन का मामला दर्ज है । उन्होंने बताया कि न्यायालय से फरार रहने के कारण उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार व्यक्ति को पूछताछ के उपरांत न्यायिक हिरासत बेगूसराय भेज दिया गया है ।

# स्वीप के तहत चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

### कर्तव्यों से कोई न रूठे, किसी का वोट कभी न छूटे

निज संवाददाता। **नवादा**



स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत जिले में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. लोक सभा आम निर्वाचन-2024 को लेकर सम्पूर्ण जिला में मतदान की तैयारियां पूरे जोर-शोर से चल रही है। मतदान दिनांक 19 अप्रैल 2024 को है, जिसको लेकर जिला प्रशासन दृढ़ संकल्पित है। श्री आशुतोष कुमार वर्मा जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी के आदेश के आलोक में 25 कोषांगों का गठन किया गया है। सभी कोषांग निर्धारित स्थलों पर सुव्यवस्थित ढ़ंग से कार्य कर रहे हैं। जिला प्रशासन के द्वारा जिलेवासियों से अपील की गई है कि दिनांक 19 अप्रैल 2024 को अपने-अपने घरों से निकलकर मतदान अवश्य करें। स्वीप कार्यक्रम के तहत आज सभी योग्य लोगों को मतदान करने और एक सहभागी लोकतंत्र का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया गया। जिले के मतदाताओं को संगठित करके मतदान प्रक्रिया की सरल समझ के साथ उनकी मदद किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के आदेशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम पूरे जिले में विभिन्न माध्यमों के द्वारा चलाया जा रहा है। आज स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत नुक्कड़ नाटक एवं मॉक पोलिंग, डोर-टू-डोर, पेंटिंग प्रतियोगिता, मेहंदी आदि के माध्यम से सभी पंचायतों, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया। बिहार राज्य भारत स्काउट गाइड जिला इकाई नवादा के द्वारा आज स्विप कार्यक्रम के तहत प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय नवादा में स्काउट और गाइड के छात्रों के द्वारा पेंटिंग प्रतियोगता और अनेक प्रकार के स्लोगन, हमसब ने ठाना है, नवादा का गौरव बढ़ाना है, अपना वोट अपना अधिकार कराया गया। जिसमे प्रथम स्थान-मुन्नी कुमारी, दुतीय स्थान-प्रियासी कुमारी, तीसरा स्थान-प्रिंश राज को मिला। इस कार्यक्रम का संचालन जिला प्रशासन के आदेशानुसार प्रत्येक दिन चलेगा। जिला सचिव राम इकबाल शर्मा के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एमडीएम मजहर हुसैन उपस्थित होकर बच्चो को हौशला अफजाई किए। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक प्रियंका कुमारी भी बच्चो को कार्यकर्म को आगे बढ़ाने को कहा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी नवादा के निर्देशानुसार आज टीवी 2 हाई स्कूल गोविंदपुर में जिला आइकॉन राहुल वर्मा के द्वारा आज युवाओं के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें देश के पहले मतदाताओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जिला आइकॉन राहुल वर्मा ने 19 अप्रैल 2024 को घर से बाहर निकलकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया और अपने परिवार पड़ोस को भी जागरूक कर इस लोकतंत्र के त्यौहार में भाग लेने के लिए अपील की और इस अभियान के तहत जिस प्रकार प्रवासी लोग हर वर्ष पर्व में घर आते हैं उसी प्रकार लोकतंत्र के त्यौहार में भी घर आकर वोट देने के लिए प्रेरित करें, युवाओं को प्रेरित करने के लिए फिल्म और गीतों का प्रदर्शन भी किया गया। जिला आइकॉन राहुल वर्मा ने युवा मतदाताओं को शपथ दिलाया कि हम आने वाले लोकतंत्र के महा त्यौहार में अपनी भागीदारी निभाते हुए मेरा पहला वोट देश के लिए देंगे और साथ ही आज से सोशल मीडिया के माध्यम से छात्रों से अपील की गयी की वह रोज फेसबुक इंस्टा पर चुनाव से संबंधित पोस्ट शेयर करते रहें ताकि लोग मतदान के प्रति पहले से जागरूक रहें। चुनाव आयोग द्वारा दी गई जानकारी भी छात्रों को दी गई।

# गेंहूं की फसल में लगी आग



निज संवाददाता। **नारदीगंज**

गर्मी का मौसम शुरू होते ही अग्निदेव ने प्रचंड रुप धारण कर लिए हैं।सोमवार की दोपहर में शॉर्ट सर्किट से गिरी चिंगारी से किसान की खेत में खड़ी गेंहू की फसल में आगलगी की घटना घटी।घटना ओड़ो पंचायत की गोंदरापर गांव के बधार में हुई।अचानक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस घटना में गांव के आधा दर्जन से अधिक किसानों का गेंहू का फसल आग की चपेट में आ गया। घटना में लगभग दस बीघा गेहूं की खड़ी फसल स्वाहा होने की बात सामने आ रही है। हालांकि फायर ब्रिगेड पहुंचने के पहले किसानों ने आग पर काबू पा लिया था। लोगों का कहना है कि गोंदरापर निवासी बच्चू यादव का पुत्र देवेंद्र कुमार के खेत के बगल से बिजली का तार निकली हुई है। उस बिजली की लाइन में हुए शॉर्ट सर्किट से चिंगारी गिरने से खेत में आग लग गई। इस घटना की जानकारी जब तक आसपास के ग्रामीणों को मिली,और कुछ समझ पाते तब तक आग ने विकराल रूप धारण करके खेत को अपने चपेट में ले लिया। हालांकि ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने की हर संभव कोशिश की,बावजूद फायर ब्रिगेड को सूचना दी।उसके बाद ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाने का भरसक प्रयास किया। लेकिन तब तक किसान उपेंद्र यादव, बिट्टू यादव, नरेश यादव, बिरजू यादव, रामस्वरूप यादव, अलख देव यादव, राजेंद्र यादव ,गोरेलाल यादव, कारू यादव समेत अन्य किसानों की खड़ी गेंहूं की फसल जलकर खाक हो गई। फसल जल जाने को लेकर किसान सदमे में आ गया है और अब उनलोग के समक्ष एक साल अपने परिवार का भरण पोषण करने की चिंता सता रही है। इधर,पीड़ित किसानों ने सीओ व बीएओ को आवेदन देकर आपदा प्रबंधन कोष से मुआवजा की मांग की है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर कौआकोल में सीमावर्ती जिला के अधिकारियों ने किया बैठक

निज संवाददाता। **कौआकोल**




प्रथम चरण के तहत नवादा एवं जमुई जिला में 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह एक्टिव हो गई है। चुनाव को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर सोमवार को जिले के कौआकोल प्रखण्ड कार्यालय के सभागार कक्ष में कौआकोल प्रखण्ड की सीमा से सटे बिहार के जमुई एवं झारखंड के गिरिडीह जिला के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में चुनाव को शांतिपूर्ण व सुचारु तरीके से आयोजित करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। पकरीबरावां के एसडीपीओ महेश चौधरी एवं झारखंड के गिरिडीह जिला के खोरी महुआ के एसडीपीओ नीरज कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बिहार के नवादा जिला के कौआकोल एवं रूपौ थाना,सीमावर्ती जमुई जिला के गरही एवं चन्द्रदीप थाना एवं झारखंड के तीसरी ब्लॉक के थानसिंहडीह एवं लोकाय नयनपुर तथा गांवा थाना के पुलिस अधिकारी समेत कौआकोल बीडीओ एवं सीओ तथा थानसिंहडीह के एसएसबी के सहायक कमांडेंट एवं सोखोदेवरा एसएसबी कैम्प के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर आवश्यक सूचनाओं के अदान-प्रदान,आपसी तालमेल व अपराधियों के धर-पकड़ में सहयोग करने पर बल दिया गया। वहीं शराब एवं हथियार की तस्करी पर रोक लगाने,आपराधिक गतिविधि पर पैनी नजर रखने,गश्ती बढाने आदि विषयों पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर सीमावर्ती इलाकों में चौकसी बढ़ाई जाएगी एवं सीमा पर बनाये गए चेक पोस्ट पर कड़ी तलाशी अभियान चलाई जाएगी। वहीं मतदान के दिन मतदाताओं को किसी प्रकार कोई दिक्कत न हो,इसका भी विशेष ख्याल रखने की बात कही गई। मौके पर कौआकोल बीडीओ सुनील कुमार चाँद,कौआकोल सीओ मनीष कुमार,कौआकोल थानाध्यक्ष दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

# झिकरुआ के पास बस गड्ढे में पलटी, कोई हताहत नहीं

निज संवाददाता। **नरहट(नवादा)**



हिसुआ खनवां पथ पर झिकरुआ सूर्य नारायण मंदिर के समीप सोमबार सुबह साढ़े 9 बजे के करीब हिसुआ शेखपुरा से कोलकाता जाने वाली सलोनो बस लौटने के क्रम में अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गेंहू खेत में पलट गई। गनीमत रही की कोई यात्री बस में सवार नही था। बस में अगर यात्री सवार रहता तो बड़ा हादसा हो सकता था। मिली जानकारी के अनुसार शेखपुरा बाजार के समीप से एक बस कोलकाता के लिए खुलती है। शेखपुरा से यात्री को लेकर कोलकाता आना जाना होता है। सोमबार को सुबह जब बस कोलकाता से लौटी तो यात्री को छोड़ने हिसुआ चली गई और हिसुआ से शेखपुरा लौटने के क्रम में झिकरुआ के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस बिल्कुल स्लो मोशन में आ रही थी। अचानक बस सड़क किनारे लुढ़क कर गेंहू के खेत में पलट गई। दुर्घटना के बाद ग्रामीण जुटे और बस का शीशा तोड़कर ड्राइवर को बाहर निकाला। ड्राईवर बुरी तरह घायल हो गया था। ड्राइवर को सिर से खून बह रहा था। आनन फानन में ग्रामीणों ने ई रिक्शा पर ड्राईवर को बिठा कर हिसुआ अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया।ग्रामीणों ने बताया कि बस में सिर्फ ड्राइवर था जो गाड़ी चला रहा था। ग्रामीण बता रहे हैं कि शायद ड्राईवर को झपकी आ गया होगा इसलिए बस गढ्ढे में पलट गई। घटना के जानकारी के बाद थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर उमाशंकर सिंह दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुच कर जायजा लिया। घायल ड्राइवर को भी खतरे से बाहर बताया जा रहा है। ईश्वर की कृपा कोई बड़ा हादसा नही हुआ। जिस तरह बिजली के पोल से टकराते बस गड्ढे में पलटी मारी, बस में यात्री सवार होता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### मैट्रिक में खुशी ने 444 अंक प्राप्त कर बढ़ाया मान,गरीबी के बावजूद बिटिया को डॉक्टर बनने भेजेंगे पटना

# पिछड़े क्षेत्र से भी बेटियां पढ़ाई में बढ़, कर रही मिशाल कायम,शिक्षकों एवं परिजनों में खुशी

निज संवाददाता। **रजौली**




बिहार बोर्ड के मैट्रिक का रिजल्ट निकलते ही जिला टॉपर से लेकर अन्य उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के परिजनों में खुशियों का माहौल है।वहीं प्रखण्ड के अतिपिछड़ा क्षेत्र कहे जाने वाले फुलवरिया के भौर गांव से आधारभूत सुविधाओं के अभाव के बावजूद स्थानीय शिक्षकों की मदद से खुशी कुमारी ने मैट्रिक की परीक्षा में 500 अंकों में 444 अंक प्राप्त कर आसपास के पिछड़े इलाकों के लिए मिशाल कायम की है।खुशी कुमारी की सफलता से उसके पिता योगेंद्र राजवंशी एवं माता सुनीता देवी में काफी खुशी का माहौल है।वहीं फुलवरिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार एवं उपेन्द्र कुमार समेत आसपास के लोग काफी खुश हैं।वहीं छात्रा खुशी कुमारी ने बताई कि उनके पिता खेतों में काम करते हैं एवं मां गृहणी है।वह बचपन से ही सबसे अलग करने की चाहत रखकर पढ़ाई कर रही थी।साथ ही अपने पहले विद्यालय फुलवरिया उत्क्रमित विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों से हर 10-15 दिन पर पढ़ाई से सम्बंधित मदद के लिए आया करती थी।विद्यालय के शिक्षकगण छात्रा को प्रोत्साहित करते रहते थे,जिसका परिणाम मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट बता रहा है।प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार ने कहा कि वे वर्ष 2018 से विद्यालय का संचालन कर रहे हैं।साथ ही कहा कि पिछड़े इलाके के बावजूद यहां के बच्चों में बहुत कुछ करने की झलक देखने को मिलती है।वहीं सभी शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ छात्रों के उज्जवल भविष्य को लेकर लगातार प्रोत्साहित करने का निर्देश देते रहते हैं।उन्होंने कहा कि एक पिछड़े क्षेत्र एवं गरीब परिवार की बच्ची जब आसमान की बुलंदियों को छूने का प्रयास करती है,तो आसपास के लोग काफी प्रभावित होते हैं।साथ ही कहा कि खुशी कुमारी के मैट्रिक का परिणाम आसपास के छात्र-छात्राओं के लिए मिशाल बना है।प्रधानाध्यापक ने कहा कि खुशी कुमारी के मैट्रिक रिजल्ट की जानकारी मिलते ही उसे विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मिठाई खिलाकर सम्मानित किया है।साथ ही छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# गौरव क्लासेज के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

निज संवाददाता। **कौआकोल**



प्रखण्ड के सुदूरवर्ती इलाकों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने इस वर्ष घोषित मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर सफलता हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। वहीं प्रखण्ड के पंचायत के कलौध गांव में संचालित गौरव क्लासेज के शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने रविवार को घोषित मैट्रिक परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण कर सफलता हासिल की। गौरव क्लासेज के संचालक गौरव कुमार उर्फ गौरव सर ने बताया कि उनके मार्गदर्शन में कोचिंग के छात्र पप्पू कुमार ने 397 एवं सिंटू कुमार 372 अंक प्राप्त किये।गौरव क्लासेज के मार्गदर्शक व शिक्षक जयप्रकाश मेहता उर्फ जेपी सर ने बताया कि कोचिंग परिसर में समारोह आयोजित कर सफल विद्यार्थियों की सम्मानित किया गया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# चुनाव प्रचार की अनुमति लेने के लिए कई स्थानों पर नहीं लगाना पड़ेगा चक्कर

### प्रत्याशियों की सुविधा के लिए बनाई गई एकल खिड़की पद्धति

निज संवाददाता। **नवादा**

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में प्रत्याशियों की सुविधा के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के नियमानुसार सिंगल विंडो सिस्टम तैयार किया गया है। अभ्यर्थियों को चुनाव प्रचार के दौरान किसी प्रकार की अनुमति लेने के लिए कई स्थानों का अब चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। प्रत्याशी और उनके नामित सदस्यों के द्वारा विभिन्न कार्यो के लिए अब अलग-अलग प्रपत्र में आवेदन करने होंगे। इसके उपरांत विभाग की ओर से अधिकतम 36 घण्टों में आवेदन पत्र पर आदेश दे दिया जायगा। जनसभा करने, हेलिकॉप्टर या हेलीपैड, जुलूस या रैली करने, सभा स्थल, बैनर व पोस्टर लगाने, वाहन आदि की अनुमति के लिए प्रत्याशियों को सीधे सिंगल विंडो सिस्टम के तहत आवेदन करने है। इसके बाद उन्हें अधिकतम 36 घण्टों में स्थान उपलब्ध रहने पर जगह मिल सकेगा। निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 26 प्रकार के आवेदन पत्रों के प्रारूप निर्वाचन आयोग की ओर से उपलब्ध कराए गए हैं, जो काउंटर पर प्रत्याशियों को मुफ्त में मिल जायेंगे। अनुमति लेने के लिए प्रत्याशियों को इन प्रपत्रों पर करना होगा आवेदनः- आवेदन प्रपत्र – किस काम के लिए दिया जाएगा आवेदन ,जो निम्न है : – 1प्रपत्र ए – सभा की अनुमति के लिए आवेदन पत्र 2 सभा स्थल के लिए सीओ का अनापत्ति प्रमाण पत्र, 3 स्कूल प्रधान का अनापत्ति प्रमाण पत्र 4 थानाध्यक्ष का अनापत्ति प्रमाण पत्र, 5 कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र, 6 अग्निशमन प्रभारी पदाधिकारी का अनापत्ति प्रमाणपत्र, 7 कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल का अनापत्ति प्रमाणपत्र, 8 निजी भूमि मालिक का अनापत्ति प्रमाणपत्र, 9 ध्वनि विस्तार यन्त्र की अनुमति पत्र, 10 सभा करने का आदेश 11 रैली या जुलूस हेतु आवेदन पत्र, 12 थानाध्यक्ष कीमत अनापत्ति प्रमाणपत्र , 13 रैली व जुलूस निकालने की अनुमति, 14 हेलिकॉप्टर उतारने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र, 15 हेलिकॉप्टर एवं हेलीपैड के लिए सीओ का अनापत्ति प्रमाणपत्र, 16 हेलिकॉप्टर और हेलीपैड के लिए स्कूल प्रधान का अनापत्ति प्रमाणपत्र, 17 हेलिकॉप्टर व हेलीपैड के लिए थानाध्यक्ष का अनापत्ति प्रमाणपत्र, 18 हेलिकॉप्टर या हेलीपैड के लिए विद्युत आपूर्ति पदाधिकारी का अनापत्ति प्रमाणपत्र, 19 हेलिकॉप्टर व हेलीपैड के लिए अग्निशमन प्रभारी अधिकारी का अनापत्ति प्रमाणपत्र, 20 हेलिकॉप्टर और हेलीपैड के लिए निजी भूमि मालिक का अनापत्ति प्रमाणपत्र पत्र, 21 हेलिकॉप्टर उतारने का आदेश 22 चुनाव कार्यालय खोलने के लिए आदेश, 23 चुनाव प्रचार के लिए अनुमति हेतु आवेदन, 24 चुनाव प्रचार के लिए वाहन हेतु अनुमति आवेदन, 25 वाहन परिचालन की अनुमति पत्र और पार्टी कार्यालय खोलने के लिए अनुमति पत्र। सिंगल विंडो सिस्टम से प्रत्याशी व उनके एजेंट को आसानी होगी।

साथ ही सभा या अन्य कार्य के लिए एक ही काउंटर से अनुमति मिल सकेगी।

## खाना बनाने के समय लगी आग से पांच फूस का घर जलकर राख हो गया

निज संवाददाता। **बरौनी / बेगूसराय**

दिनकर ग्राम सिमरिया स्टेशन के पीछे एक ही परिवार के पांच फूस का घर समेत लाखों रुपये की संपत्ति, घर में रखा कपड़ा, नगद रुपया और कागज सहित जलकर राख हो गया। आपको बताते चलें कि यह आग खाना बनाने के क्रम में लगी।

आग लगने के बाद घर में रखा सिलेंडर ब्लास्ट हो गया, जिससे आग और तेजी से फैल गई। सूचना पाते ही मौके पर दमकल की गाड़ी तथा आसपास के लोग पहुंचकर आग को किसी तरह काबू किया है।

पोते को लेकर उत्तर प्रदेश के चंदौली के चारी गांव झाड़ फूंक कराने गए थे दादा

# पोता को बाइक पर बैठा कर लौट रहे दादा की सड़क दुर्घटना में हुई मौत



- लोगों में एनएचएआई के खिलाफ आक्रोश
- आक्रोशित लोगों समझाने में जुटी पुलिस
- कार पार करने के दौरान टेलर गाड़ी ने मारी टक्कर

निज संवाददाता

**दुर्गावती (कैमूर)।** कैमूर के दुर्गावती थाना क्षेत्र में पिपरी नहर के पास उत्तर प्रदेश से झाड़-फूंक करा कर अपने पोता को बाइक पर बैठा कर लौट रहे दादा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जबकि पोता सुरक्षित है। घटना दुर्गावती पिपरी नहर पर हुई है। बताया गया कि दादा अपने पोता को लेकर यूपी के चारी गांव में गए थे। वह दुर्गावती थाना क्षेत्र के कुडारी गांव के रहने वाले थे। उत्तर प्रदेश से बिहार आते वक्त रॉन्ग साइड से जा रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जब परिजनों को जानकारी मिली तो परिजन आनन-फानन में भभुआ सदर अस्पताल ले गए, लेकिन अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने जांच कर मौत होने की जानकारी दी। बेटे श्रीकांत यादव ने बताया कि वह हमारे पिताजी थे। हम लोग दुर्गावती के कूड़ारी गांव के रहने वाले हैं। मेरे बेटे को सुबह ही लेकर उत्तर प्रदेश के चंदौली के चारी गांव झाड़ फूंक कराने गए थे। वहां से घर वापस लौट रहे थे तभी पिपरी नहर के पास रॉन्ग साइड से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जहां यह घायल हो गए। हम लोगों को सूचना मिली तो भभुआ सदर अस्पताल लाए, जहां चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया और पोस्टमार्टम कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। दुर्गावती थाना अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने बताया कि एक ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मारा है जिससे बाइक सवार की मौत हो चुकी है आगे कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क हादसे में कोल डीपो व्यवसायी की मौत, आक्रोशित लोगों ने किया रोड जाम

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के डेहरी नगर थाना क्षेत्र के कोल डीपो में जीटी रोड फोर लेन पर सोमवार को सड़क दुर्घटना में व्यवसायी की मौत हो गई। मृतक की पहचान भेड़िया गांव के निवासी कोल डीपो व्यवसायी सुरेश यादव (55) के रूप में हुई हैं। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि सुरेश कोल डीपो के पास स्थित नहर के पास सड़क पार कर रहे थे। तभी औरंगरबाद के तरफ से आ रहे बड़े टेलर गाड़ी की चपेट में आ कर उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वही दुर्घटना के बाद टेलर का चालक आगे जाकर गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जमा हो गए और शव को सड़क पर रखकर जी टी रोड जाम कर दिया। वहीं हादसे में मौत की सूचना के बाद मृतक के परिजन और ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए है।

लोग टायर जला कर प्रदर्शन कर रहे है। हादसे के बाद व्यवसायियों में एनएचएआई के खिलाफ आक्रोश है। बताया कि नहर के पास मोड़ खतरनाक है, जिसके कारण वहां एनएचएआई के द्वारा एक कर्मी की नियुक्ति की गई है। परंतु कुछ दिनों से वहां कोई एनएचएआई का कर्मी तैनात नहीं है, जिसके कारण यह दुर्घटना घटी है। बताया जा रहा है की मृतक के दो बच्चे है। सड़क जाम की सूचना पर डेहरी थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंच गए है, और लोगों को समझा रहे है।

बाइक सवार को बचाने के दौरान हुआ हादसा

# तेज रफ्तार ऑटो पुल से टकराई छह घायल, दो पीएमसीएच रेफर

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** जहानाबाद के शकुराबाद सड़क मार्ग के अमैंन गांव के पास सोमवार की दोपहर में बाइक सवार को बचाने के चक्कर में एक ऑटो पुल के रेलिंग से टकरा गई। इस घटना में दो बच्चे सहित कुल आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दो लोगों की स्थिति गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया। घटना को लेकर बताया जा रहा है, की ऑटो पर सवार सभी लोग जहानाबाद से शकुराबाद जा रहे थे। तभी अमैंन गांव के पास पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार को बचाने के क्रम यह हादसा हो गया। आसपास के लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार से वाहन चलाने के कारण या घटना घटी है। वहीं हादसे की सूचना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### आग लगने से सरसों की फसल जलकर राख

**कोचस (रोहतास) (नि.सं.)।** कोचस थाना क्षेत्र के खैरा गांव में खलिहान में अचानक आग लग जाने से सरसो के बोझे जलकर राख हो गए। किसानों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। नहीं तो आसपास के खलिहानों में भारी क्षति हो सकती थी। पीड़ित किसान सरोज कुमार यादव ने बताया कि दोपहर तेज धूप में ग्रामीण घरों में सो रहे थे कि खलिहान में अचानक आग लग गई।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा संख्या – 23/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक 02.03.2024 जिसे PR 321371 Rural Work Department (23-24).D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था, को अपरिहार्य कारणवश निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है –

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 10.04.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 24.04.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 26.04.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

PR 323487 Rural Work Department (24-25)_D

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गढ़वा


## लोकसभा चुनाव को लेकर थाना में परिसर में बैठक

निज संवाददाता



**कुर्था (अरवल)।** लोकसभा चुनाव में शरारती तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए चौकीदारों को सख्त हिदायतों के साथ निर्देश दिया गया है। उन्हें आदर्श आचार संहिता पालन करना भी आवश्यक बताया गया है। आदर्श थाना कुर्था व मानिकपुर थाना में परिसर में चौकीदारों की बैठक में थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार और पीयूष जयशवाल ने यह निर्देश दिया है। दोनों थाना परिसर में थानाध्यक्षों ने कहा सभी चौकीदार मतदान के पूर्व अपने-अपने सर्किल में बाधा उत्पन्न करने वाले शरारती तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें। लोकतंत्र के महापर्व में जिम्मेदारी निभाने वाले चौकीदारों को इस बारे में अवगत करा दिया गया है। जिससे वह पूरी तरह अपनी तैयारी रख सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि इस बार के चुनाव में चौकीदारों की भूमिका भी अहम रहेगी। सभी चौकीदार अपने बूथ पर मतदान करने के बाद पुलिस के साथ रहेंगे। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की हर गतिविधि पर नजर बनी रहे। चौकीदारों की भागीदारी महत्वपूर्ण होगी। किसी भी आपात स्थिति में वह भौगोलिक स्तर पर मददगार साबित होंगे। इससे पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी। साथ ही शराब बिक्री, शराबी तथा अवैध हथियारों के बारे में भी सारी जानकारी इकट्ठा कर पुलिस को देते रहेंगे। वही थाना क्षेत्र के शराब माफ़िया आदतन शराबी और असमाजिक तत्वों की सूची बनाकर देने का निर्देश चौकीदारों को दी गई है। कहा जिसके क्षेत्र में शराब बनने और बेचे जाने की खबर मिलेगी उस चौकीदार के विरुद्ध करवाई की जाएगी।

## नखतौल गोलीकांड में संलिप्त मुख्य आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

निज संवाददाता



**भभुआ (कैमूर)।** भभुआ नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नखतौल गांव में हुए गोली कांड में संलिप्त मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ, भभुआ शिवशंकर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि इस कांड में पुलिस ने आरोपी चिंटू बिंद, पिता डोमा बिंद ग्राम नखतौल थाना-भभुआ को गिरफ्तार करते हुए एक देशी कट्टा, 8 एम एम का 3 कारतुस, 3.8 एम एम का एक खोखा बरामद किया है। एसडीपीओ, भभुआ ने बताया है कि 29 मार्च को भभुआ थाना अंतर्गत ग्राम नखतौल निवासी रामबचन बिंद को पुरानी रंजिश को लेकर उनके ही गोतिया चिंटू बिंद एवं उनके सहयोगियों के द्वारा गोली मार कर जख्मी कर दिया था। भभुआ थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जख्मी को इलाज के लिए अस्पताल भेजी। जख्मी रामबचन बिंद की पत्नी बुधिया देवी के आवेदन के आधार पर भभुआ थाना द्वारा चिंटू बिंद के परिजन एवं उनके सहयोगियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए अनुसंधान प्रारंभ किया गया।


## कार्यालय जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, पलामू।
(जिला शस्त्र शाखा)

दूरभाष सं०–06562–224033 (का)/224044 (आ) Email Id: dc-pal@nic.in

**प्रेस विज्ञप्ति**

लोकसभा आम चुनाव, 2024 में तिथि की घोषणा के मद्देनजर स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त चुनाव सम्पन्न कराने के लिए पलामू जिलान्तर्गत शेष अनुज्ञप्तिधारियों के द्वारा शस्त्र जमा करने हेतु प्राप्त आवेदनों के आलोक में संबंधित थाना में शस्त्र जमा करने की तिथि 07.04.2024 तक विस्तारित की जाती है।

ह0/–
उपायुक्त, पलामू
सह–आर्म्स लाईसेंसिंग अथ्योरिटी, पलामू।

PR.NO.323472 Palamu(24-25):D


## आनंद विहार/नई दिल्ली के लिए चलायी जा रही होली स्पेशल ट्रेनों के फेरों में वृद्धि

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** होली के उपरांत यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर देश के विभिन्न शहरों के लिए कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिनमें से नई दिल्ली/आनंद विहार के लिए चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों के फेरे में वृद्धि की गयी है जिनका विवरण निम्नानुसार हैः- 1. गाड़ी सं. 03239 राजगीर-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल अब दिनांक 04.04.2024 को भी राजगीर से 11.00 बजे खुलकर 13.25 पटना रूकते हुए अगले दिन 05.30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। 2. गाड़ी सं. 05575 सहरसा-आनंद विहार एक्सप्रेस स्पेशल अब दिनांक 05.04.2024 को भी सरहसा से 09.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 06.30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। 3. गाड़ी सं. 05561 समस्तीपुर-आनंद विहार एक्सप्रेस स्पेशल अब दिनांक 05.04.2024 को भी समस्तीपुर से 19.45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 17.30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। 4. गाड़ी सं. 04095 पटना-नई दिल्ली स्पेशल अब दिनांक 02.04.2024 को भी पटना जं. से 15.00 बजे खुलकर अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। 5. गाड़ी सं. 04073 गया-आनंद विहार स्पेशल (अनारक्शित) अब दिनांक 02.04.2024 को भी गया से 14.15 बजे खुलकर अगले दिन 05.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। इसके साथ ही दिनांक 04.04.2024 को गया से गाड़ी सं. 03639 गया-आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल 14.15 बजे खुलकर अगले दिन 05.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी तथा वापसी में गाड़ी सं. 03640 आनंद विहार-गया सुपरफास्ट स्पेशल दिनांक 05.04.2024 को आनंद विहार से 07.00 बजे खुलकर उसी दिन 20.45 बजे गया पहुंचेगी।

## सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर नामांकित स्वस्थ बच्चों की मां बनेगी कुपोषित बच्चों की सहेली

निज संवाददाता



**नोखा (रोहतास)।** 6 साल पूर्व शुरू हुए कुपोषण खत्म करने के लिए अभियान में सुधार करने के लिए अब सरकार द्वारा नई रणनीति बनाई गई है। कुपोषण दूर करने के लिए सरकार द्वारा मालन्यूटेशन मैनेजमेंट प्रोटोकॉल बनाया गया है। इसके जरिए कुपोषण से शिकार बच्चों को पोषित करने के साथ गर्भ में पलने वाले बच्चों को भी पोषित करने का कार्य योजना बनाई गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने संयुक्त रूप से या प्रोटोकॉल जारी किया है। इसके तहत गर्भधारण से लेकर जन्म के 15 साल बाद तक के कार्य योजना तैयार की गई है। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर नामांकित स्वस्थ बच्चे की मां कुपोषित बच्चों की मां की सहेली बनेगी। अपने स्वस्थ बच्चों की तरह कुपोषित बच्चों का वह ध्यान रखेंगी। तीन चरणों में बच्चों को दिया जाएगा पोषण कुपोषण को मिटाने के लिए तीन चरणों पर बच्चों का पोषण की निगरानी की जाएगी। पहले चरण में पोषण ट्रैक्टर उत्तर प्रबंधन एप्लीकेशन से बच्चों को शारीरिक माप की निगरानी की जाएगी। अति गंभीर कुपोषित बच्चों को ऊंचाई लंबाई व दुबलापन से परिभाषित किया जाएगा। इसके लिए अभियान भी चलाया जाएगा। भूख परीक्षण से कुपोषण की जांच बच्चों को की जाएगी। आंगनबाड़ी केदो पर गर्म पका हुआ भोजन खिलाकर इसकी जांच किया जाएगा। बीमारी की कराई जाएगी पहचान इस प्रशिक्षण में असफल होने वाले बच्चों को एनआरसी में भेजा जाएगा। जबकि तीसरे चरण में भूख प्रशिक्षण में तीन से पांच दिनों के अंदर पास करने वाले बच्चों को उनके शरीर में छिपे हुए संक्रमण या अन्य बीमारी की पहचान के लिए अस्पताल में जांच कराई जाएगी।

### शराब बनाने की सामग्री की गयी नष्ट

**कोचस (रोहतास) (नि. सं.)।** पुलिस ने महादलित टोलों पर शराब के विरुद्ध कार्रवाई की। प्रखंड क्षेत्र के निमिया, कोहकर, सतता, बलथरी गांव में सघन शराब चेकिंग अभियान किया। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त सभी टोल पर अवैध तरीके से शराब का निर्माण कर लोग पीने के साथ-साथ उसे बिक्री करने में लगे हुए हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि घरों के आसपास वह झाड़ी नुमा जगह पर मिट्टी खोदकर गाड़े गए दर्जनों से अधिक गैलन को निकाल कर उसमें रखे केमिकल को नष्ट किया गया है। जिन-जिन लोगों की झोपड़ी के आसपास शराब बनाने की सामग्री पाई गई है। उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है।


बिहार सरकार

## समाहरणालय औरंगाबाद।
(मीडिया कोषांग)
लोक सभा आम निर्वाचन 2024

**आम सूचना**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गये निदेश के आलोक में लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया को स्वच्छ, स्वतंत्र एवं पारदर्शी रुप से सम्पन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है, जिससे संबंधित सूचना निम्नवत है।

| क्र. सं. | प्रेक्षक का नाम | प्रेक्षक | मोबाईल नं० एवं –मेल आई .डी. | लोक सभा क्षेत्र का नाम | मिलने का स्थान एवं समय | सम्पर्क पदाधिकारी का नाम/पदनाम/मोबाईल नं० |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री हरिशंकर पाणिकर, भा०प्र०से० | सामान्य प्रेक्षक | Mob-7061958961 email Id- harishankerp88@gmail.com | 37–औरंगाबाद | जिला अतिथि गृह, औरंगाबाद का आगंतुक कक्ष/सभाकक्ष (5:00 अप० से 7:00 अप० तक) | श्री संतोष कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, औरंगाबाद मो०–8092481072 |
| 2 | श्री धर्मेन्द्र सिंह भा०पु०से० | पुलिस प्रेक्षक | Mob-8987211452 | 37–औरंगाबाद | जिला अतिथि गृह, गया (नया भवन) | श्री निर्भय कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, दाउदनगर मो०–7070420331 |
| 3 | श्री नीलांजन डे, भा०रा०से० | व्यय प्रेक्षक | Mob-8235590294 email Id- nilanjan.dey@incometax.gov.in | 37–औरंगाबाद | जिला अतिथि गृह, औरंगाबाद का आगंतुक कक्ष/सभाकक्ष | श्री योगेन्द्र कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, मदनपुर मो०–8271854563 |

मतदान की तिथि :–19.04.2024

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद।

PR- 00003 ( Election ) 2024-25 लोकसभा आम निर्वाचन 2024 – कोई मतदाता न छूटे।



## Office of the Executive Engineer
Drinking Water and Sanitation Division, Latehar

**E-Procurement very short Tender Notice**

Tender Reference No. DWSD/LTR/COM-TOILET-02/2024-25 Date – 01-04-2024

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | बेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 02.04.2024 अपराहन 04:30 बजे तक। |
| 02 | निविदा प्राप्ति (आॅन लाईन बिडिंग) की अंतिम तिथि एवं समय | :– | 08.04.2024 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 03 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0– गर्वेनस झारखण्ड मंत्रालय के ज्ञापांक– 120 दि0– 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की तिथि | :– | 08.04.2024 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 04 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि | :– | 10.04.2024 अपरान 02:00 बजे तक। |
| 05 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | :– | कार्य0 अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 06 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | ई0 दीपक कुमार महतो कार्य0 अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 9199154542 – 6201242103 |

**Detail of work;-**

| Sl No | No of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | रा०2 उ०वि० नेतरहाट में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 10 अदद् | 14,87,382.00 | 30000 | 2500 | 21 days |
| 02 | म०वि० बराही में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 10 अदद् | 14,87,382.00 | 30000 | 2500 | 21 days |
| 03 | प्रा०वि० हरमुण्डाटोली में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 10 अदद् | 14,87,382.00 | 30000 | 2500 | 21 days |
| 04 | उ०उ०वि० रोल (महुआमिलान) में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 10 अदद् | 14,87,382.00 | 30000 | 2500 | 21 days |
| 05 | उ०वि० गोनिया में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 10 अदद् | 14,87,382.00 | 30000 | 2500 | 21 days |
| 06 | अपग्रेडेड हाई स्कूल फुलसु में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 10 अदद् | 14,87,382.00 | 30000 | 2500 | 21 days |
| 07 | उ०म०वि० हेहेगड़ा में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 10 अदद | 14,87,382.00 | 30000 | 2500 | 21 days |
| 08 | म०वि० कोटाम में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 10 अदद | 14,87,382.00 | 30000 | 2500 | 21 days |
| 09 | सी०आर०पी०एफ० कैम्प, मारोमार में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 10 अदद | 14,87,382.00 | 30000 | 2500 | 21 days |
| 10 | सी०आर०पी०एफ० कैम्प, कुमंडी सह म०वि० कुमंडी में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 10 अदद | 14,87,382.00 | 30000 | 2500 | 21 days |
| 11 | बालिका आवासीय उ०वि० महुआडांड़ में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 15 अदद | 24,00,752.00 | 49000 | 5000 | 21 days |
| 12 | राजकीय पोलेटेकनिक, लातेहार में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 10 अदद | 14,87,382.00 | 30000 | 2500 | 21 days |
| 13 | रेलवे स्टेशन, रिचुघुट्टा में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 10 अदद | 14,87,382.00 | 30000 | 2500 | 21 days |
| 14 | पंचायत मंडप सह आदिम जनजाति विद्यालय कुटमू बरवाडीह में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 10 अदद | 14,87,382.00 | 30000 | 2500 | 21 days |
| 15 | उ०वि० मनिका में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 10 अदद | 14,87,382.00 | 30000 | 2500 | 21 days |
| 16 | म०वि० नावागढ़ में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 10 अदद | 14,87,382.00 | 30000 | 2500 | 21 days |
| 17 | म०वि० चटकपुर में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 10 अदद | 14,87,382.00 | 30000 | 2500 | 21 days |
| 18 | म०वि० ओरसा में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 10 अदद | 14,87,382.00 | 30000 | 2500 | 21 days |
| 19 | उ०म०वि० कुरोकला में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 10 अदद | 14,87,382.00 | 30000 | 2500 | 21 days |
| 20 | म०वि० चन्दवा में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण–10 अदद | 14,87,382.00 | 30000 | 2500 | 21 days |

नोट– यह निविदा आसन्न लोक सभा चुनाव 2024 के सफल संचालन हेतु निर्माण कार्य के लिए प्रकाशन किया जा रहा है।

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on Notice Board of D. W & S Div Latehar Office.
3. Only Registerd Contractor in this Department in Participate in said Tender.

PR 323494 Water Resource (24-25)_D

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रैक्टर के इंजन के नीचे दबने से चालक की मौत

**टिकारी।** टिकारी थानाक्षेत्र के नोनी जलालपुर ग्राम में ट्रैक्टर के पलटने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई। चालक की मौत ट्रैक्टर के इंजन के नीचे आने से हो गई। मृतक की पहचान टिकारी थानाक्षेत्र के बेलदार टोला मुहल्ला निवासी 55 वर्षीय सुरेश पासवान के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार सुरेश ट्रैक्टर लेकर लकड़ी लाने टिकारी से जलालपुर गये थे। लकड़ी काट कर लाने के क्रम में जलालपुर मध्य विद्यालय के समीप ट्रैक्टर से नियंत्रण खो दिए। नियंत्रण खो देने के कारण इंजन पलट गया व सुरेश इंजन के नीचे दब गये जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन घटनास्थल पहुंचे व शव लेकर घर चले आये।

### पुलिस पर हमला कर ट्रैक्टर छुड़ाने वाले दो धराए

**गया।** रामपुर थाने की पुलिस ने पुलिस पर हमला कर बालू लदे ट्रैक्टर छुड़ाकर ले भागने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी चंदौती थाना क्षेत्र के कंडी नवादा का संजय यादव व छोटू यादव उर्फ छोटू कुमार है। थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि साल 2021 में पांच जुलाई की सुबह कोतवाली थाने की पुलिस ने बालू लदा दो ट्रैक्टर पकड़ा था। उस समय दोनों ट्रैक्टर के चालक व उप चालक को गिरफ्तार किया गया था। कोतवाली थाना में ट्रैक्टर लगाने की जगह नहीं रहने के कारण उसे चंदौती थाना ले जाया जा रहा था। दोनों ट्रैक्टर लेकर पुलिस जब आशा सिंह मोड़ पहुंची, तो कंडी नवादा का रहने वाला वाहन मालिक रोहित यादव, शोभित यादव अपने 20-25 साथियों के साथ पुलिस बलों पर जानलेवा हमला कर दोनों गाड़ी छुड़ा ले गया था।

### फतेहपुर में 400 लीटर महुआ शराब, एक ऑटो व बाइक जब्त, तस्कर फरार

**फतेहपुर।** पुलिस ने रविवार को झारखंड इलाके से ऑटो और बाइक से तस्करी कर लाये जा रहे 400 लीटर महुआ शराब जब्त की है। हालांकि शराब तस्कर मौके से भाग निकला। इस कारण उसकी गिरफ्तारी संभव नहीं हो सकी है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर शराब की तस्करी के खिलाफ लगातार छापेमारी व वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान झारखंड इलाके से फतेहपुर के रास्ते शराब तस्करी कर लाये जाने की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के ढुब्बा गांव के पास से घेराबंदी कर दी। इसी समय पुलिस को देख शराब तस्कर शराब लदी ऑटो और बाइक को छोड़ फरार हो गया।ऑटो और बाइक पर लदे बोरों की जांच करने पर उसमें से 400 लीटर महुआ निर्मित शराब बरामद हुई।

### गया के डॉ. अमित अमेरिका में हृदय रोग के विशेष उच्चस्तरीय प्रशिक्षण के लिए चयनित



**गया।** गया के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित कुमार हृदय रोग से संबंधित विशेष उच्चस्तरीय प्रशिक्षण के लिए अमेरिका जा रहे हैं। डॉ. कुमार वर्तमान में शहर के मंगलागौरी मुहल्ले में ईवा अस्पताल एवं हार्ट क्लिनिक के साथ-साथ अर्श सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग से जुड़े हैं। डॉ. कुमार मूलतः गया के वजीरगंज प्रखंड के महुआईन गांव के निवासी है। डॉ. कुमार का चयन अमेरिका के यूएस असेंबली द्वारा आयोजित परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के बाद हुआ है। वे एक अप्रैल से अमेरिका में आयोजित विशेष प्रशिक्षण के लिए यूएस रवाना हुए।

### शत-प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को दिलाई गई शपथ



**गम्हरिया।** समावेशी स्वीप कार्यक्रम के तहत जीविका एवं समेकित बाल विकास परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में जीविका नवदुर्गा संकुल स्तरीय संघ प्रांगण में चुनाव पाठशाला, मानवश्रृंखला, जन-जन मतदाता जागरूकता रैली एवं मतदाता शपथ दिलाई गई। लोभी टीआर के बूथ संख्या 38, 39, 40 एवं 41 के मतदाताओं को आगामी लोकसभा में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। डीपीएम जीविका के द्वारा सभी जीविका दीदी को अपना मताधिकार का उपयोग करने और नजदीकी बूथ में शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किए। जीविका दीदी के परिवार में किसी भी वैसे जिसका उम्र 18 से ज्यादा हो गया है, उसे निश्चित रूप से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने और मतदान की तिथि 7 मई को अपना लोकतांत्रिक मताधिकार का प्रयोग करने का शपथ दिलाई। बीडीओ लवली कुमारी के द्वारा वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के प्रावधान पर चर्चा की और सभी को आनेवाले चुनाव के दिन त्योहार के तरह मानने के लिए प्रेरित किया। बीपीएम मृत्युंजय कुमार ज्ञानी के द्वारा गम्हरिया में शत-प्रतिशत मतदान हेतु गहन जन जागरूकता अभियान चलाने का बात कही।

### झपट्टामार शातिर गिरफ्तार, एक महीना पहले जेल से छूटकर आया था



**नालंदा।** नालंदा की नालंदा थाना पुलिस ने एक झपट्टामार को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़ा गया अभियुक्त नूरसराय थाना क्षेत्र के खेवन विगहा गांव निवासी श्रीप्रसाद का (21) वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार है। नालंदा थाना अध्यक्ष निशि कुमार ने बताया कि 29 मार्च को नालंदा खंडहर घूमने आई पश्चिम बंगाल की एक महिला पर्यटक ज्योति दास का मोबाइल अज्ञात बाइक सवार बदमाश के द्वारा झपट लिया गया था। इस मामले में उक्त महिला के द्वारा कांड दर्ज कराया गया था। कांड दर्ज करते हुए पुलिस अनुसंधान में जुट गई थी और लगातार झपट्टा मार की तलाश में छापेमारी कर रही थी। खंडहर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा, तकनीकी एवं मानवीय अनुसंधान के क्रम में नूरसराय के खेवन विगहा के रहने वाले कुंदन कुमार को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से महिला पर्यटक का मोबाइल भी बरामद कर लिया गया। छापेमारी के क्रम में कुंदन कुमार के पास से एक बाइक भी जब्त की गई। जांच के क्रम में पता चला कि उक्त बाइक भी चोरी की है। एक सप्ताह पूर्व उसने नूरसराय थाना क्षेत्र से ही उक्त बाइक की चोरी की थी। इस मामले में भी नूरसराय थाना में कांड दर्ज है। कुंदन कुमार 6 मार्च को ही जेल से छूटकर बाहर आया था। स्नैचिंग मामले में नूरसराय थाना की पुलिस ने उसे जेल भेजा था। थाना अध्यक्ष ने बताया कि कुंदन नशे के लिए स्नैचिंग का काम करता है। कई थानों में इसके विरुद्ध स्नैचिंग और झपट्टमारी के मामले केस दर्ज है। कुंदन को उसके घर से ही गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी में नालंदा थाना अध्यक्ष समेत सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही।

# नालंदा में छात्र ने की खुदकुशी, मैट्रिक में फर्स्ट आया था

## अपने मार्क्स से नहीं था खुश, पंखे से लटका मिला शव

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में मैट्रिक में फर्स्ट डिवीजन आने के बाद भी एक छात्र ने खुदकुशी कर ली। वह मार्क्स से संतुष्ट नहीं था। मामला सिलाव थाना क्षेत्र के सुरुमपुर गांव का है। रविवार को दोपहर डेढ़ बजे हाईस्कूल का रिजल्ट आया था। सुरुमपुर गांव निवासी नागेंद्र सिंह के बेटे साहिल कुमार (15) फर्स्ट डिवीजन से पास हुआ था। परिजन ने बताया कि मैट्रिक परीक्षा में कम अंक आने के कारण साहिल कुमार परेशान था। रविवार की रात खाना खाने के बाद साहिल अपने कमरे में सोने चला गया। सोमवार सुबह जब देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिजन को अनहोनी की आशंका हुई। परिवार ने कमरे का दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। आवाज दी, लेकिन कमरे के अंदर से कोई हलचल नहीं हुई। खिड़की से झांक कर जब देखा तो किशोर पंखे के सहारे फंदे से लटका हुआ था। परिवार ने दरवाजा तोड़कर किशोर को फंदे से नीचे उतारा। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी।

**तीन भाइयों में बड़ा था साहिल:** साहिल कुमार तीन भाई में सबसे बड़ा था। उसने फर्स्ट डिवीजन से मैट्रिक की परीक्षा पास की थी। घटना के बाद परिवार वालों में कोहराम मच गया है। छात्र की मौत पर गांव का माहौल भी गमगीन है। इस मामले में सिलाव थानाध्यक्ष इरफान खान ने बताया कि मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। परिजन का कहना है कि मैट्रिक परीक्षा में कम अंक आने के कारण किशोर ने फांसी लगा खुदकुशी कर ली है। यूडी केस दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## पूर्व के विवाद में गोलीबारी, पिता-बेटे के खिलाफ केस दर्ज

निज संवाददाता। नालंदा



**शौच गए युवक को लगी थी गोली, आरोपी फरार, पहले भी की थी मारपीट**

नालंदा के नूरसराय थाना क्षेत्र के किशनपुर गांव में 27 मार्च को शौच गए एक युवक को बदमाशों ने गोली मार दी थी। जख्मी गणेश प्रसाद का बेटा सूरज कुमार था। गोली युवक के पैर में लगी थी। गणेश प्रसाद के फर्द बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसमें उसने बताया है कि उनका बेटा सूरज कुमार शौच के लिए खेत की तरफ गया था। तभी दिलीप कुमार और उसके पिता महेश प्रसाद ने उसे घेर लिया। पूर्व के विवाद को लेकर गाली गलौज और मारपीट करने लगा। बात जब ज्यादा बढ़ गई तो दिलीप कुमार ने पिस्तौल निकाल कर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। गनीमत रही की गोली उनके बेटे के दाहिने पैर में लगी। गोली की आवाज सुन वे लोग दौड़ कर घटनास्थल की तरफ गए। इसके बाद दोनों आरोपी फरार हो गया। गणेश प्रसाद ने बताया कि वह और महेश प्रसाद दोनों सहोदर भाई है। पूर्व में भी महेश प्रसाद और उनके बेटे दिलीप कुमार द्वारा उन लोगों के साथ मारपीट की घटना की गई थी। वहीं जख्मी हालत में सूरज कुमार को इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल लाया गया था। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। वहीं, इस मामले में नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी में जुट गई है। पूरा परिवार घर छोड़ फरार है। पूर्व के विवाद को लेकर घटना को अंजाम दिया गया है।

## सन्दिग्ध स्थिति में बुजुर्ग महिला की मौत, जहरीले जीव के काटने की आशंका

निज संवाददाता। नालंदा



**13 दिन बाद नतनी की है शादी**

नालंदा में सोमवार की सुबह संदेहास्पद स्थिति में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मामला नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत जमनापुर गांव का है। मृतका की पहचान जमनापुर गांव निवासी स्वर्गीय झाउरी पासवान के (75) वर्षीया पत्नी झामिया देवी के रूप में की गई है। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि सुबह सोकर झामिया देवी उठी और अचानक उनकी तबीयत खराब होने लगी। उन्होंने बताया कि उन्हें किसी जहरीले जीव ने काट लिया है। आसपास देखने पर किसी भी प्रकार के जहरीले जीव पर नजर नहीं पड़ी। इसके बाद घर में रखी कुछ जड़ी बूटियां उन्हें खिलाई गई और इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर के द्वारा मौत की पुष्टि के उपरांत परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों के चित्कार से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया। 13 तारीख को झामिया देवी की नतनी की शादी होने वाली है। शादी वाले घर में हुई इस घटना के बाद मातम पसरा हुआ है। वहीं, इस मामले में नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है पता लगाया जा रहा है। महिला की मौत कैसे हुई है जानकारी मिलने के उपरांत ही स्पष्ट रूप से बताया जा सकता है।

## घर के सामने बंद मकान से मिली बच्चे की लाश, गया में कल दोपहर से था लापता

### परिजन बोले- हत्या कर शव को लटकाया गया

निज संवाददाता। गया



गया में 12 साल के बच्चे का शव उसके ही घर के सामने वाले घर से मिला है। शव घर के आंगन में फंदे से लटका हुआ था। जिस मकान से शव मिला है, वो लंबे समय से बंद पड़ा था। मामला खिजरसराय प्रखंड के उचोली गांव का है। जहां राजीव कुमार का बेटा चन्द्रलोक रविवार की दोपहर से ही लापता था। चन्द्रलोक कुमार सातवीं क्लास में पढ़ता था। गांव और घर के लोगों का कहना है कि हत्या कर शव को लटकाया गया है। छात्र की हत्या से इलाके में सनसनी है। वहीं उसके लापता होने पर आसपास खोजबीन भी की गई थी। लोगों का कहना है कि जिस घर से लाश मिली है, वहां भी रविवार रात लोगों ने खोजबीन की थी, तब कुछ भी नहीं था। सोमवार सुबह वहां शव मिला।

**रविवार रात लोगों ने की थी खोजबीन:** घटना की सूचना पर खिजरसराय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची है। उसने घटना स्थल का मौका मुआयना किया। डॉग स्क्वायड की टीम भी अपनी पड़ताल में जुटी है। गांव के लोग मौके पर एसडीपीओ को बुलाने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने पूरी रात गांव में चंद्रलोक की खोजबीन की थी लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। अगले दिन सुबह घर के सामने स्थित एक बंद घर से शव मिला।

**परिजनों को हत्या कहीं और कर शव को लटकाने का शक:** परिजनों ने चन्द्रलोक की हत्या की बात कही है। उनकी आशंका है कि बच्चे की बाहर में कहीं हत्या कर उसके शव को घर के पास लाकर टांग दिया गया है। मौके पर पुलिस टीम पहुंची है, लेकिन ग्रामीण एफएसएल टीम बुलाने पर अड़े हैं। थानाध्यक्ष कमलेश राम ने बताया कि डॉग स्क्वायड की टीम खोजबीन कर रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जाएगा। पीड़ित पक्ष की ओर से आवेदन की मांग की गई है। आवेदन के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### डाक कर्मी मतदान के प्रति लोगों को करेंगे जागरूक

## लेटर पर लगाना होगा 'चुनाव का पर्व देश का गर्व' का मोहर, नालंदा के डाक कर्मियों को मिला निर्देश

निज संवाददाता। नालंदा




नालंदा डाक मंडल में भारत निर्वाचन आयोग के स्वाइप पार्टनर भारतीय डाक विभाग की टीम द्वारा सोमवार को मतदान जागरूकता को लेकर जिले के सभी डाकिए को निर्देश दिया गया। सभी पत्रों में चुनाव का पर्व देश का गर्व का स्टांप कैंसिलेशन मोहर लगाकर पत्रों को वितरित करना सुनिश्चित करवाया जा रहा है। जिससे आम जनता मतदान के प्रति जागरूक हो एवं अधिक से अधिक मतदान हो सके। इसके लिए जिले के सभी डाकियों को सख्त दिशा निर्देश जारी किया गया है। डाक अधीक्षक नालंदा कुंदन कुमार ने बताया कि डाकघर में मतदान जागरूकता को लेकर बैनर, पोस्टर, डिजिटल प्रचार के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है। ताकि जिले के अधिक से अधिक लोग चुनाव के पर्व में अपने मतदान का उपयोग करें और भारत के लोकतंत्र को सशक्त एवं मजबूत बनाएं। चुनाव प्रचार प्रसार को लेकर प्रधान डाकघर बिहार शरीफ के सभी डाकिए द्वारा काफी उत्साह पूर्वक कार्य किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता को लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। डाक कर्मी लोगों को प्रेरित करेंगे कि मतदान में अवश्य भाग लें। कई तरह से मतदाता को प्रेरित करने का काम किया जा रहा है। इसके अलावा डाक कर्मियों के द्वारा मतदाता पहचान पत्र का वितरण भी जोर-शोर से किया जा रहा है। इस मौके पर पोस्टमास्टर बिहार शरीफ राजीव रंजन कुमार, मिथलेश कुमार, अमिताभ कुमार सिन्हा, पंकज कुमार, शैलेंद्र कुमार, कुमार अभिषेक सहित सभी डाक कर्मी मौजूद थे।

## सोशल मीडिया पोस्ट पर पुलिस की साइबर पैट्रोलिंग

निज संवाददाता। गया

गया। लोकसभा चुनाव और माहे रमजान को देखते हुए जिला पुलिस की साइबर पैट्रोलिंग 24 घंटे काम कर रही है। साइबर पैट्रोलिंग की नजर हर एक मीडिया प्लेट फॉर्म बनी हुई है। इस काम में एक नहीं बल्कि आधा दर्जन से अधिक पुलिस कर्मी दिन रात काम कर रहे हैं। साइबर पैट्रोलिंग का मकसद साफ है कि यदि कोई राजनीतिक या धार्मिक उन्माद को प्रश्रय देता है तो उसके गिरेबान को पकड़ कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। बीते दिनों इस टीम ने गया शहर के ही एक व्यक्ति के खिलाफ केस भी दर्ज कराया है। खास बात यह भी कि इस टीम के पास पूरी तरह से अधिकार है कि वह अपने एसएसपी को सूचना देने के तुरंत बाद उन्माद फैलाने वाले के खिलाफ एक्शन ले सकता है। यही नहीं हर दिन की डिटेल भी पुलिस अफसरों के नजरों से गुजरता है। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि कुछ लोग सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के लिए जान बूझकर उन्माद से जुड़ा पोस्ट किसी न किसी मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करते हैं जो कि कानून गलत है। पुलिस द्वारा बार बार ऐसा न करने का रिक्वेस्ट अक्सर किया जाता रहा है। बावजूद इसके कुछ शरारती तत्व भड़काऊ चीजें पोस्ट कर देते हैं। ऐसे लोगों के ऊपर ही नकेल कसने के लिए साइबर पैट्रोलिंग की टीम 24 घंटे तैनात की गई है। साइबर टीम के मेंबर सर्च इंजन में जाकर गया टाइप करते हैं और फिर धार्मिक या राजनीतिक शब्द लिखते हैं। इसके बाद दूसरे स्टेप में वे कुछ खास कोर आम भड़काऊ शब्दों को सर्च इंजन में टाइप करते हैं। यह चीजें टाइप करते ही मीडिया प्लेट फॉर्म पर पोस्ट की गईं चीजें सामने आ जाती हैं।

## बांकेबाजार के किसान के बेटे ने जिले में हासिल किया दूसरा स्थान

निज संवाददाता। बांकेबाजार



मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट रविवार को जारी कर दिया गया। इस प्रखंड के ढोंगिला नावाडीह गांव निवासी सुरेंद्र यादव के पुत्र सर्वेश कुमार ने 475 अंक लाकर जिला में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। सर्वेश एक भाई और एक बहन है। बांकेबाजार जगन्नाथ उच्च विद्यालय जूरी के छात्र सर्वेश ने बताया कि तिलैया स्थित मन्नू यादव पब्लिक स्कूल के द्वारा संचालित एक कोचिंग सेंटर में उसने तैयारी की। कहा कि उसकी सफलता में सभी शिक्षकों का योगदान है। आगे वह आईआईटी की तैयारी करेगा। इधर वजीरगंज प्रखंड के गोल्डन राज ने मैट्रिक की परीक्षा में जिला में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। गोल्डन ने कहा कि स्टेट रैंकिंग में जगह नहीं मिलने वह काफी दुखी है लेकिन बारहवीं की परीक्षा में और भी अधिक मेहनत करके अच्छा अंक लाएगा। गोल्डन राज की मां इन्दु देवी गृहणी और पिता राजकुमार प्रसाद किसान सह शिक्षक हैं। जो अपने गांव में ही एक कोचिंग सेंटर में ग्रामीण युवाओं के भविष्य को संवारने के कार्य में लगे हैं। गोल्डन बताते हैं कि उसकी इस सफलता के पीछे शिक्षक सदन सर सहित सभी शिक्षक, उसके पिता और भाई गुंजन गगन का मार्गदर्शन सहायक रहा है। गोल्डन राज दो भाई और एक बहन में सबसे छोटा है। इसका बड़ा भाई गुंजन व बहन सोनम सनम ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे हैं। जिले में पहला स्थान प्राप्त करने वाले आयुष की सफलता पर दांगी क्षत्रिय संघ के जिलाध्यक्ष शशिभूषण कुमार दांगी, सेवानिवृत्त प्राचार्य राजकुमार प्रसाद सिंह, बसपा के जिला प्रभारी राघवेंद्र नारायण यादव व मुखिया संघ के अध्यक्ष चितरंजन कुमार ने बधाई व शुभकामनाएं दी है। वहीं दुब्बा गढ़ के समीप संचालित ड्रीम क्लासेस की छात्रा अनुकृति ने 83.2% अंक हासिल की है। निदेशक चितरंजन कुमार शर्मा ने बताया कि अनुकृति चेंई गांव के किसान श्रीकांत पासवान की पुत्री है। शहर के गोदावरी कुम्हार टोली राजेंद्र उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय के पवन कुमार ने बिहार बोर्ड द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में 440 अंक प्राप्त किया है। पवन कुमार गोदावरी कुम्हार टोली के रहने वाले राजेश प्रजापति के पुत्र है। पवन के पिता राजेश प्रजापति का किरानी घाट के पास इलेक्ट्रिक दुकान है और मां पूनम देवी गृहिणी हैं। पवन ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने मां-पिता व मामा और स्कूल के टीचर को दिया है। प्रखंड के डोभी बाजार स्थित क्वेटी एजुकेशन के सृष्टि कुमारी ने रविवार को जारी हुए मैट्रिक परीक्षा 2024 के परिणाम में 462 अंक लाकर प्रखंड का नाम रोशन किया है। सृष्टि बचपन से ही मेधावी छात्रा रही है। सृष्टि की सफलता ने अपने माता-पिता के साथ शिक्षकों का भी सम्मान बढ़ाया है एवं क्षेत्र वासियों के लिए भी गौरव का विषय है।सृष्टि बड़ी होकर आईएएस ऑफिसर बनकर समाज सेवा करना चाहती है सृष्टि के अलावा डोभी के गौतम कुमार 460 अंक,विनय कुमार 453, अजीत कुमार 428, चंदन कुमार 417, कुंदन एवं प्रियांशु 413, प्रांजय कुमार 411 एवं मोनिका राज 403 नंबर लाकर इस क्षेत्र का नाम रोशन किए हैं।विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता सहित शिक्षकों को दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कंटेनर से 33 मवेशी बरामद,16 की हो चुकी थी मौत

**बक्सर**। पुलिस ने रविवार को एक ट्रक पर लदे 33 बछड़े को बरामद कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें 16 बछड़े की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने बरामद मवेशियों को आदर्श गोशाला बक्सर पहुंचा दिया है। कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष नीतीश कुमार और नया भोजपुर ओपी प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। ट्रक लखनऊ से आ रही थी और उसका पीछा करते हुए ट्रक को पकड़ा गया। चालक सह तस्कर ने अपना नाम ग्यासुदिन बताया और वह लखनऊ के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव का रहने वाला है। चालक ने बताया कि मवेशियों को नया भोजपुर गांव के बाजार और रानीसागर में पहुंचाना था। मामला दर्ज कर मृत मवेशियों का मेडिकल जांच कराया जा रहा है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### बाल विवाह न करें स्लोगन के साथ चलाया अभियान

**बक्सर**। पहले पढ़ाई, फिर विदाई। बच्चों के सपनों को सजाए, उनका बाल विवाह न कराए आदि स्लोगन के साथ अभियान चलाया गया। इस दौरान हम सब का है संदेश, बाल विवाह मुक्त हो अपना जिला और देश। ज्ञान का दीप जलाना है, बक्सर जिला को बाल विवाह मुक्त बनाना है, आदि स्लोगनों से कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन, नई दिल्ली एवं दिशा एक प्रयास, बक्सर के द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के सदस्य सीएसडब्ल्यू संजय कुमार सिंह द्वारा मां डुमरेजनी मंदिर, मिश्रबलिया गांव सहित तुलसीपुर, रजडीहा, करूअज, अटॉव आदि गांव में दीवार लेखन कर स्लोगन के माध्यम से लोगों को बाल विवाह नहीं करने का संदेश दे रहे हैं ताकि हर बच्चा को उसका जीने का अधिकार हो और शिक्षा ग्रहण कर अपने मंजिल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि दीवार लेखन कार्यक्रम एक सप्ताह से चलाया जा रहा है। जिसके माध्यम से प्रत्येक धार्मिक, सामुदायिक और अन्य जगहों पर लिखकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है आगे और भी माध्यम से बाल विवाह, बाल श्रम, शिक्षा से वंचित बालक जैसे कार्यक्रमों को प्रस्तुत कर जागरूक किया जाएगा। सहायक के रूप में अंकुश कुमार ने अपनी भूमिका निभाई। इस मौके पर चंदन कुमार, रोशन कुमार, शत्रुघ्न कुमार सहित अन्य लोगों ने भी इसमें सहयोग प्रदान कर रहे हैं।




### भोजपुर में करंट की चपेट में आई महिला मौत

**आरा( भोजपुर)**। भोजपुर के संदेश थाना क्षेत्र के डिहरी गांव में सोमवार की दोपहर करंट की चपेट में आने से कपड़ा धो रही एक महिला की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर परिवार वालों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। मृत महिला संदेश थाना क्षेत्र के डिहरी गांव निवासी जितेंद्र यादव की पत्नी कमलावती देवी(32) है। इधर, मृत महिला के पति जितेंद्र यादव ने बताया कि घर के बच्चे पढ़ने गए थे। मैं अपने काम से बाहर गया था। घर की महिलाएं अपना-अपना काम कर रही थी। इसी बीच मेरी पत्नी कमलावती देवी आंगन में कपड़ा धो रही थी। तभी हैंडपंप में लगा अर्थिंग की चपेट में महिला आ गई और बुरी तरह झुलस गई। घटना के तुरंत बाद ही मेरी मां ने पत्नी को आंगन में छटपटाता हुआ देखा तो चीखने चिल्लाने लगी। हल्ला सुनकर घर के लोग जब अर्थिंग से उसे हटा रहे थे, तभी दो-तीन लोग उसी अर्थिंग के चपेट में आ गए। काफी मशक्कत के बाद तार को तोड़ा गया और आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया जा रहा था। तभी उसकी रास्ते में मौत हो गई। इसके बाद परिजन उसके शव को वापस गांव लेकर चले गए हैं। मृत महिला की तीन बेटी अंजन कुमारी, खुशबू कुमारी और सुगंधा कुमारी है। इस घटना के बाद घर में चीत्कार मच गया।



### कॉलेज को जमीन दान देने वाले महेंद्र नारायण सिंह की मनाई गई पुण्यतिथि



**आरा**। सदर प्रखंड के डायट पिरौटा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में स्व महेंद्र नारायण सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। मुख्य अतिथि रघुपति यादव ने कहा कि बाबू महेंद्र नारायण सिंह ने लगभग 60 बीघा जमीन यानी 40 एकड़ डायट पिरौटा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में दान दिया है। लेकिन दुर्भाग्य है इस देश, राज्य और जिले का जो व्यक्ति अपनी पूरी जिंदगी की कमाई अपने गांव जिला जवार के विकास के लिए सुपुर्द कर दिया हो, लेकिन कहीं उनका नाम जिक्र नहीं है। मैं सरकार और जिला प्रशासन से मांग करता हूं कि इस गांव पंचायत के लिए डायट में एडमिशन के लिए अलग से कोटा रखा जाए। जिससे पढ़े-लिखे नौजवानों को इसका लाभ मिल सके। महेंद्र नारायण की पोती मधु सिंह ने बताया कि आज महेंद्र नारायण जी की पुण्यतिथि है, लेकिन डायट के कोई भी सदस्य, स्टाफ या प्रिंसिपल पुण्यतिथि में शामिल नहीं हुआ। मैं सरकार और जिला प्रशासन से मांग करती हूं कि डाइट पिरौटा में हो रहे सरकारी खर्च का जांच किया जाय।

### कैंसर से हार गए रंगकर्मी अनिल शीतल

**आरा**। जिले में कैंसर से मरने वाले की सुचना लगातार मिल रही है। इनमें कई रंग कर्म से भी जुड़े है। कई रंगकर्मी अभी भी कैंसर से जूझ रहे है। इन्ही रंगकर्मी में से एक रंगकर्मी 63 वर्षीय अनिल शीतल भी शनिवार की रात कैंसर से हार मान ली और वे हमेशा के लिए रंगकर्म को यादों में छोड़ गए। अनिल ने 1980 के दशक से ही रंगकर्म व नाटक के क्षेत्र में लगातार पहचान बनाई है। नाट्य संस्था द्वारा प्रस्तुत प्रत्येक नाटक में इनका प्रमुख अभिनय रहता था। इनकी चर्चित और प्रमुख नाटकों में दिल्ली ऊंचा सुनती है, अंधों का हाथी, बगिया बंछा राम, महाभोज, दो कलाकर आदि है। शीतल अनिल रंगकर्मी के अलावे एक्साइज विभाग से रिटायर्ड, शिवगंज के अस्थायी निवासी थे। वे अपने पीछे दो बच्चे एक बेटा और एक बेटी और पत्नी समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए। यह सूचना शहर में फैलते हीं बुद्धिजीवी, रंगकर्मी, साहित्यकार, सामजिक कार्यकर्ता समेत गणमान्य लोग उनके निवास पर पहुंचे और अपने प्रिय रंगकर्मी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने वालों में अशोक मानव, वार्ड पार्षद मो समीम आरवी, सतेंद्र स्नेही, करन कुमार, अधिवक्ता गोरख नाथ मिश्रा, अजय श्री, प्रो नीरज सिंह, अनिल प्रतीक्षा, चन्द्र भूषण पांडे, साहेब लाल यादव, लड्डू भोपाली, सुनील कुमार शिवास्तव, अनूप श्रीवास्तव, मो सरफराज समेत कई है। दो रंगकर्मी अभी भी कैंसर से लड़ रहे है जंग शहर के चर्चित रंगकर्मी मनोज श्रीवास्तव एक वर्ष से एवं रंगकर्मी आलोक कुमार टूटू दो वर्षों से कैंसर बीमारी से पीड़ित है। इन दोनों का ऑपरेशन किया जा चुका है। फिलवक्त ये ठीक है। ऑल इंडिया थियेटर कौंसिल, एआइटीसी, 23 राज्यों के रंगकर्मियों का संगठन के राष्ट्रीय संयोजक अशोक मानव में बताया कि एआईसीटी, रंगकर्मियों की थोड़ी बहुत मदद करने के लिए तत्पर है, लेकिन इसके अलावे और कोई रंगकर्मियों की सुध लेने वाला नहीं है। हम सरकार से मांग करते है कि इस तरह के रंगकर्मियों के लिए सरकार एक फंड बनाए, जिससे सीधे रंगकर्मियों की मदद की जा सके।



# आरा में फाइनेंस कर्मी को मारी 9 गोलियां, मौत

एजेंसी। आरा



भोजपुर में एक युवक को बदमाशों ने गोलियों से भून दिया। उसे करीब से 9 गोलियां मारी गई हैं। जिनमें से 6 सिर में, एक गोली प्राइवेट पार्ट्स के पास और दो गोली बाएं साइड गर्दन में मारी गई है। जिसके कारण उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वारदात मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव में रविवार को हुई। जहां बाइक से आए तीन नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों ने फाइनेंस कर्मी पर हमला किया। मृतक की पहचान भेल डुमरा गांव निवासी शंकर सिंह के बेटे मुकेश कुमार (23) सिंह के रूप में हुई है। वह आरा शहर के कतीरा स्थित फाइनेंस कंपनी में डीसीए (कलेक्शन बॉय) के तौर पर करीब एक साल से काम कर रहा था। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिन्हा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए है। पुलिस ने घटनास्थल से नौ खोखा और एक मोबाइल भी बरामद किया है। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि सारंगपुर गांव के थोड़ा पहले स्वास्तिक ईट भट्ठा के पास एक व्यक्ति को गोली मारने की सूचना स्थानीय पुलिस को प्राप्त होती है। सूचना प्राप्त होते ही थाना गश्ती, थानाध्यक्ष और अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे। जहां पता चलता है कि भेल डुमरा के रहने वाले मुकेश कुमार सिंह पिता शंकर सिंह को अज्ञात बाइक सवार अपराधियों के द्वारा सिर में गोली मार दी गई। जिसके बाद में पुलिस के द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।। घटना के कारण और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सहायक पुलिस अधीक्षक सदर के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर दिया गया है । उन्होंने बताया कि आसपास के सीसीटीवी कैमरे और अन्य स्त्रोत से सूचना इकट्ठा करके घटना के खुलासे की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है और जल्द से जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम ने कार्य आरंभ कर दिया है।

**दूसरे गांव के लड़कों के साथ हुआ था झगड़ा** : इधर, मृतक के पिता शंकर सिंह ने बताया कि उनके गांव एवं दूसरे गांव के लड़कों से एक वर्ष पूर्व झगड़ा हुआ था। जिसको लेकर उस समय दूसरे गांव के लड़के द्वारा उनके बेटे को धमकी दिया गया था कि मैं तुम्हें देख लूंगा। हालांकि बाद में बात खत्म हो गई थी। मृतक अपने कतीरा स्थित फाइनेंस कार्यालय में था उस समय पिता की फोन पर उससे बात भी हुई थी तब उसने कहा था कि मैं अभी ड्यूटी पर हूं कुछ देर में घर लौट आऊंगा। प्रतिदिन की भांति जब वह कलेक्शन का पैसा आरा शहर के कतीरा स्थित फाइनेंस कार्यालय में जमाकर बाइक से वापस अपने घर लौट रहा था। उसी दौरान सारंगपुर गांव स्थित स्टेट बोरिंग के समीप उसका पीछा कर रहे अपाची बाइक पर सवार तीन नकाबपोश अपराधियों ने उसके बाइक को रुकवाया।

इसके बाद गोलियों से भूनकर उसकी हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार तीनों अपराधी हथियार लहराते हुए भाग निकले। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन फौरन घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं, दूसरी और मृतक के पिता ने किसी भी व्यक्ति पर किसी भी प्रकार का आरोपीय आशंका नहीं बताया है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि पुलिस को घटनास्थल से एक मोबाइल भी बरामद हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उस रास्ते में एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा गया है कि व्हाइट कलर के अपाची बाइक पर सवार तीन नकाबपोश अपराधियों ने उसके बाइक का पीछा किया है।

# कारीगर ने अपने कारखाने में की आत्महत्या

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर जिले डुमरांव में एक युवक ने अपने कारखाना फंदे से लटक आत्महत्या कर ली। कारखाना में काम करने वाले मजदूरों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। युवक ने अपने बाएं हाथ का नश भी काटा था। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी गई है। मृतक मैरेज हॉल डेकोरेट के लिए फाइबर की वस्तुओं को तैयार करता था।परिजनों का कहना है व्यवसाय में आर्थिक तंगी से परेशान थे। एक पुत्र और एक पुत्री है। घटना के बाद मृतक की पत्नी का भी रो रोकर बुरा हाल है। घटना रविवार रात की है। हालंकि परिजनों को इसकी जानकारी सोमवार को मिली। मृतक संतोष कुमार (48) डुमरांव के कपिल मुनि गेट मोहल्ले का रहने वाले थे। जो फिलहाल में डुमरांव स्टेशन स्थित बाईपास रोड में पावर सब स्टेशन से दक्षिण एक किराए के मकान में फाइबर के डेकोरेशन वस्तु बनाने का काम कर रहे थे।

**काम का काफी प्रेशर था**: मृतक का बेटा रविरंजन कुमार प्रजापति ने कहा कि काम के प्रेशर को लेकर काफी परेशानी में थे, लेकिन कुछ दिनों से अपने व्यवसाय को लेकर आर्थिक तंगी की बात कह रहे थे। दो तीन जगहों पर मैरेज हॉल डेकोरेट का काम अपना चल रहा था। काम ले लिया गया था लेकिन जितने पैसे की आवश्कता थी वह जुट नहीं पा रहा था। एक दो जगह काम पूरा होने पर पैसा भी नहीं मिल रहा था। मांगने पर धमकी मिल रही थी जान से मारने की। जिससे वह कई दिनों से काफी परेशान थे। हमसे बोले थे कि बेटा पांच-छह लाख रुपए की आवश्कता है लेकिन पैसा जुट नहीं पा रहा है। एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी छानबीन में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ।

# पुलिस पर हमला करने वाले आरोपी समेत 28 गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर पुलिस स्पेशल अभियान के तहत कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी एवं शराब बरामदगी को लेकर छापेमारी की गई। तहत पुलिस ने 28 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें पोक्सो एक्ट में एक,एससी एसटी एक्ट में दो, अपहरण में एक,शराब में पांच एवं वारंट में 18 पुलिस की हत्या चढ़े हैं। इस दौरान 23 शराब भट्टियों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। करीब 30 लीटर देशी एवं 4 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। करीब 2050 लीटर शराब नष्ट कर दिया गया है अभियान के दौरान 156 वारंट एवं पांच कुर्की का निष्पादन किया गया अजीमाबाद पुलिस ने हत्या के प्रयास एवं एससी एसटी एक्ट में एक बदमाश को दबोचा है। इसी तरह अगिआंव बाजार पुलिस ने एससी एसटी एक्ट में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है बिहिया पुलिस ने नाबालिग के अपहरण एवं पोक्सो एक्ट में एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। इधर, गड़हनी थाना क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों से पुलिस ने साथ वारंटीयो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इनमें बलेश्वर राम, जयकुमार राम, विजय कुमार राम,संतोष चौधरी, पोसवा गांव निवासी जुगल चौधरी, रामडीहरा निवासी उमेश सिंह यादव एवं रत्न गांव निवासी मोहन मियां शामिल है । वहीं पुलिस हमले का आरोपित काशी पासवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दे की होली से पहले शराब धंधेबाज को गिरफ्तार करने के लिए थानाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता ने दलबल के साथ अहमेता गांव में छापेमारी करने के लिए गई थी। इस दौरान पुलिस टीम को आते देख धंधेबाजों ने हमला बोल दिया था। प्रियंका गुप्ता के बयान पर काशी पासवान, मनी देवी और सिंकी कुमारी पर एफआईआर दर्ज की गई थी ।

# प्याज लदे ट्रक से शराब की बोरियां बरामद, यूपी से पटना लाई जा रही थी खेप

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर पुलिस को प्याज की बोरियों से लदे ट्रक में छिपा कर रखी गई शराब बरामद की है। कार्रवाई सीआईडी की सूचना पर की गई। इसी क्रम में पुलिस ने नया भोजपुर के नवाडेरा के समीप से एक शराब लदा ट्रक जब्त किया है। ट्रक में प्याज से भरी बोरियां लदी थी। बीच में शराब की पेटियां छुपाई गई थी। बताया गया कि ट्रक ड्राइवर को ट्रक को जगह पर पहुंचाने के लिए 10 हजार रुपए दिए गए थे। पुलिस मुख्यालय को सूचना मिली थी कि एक ट्रक शराब की खेप लेकर यूपी से बिहार के रास्ते पटना जाने वाला है। सूचना मिलते ही मुख्यालय से एक विशेष टीम बक्सर पहुंची और ट्रक का लोकेशन लेने में जुट गई। पुलिस को जब ट्रक का लोकेशन मिला तब तक ट्रक नवाडेरा के समीप पहुंच चुका था। बिना देर किए विशेष टीम ने नया भोजपुर थाने की मदद से ट्रक का पीछा कर उसे पकड़ा और ट्रक की तलाशी ली तो प्याज की बोरियों के बीच भारी मात्रा में शराब बरामद की गई। चालक को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

**ट्रक चालक वैशाली का निवासी है**: चालक ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसे 10 हजार रुपए ट्रक पहुंचाने के लिए मिले थे। उसे ट्रक पहुंचाने के लिए बोला गया था। ट्रक चालक की पहचान कृष्णनंदन राय के रूप में हुई है। जो वैशाली का निवासी बताया जा रहा है। जब्त ट्रक को लेकर भोजपुर थाने पहुंची है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। नया भोजपुर ओपी प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि अभी शराब की पेटियों की गिनती की जा रही है।

# 95% अंक लाकर बक्सर का दूसरा टॉपर बना पवन, आगे डॉक्टर बनने की चाह, पिता करते हैं खेतीबारी

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर जिला का चौसा प्रखंड स्थित प्लस टू सिकरौल हाई स्कूल का छात्र ने अपने विद्यालय सहित अपने गांव और जिला का मान बढ़ाया है। मैट्रिक की परीक्षा में 95%अंक से पास होकर जिला के टॉप लिस्ट में अपना नाम अंकित कराया है। रविवार की दोपहर जैसे है बिहार बोर्ड द्वारा मैट्रिक की परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। वैसे ही चौबे के छावनी निवासी छात्र पवन कुमार के घर बधाई देने वालों का ताता लगा गया। पवन कुमार को मैट्रिक में बिहार के टॉप टेन की लिस्ट में न आने का थोड़ा मलाल तो झलका लेकिन वह कड़ी मेहनत कर आगे आने वाले परीक्षाओं में बेहतर करने के लिए ठाना है। वह आगे पढ़कर डॉक्टर बनना चाहता है। डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करने का सपना है। पवन कुमार अपने पूरे जिले में दूसरे स्थान लाया है।

**पिता किसान तो माता है हाउस वाइफ**: जिला टॉप करने वाला पवन कुमार काफी सीमित संसाधनों में कड़ी मेहनत कर के मैट्रिक की परीक्षा में अच्छा अंक लाने। कामयाब हुआ है।पवन कुमार के पिता एक छोटे किसान है। जो पैसे पर खेत को लेकर खेती कर अपने परिवार का भरण पोषण करते है। पिता धर्मेंद्र राजभर ने कहा कि बेटे को डॉक्टर बनाने के लिए काफी मेहनत करेंगे । ताकि मेरा बेटा आगे बढ़कर गांव समाज के साथ देश का मान बढ़ाने वाला काम करें। वहीं माता शनिचरी देवी द्वारा के साथ घर बड़े बुजुर्गो द्वारा पवन को इस सफलता पर मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया।

**अन्य छात्रों ने भी जिले में किया है बेहतर प्रदर्शन**: बक्सर जिले के सत्यम और पवन कुमार के साथ बक्सर की रिया कुमारी ने 473 अंक प्राप्त किया है वही नंदनी कुमारी 452(90.4%), अंकित कुमार 451 (90.2%), गुडिया कुमार 437 (81.4%), आदित्य कुमार 434 (86.8%), आकाश कुमार 424 (84-8%), सुमन कुमारी 414 (82.8%), राजन कुमार 409 (81.8%), रेखा कुमारी 407 (81.4%), सपना कुमारी 405 (81%), निशु कुमारी 402 (80.4%), सजु कुमार 401(80.2%) आदि छात्र छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है।

# छत से गिरकर बच्चे की मौत, दोस्तों के साथ खेल रहा था

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के सिन्हा थाना क्षेत्र के छीने गांव में सोमवार की दोहपर छत से गिरकर ब्लॉक के डाटा ऑपरेटर के बेटे की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृत बालक सिन्हा थाना क्षेत्र के छीने गांव निवासी तारकेश्वर राम का बेटा सुशांत कुमार (08) है। इधर मृत बच्चे के पिता तारकेश्वर राम ने बताया कि वह अपने ड्यूटी पर चले गए थे और घर के सभी लोग अपने काम में व्यस्त थे। वह छत पर चढ़कर बच्चों के साथ खेल रहा था। उसी दौरान वह असंतुलित होकर एक मंजिलें छत से सीधा नीचे गिर पड़ा। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन अपनी स्वेच्छा से शव का बिना पोस्टमार्टम कराए ही वापस गांव ले गए।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल**: बताया जाता है कि मृत बालक अपने तीन भाइयों में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां पिंकी कुमारी व दो भाई प्रशांत कुमार और पीयूष राज है। मृत बालक के पिता तारकेश्वर राम बड़हरा प्रखंड के बरहरा ब्लॉक में डाटा ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। घटना के बाद मृत बालक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृत बालक की मां पिंकी कुमारी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 96.4 % लाकर बक्सर के सत्यम सिवांश बने सातवें टॉपर

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के चौसा प्रखंड स्थित देवी डेहरा गांव के छात्र सत्यम सिवांश ने इस बार 482 अंक 96.4 % लाकर जिले का नाम रौशन किया है। जिसे लेकर उसे शिक्षकों के साथ-साथ रिश्तेदारों से बधाई मिल रहा है। वहीं उसके माता-पिता को अपने बेटे की इस सफलता पर मिठाई खिलाकर बधाई दे फूले नही समा रहे है। सत्यम अपने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता के साथ विद्यालय के शिक्षक और कोचिंग के शिक्षक को देना चाहता है। सत्यम पढ़ाई अपने गांव के पास ही सागरा हाई स्कूल से कर रहा है। वहीं वह गांव में प्राइवेट कोचिंग पर कर रहा था। सत्यम ने बताया कि उनके पिता ने उनपर कभी भी अच्छे अंक लाने के लिए दबाव नहीं बनाया। सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहते है वहीं आगे कहा कि वह आगे सॉफ्टवेयर इंजीनियर बन साइबर क्राइम पर नकेल कसान चाहता है। कहा कि आजकल साइबर क्राइम बढ़ गया है। मनी ट्रांसफर करते समय बहुत लोगो का डाटा हैक हो जा रहा है। खाते से पैसा गायब हो जा रहे है। इंजीनियर बन एक ऐसा सॉफ्टवेयर बनाना चाहता हूं। ताकि लोग सेफली अपना मनी ट्रांजेक्शन कर सके।

# मां–पिता समेत चार की पिटाई, संपत्ति बंटवारे को लेकर चल रहा था विवाद

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के सुअरी गांव में रविवार को संपत्ति विवाद को लेकर बेटे ने अपनी मां–पिता एवं दो भाई के बहू की पिटाई कर दी गई। जिससे सभी जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मियों में गड़हनी थाना क्षेत्र के सुअरी गांव निवासी राम अवतार सिंह, उनकी पत्नी सीतापति देवी, बेटा जगलाल सिंह और बेटी रीना देवी शामिल है। इधर, जगलाल ने बताया कि उसका बड़ा भाई राजकुमार करीब दो सालों से उसके माता-पिता और उस पर जबरन संपत्ति लिखने का दबाव देता है। जिसको लेकर दो सालों से विवाद चल रहा है। उसी विवाद को लेकर उनके बीच नोकझोंक हुई। जिसके बाद उसके भाई ने अपनी पत्नी एवं अन्य लोगों के साथ मिलकर सभी लोगों की पिटाई कर दी। जिससे सभी जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं, दूसरी ओर जख्मी जगलाल सिंह ने अपने बड़े भाई राज कुमार, उसकी पत्नी एवं उसके परिवार के लोगों पर सभी लोगों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने बताया कि एक युवक को काफी गंभीर चोट है। जबकि बुजुर्ग महिला समेत तीन लोगों को भी चोट आई है। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर दिया गया है। मामला शांत होने के बाद इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की गई है।



## एक नजर

### विदेश से व्हाट्सएप पर भेजा था तीन तलाक, गिरफ्तार



**मुजफ्फरपुर (नि.सं.)।** मुजफ्फरपुर औराई थाना के महेश स्थान गांव की मुस्लिम महिला ने आपने पति के खिलाफ व्हाट्सएप पर तीन तलाक देने मामले में एफआईआर दर्ज करवाई थी। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पति को जेल भेज दिया। बता दे कि कुछ साल पहले राबिया खातून की शादी औराई थाना क्षेत्र के नसरुद्दीन से हुई थी। इन दिनों को एक बच्चे भी हुए। शादी के 3 साल तक इनके बीच में सब कुछ ठीक चल रहा था। जिसके बाद रिश्ते में खटास आनी शुरू हो गई। एक दूसरे पर आरोप और कमी निकालना शुरू कर दिया। इस कारण इन दिनों के बीच लगातार मारपीट होती रहती थी। पति विदेश कमाने के लिए चला गया। इसके बाद वहीं से व्हाट्सएप पर पत्नी को तीन तलाक लिखकर मैसेज भेज दिया था। जिसके बाद पत्नी औराई थाना में मामला दर्ज करवाया। इस दौरान पति ने पत्नी का अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। प्राथमिक दर्ज करवाई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को लेकर कार्रवाई तेज कर दी। आरोपी पति विदेशी होने के कारण पुलिस उसके घर पर इश्तिहार चिपका कर नोटिस जारी कर दिया। आरोपी विदेश से लौटा तो पुलिस को सूचना मिली। जिसके बाद पुलिस आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद कोर्ट में पेश कर पति को जेल भेज दिया। राबिया खातून ने बताया कि दो वर्ष पहले आपने पति के खिलाफ न्यायालय में मुकदमा दर्ज किए थे। इस दौरान काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अब जाकर मेरे पति को गिरफ्तारी हुई है। इनके खिलाफ कई मुकदमा दर्ज है जिनमें भी यह फरार चल रहा था।

### अपराधियों ने चाकू मारकर युवक को किया घायल



**गोपालगंज (नि.सं.)।** गोपालगंज के थावे थाना क्षेत्र के जगमालवा गांव में एक युवक को रविवार की रात नामजद बदमाशों ने चाकू मार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया। जख्मी युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज इमरजेंसी वार्ड में चल रहा है। जख्मी युवक की पहचान जगमालवा गांव निवासी हीरालाल साह के बेटे बबलू कुमार के रूप में की गई। जगमालवा गांव निवासी हीरालाल साह का बेटा बबलू कुमार अपने घर के पास था। आरोप है कि इस बीच आपसी विवाद को लेकर उसके पड़ोस के ही एक युवक ने उसके ऊपर चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हमले के बाद युवक मौके से फरार हो गया। आसपास में मौजूद अन्य लोगों की मदद से इलाज के लिए उसे गोपालगंज सदर अस्पताल में लाया गया। जहां इमरजेंसी वार्ड में उसका इलाज डॉक्टर की देखरेख में किया जा रहा है। घटना की सूचना पर चाकूबाजी में जख्मी युवकों के परिजनों ने थावे थाने की पुलिस को दी है। सूचना मिलने के बाद थावे थाने की पुलिस मामले की छानबीन करने में जुट गई है। थावे थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि चाकू लगने से एक युवक जख्मी हुआ है। जिसका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### बाइक-साइकिल की टक्कर में दो घायल



**गोपालगंज (नि.सं.)।** गोपालगंज के नगर थाना क्षेत्र के राजवाही कॉलोनी के पास बाइक सवार एक युवक ने साइकिल सवार बुजुर्ग को जोरदार धक्का मार दिया। धक्का लगते ही वृद्ध मौके पर गिर गया साथ ही बाइक सवार भी घायल हो गया। फिलहाल दोनों को जख्मी स्थिति में स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। वृद्ध की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जख्मियों में रजवाही मोहल्ला निवासी मैनेजर सिंह के बेटे ध्रुव देव सिंह और बेतिया के नौतन मंगलपुर बाजार निवासी रोहित मुखिया के बेटे निहाल कुमार शामिल हैं। बताया जाता है कि ध्रुव देव सिंह साइकिल पर सवार होकर दूध लाने जा रहे थे। वह जैसे ही अपने घर से सड़क पर पहुंचे कि गोपालगंज से बाइक पर सवार होकर अपने घर नौतन जा रहे मोटरसाइकिल सवार युवक ने साइकिल सवार बुजुर्ग को जोरदार धक्का मार दिया। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और युवक की बाइक को जब्त करते हुए उसे पकड़ लिया। हालांकि युवक को भी मामूली चोट आई है। फिलहाल दोनों को इलाज के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल में ले जाया गया जहां साइकिल सवार वृद्ध को भर्ती कराया गया। फिलहाल डॉक्टर के देखरेख में उसका इलाज चल रहा है।

### अवैध हथियार के साथ एक गिरफ्तार, दो फरार



**पूर्णिया (नि.सं.)।** पूर्णिया में अवैध हथियार के साथ एक अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया बदमाश अपने दो अन्य साथियों के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के फिराक में था। हालांकि वो अपने मनसूबों में कामयाब होते इससे पहले ही पुलिस ने एक को धर दबोचा। जबकि दो भागने में कामयाब रहे। पकड़े गए बदमाश के पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा और 5 जिंदा गोली भी बरामद किया है। फिलहाल अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना अकबरपुर थाना क्षेत्र की है। पुलिस के हत्थे चढ़े अपराधी की पहचान अकबरपुर थाना क्षेत्र के बलवा टोला निवासी स्व० मिश्री मंडल के बेटे विजय मंडल के रूप में हुई है। घटना की जानकारी देते हुए अकबरपुर थानाध्यक्ष अनुज कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए एसपी उपेंद्र नाथ सागर के निर्देश पर जिले में रात्रि गश्ती और वाहन चेकिंग अभियान चलाई जा रही है। इसी क्रम में रात्रि गश्त के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक बाइक पर सवार तीन बदमाश हथियार के साथ सोनडिहा की ओर जा रहे है। गुप्त सूचना पर पुलिस की गस्ती गाड़ी जैसे ही डेढबा गांव के पास पहुंची, एक बाइक पर सवार 3 संदिग्ध दिखाई दिए। पुलिस के रोकने पर बाइक सवार बदमाश भागने लगे। हालांकि भागने के क्रम में इनमें से एक को पीछा कर पुलिस ने धर दबोचा। संदेह के आधार पर बदमाश की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में विजय मंडल के पास से एक देशी कट्टा और 5 गोली बरामद किया। जिसके बाद पुलिस युवक को पकड़ कर अपने साथ ले आई। पूछताछ में अपराधी ने बताया कि वो बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में थे। हालांकि वो इसमें कामयाब होते इससे पहले ही पुलिस ने इनमें से एक को धर दबोचा। फिलहाल गिरफ्तार बदमाश का क्रिमिनल रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### घटना के समय घर में मौजूद नहीं था कोई भी बड़ा सदस्य

# आग लगने से दो बच्चों की मौत



निज संवाददाता

**मधेपुरा।** मधेपुरा में टीन शेड के घर में आग लग गई। जिससे दो मासूम की जिंदा जलकर मौत हो गई। घटना सदर प्रखंड के सकरपुरा बेतौना पंचायत के बेतौना वार्ड-14 की है। मरने वाले में पीड़ित की बेटी और दूसरा पड़ोसी का बच्चा है। बताया जा रहा कि चूल्हे की चिंगारी से आग लगी है। मृतकों की पहचान उमेश यादव की 5 वर्षीय नातिन श्वेता कुमारी और कपिल देव साह का 7 वर्षीय नाती रिशु कुमार के रूप की गई है। सोमवार सुबह उमेश यादव के घर में अचानक आग लग गई। घटना के समय घर में कोई भी बड़ा सदस्य मौजूद नहीं था। खाना बनाने के बाद सभी खेत में काम करने चले गए थे। केवल तीन बच्चे आंगन में खेल रहे थे। घर में आग लगने पर दो बच्चे आंगन में ही बने भूसा घर में छिप गए। जबकि, एक बच्चा वहां से भाग गया। बताया गया कि अचानक चूल्हे से आग की लपटें उठी। जिसको देखकर आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और अपने संसाधनों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। फिर घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गई। जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंचती, तब तक छह घर जलकर राख हो गया था। भूसा घर में छिपे दोनों मासूम भी जिंदा जल गए थे। घटना में एक बाइक, मोटर, होंडा पंप सेट समेत सभी सामान जल गए। घटना की जानकारी मिलने पर सदर अंचलाधिकारी केशिका झा और भर्राही थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। स्थिति का जायजा लिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि दोनों बच्चे अपने ननिहाल में ही रह रहे थे।

## सड़क हादसे में वार्ड पार्षद घायल, बेटे की मौत

निज संवाददाता

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)।** मोतिहारी नगर निगम वार्ड-40 की वार्ड पार्षद राज कुमारी देवी के बेटे की सड़क हादसे में मौत हो गई। ट्रक ने रौंद डाला। दुर्घटना के वक्त वार्ड पार्षद भी साथ थीं। वो घायल हो गईं हैं। बेटा अपनी मां (वार्ड पार्षद) को इलाज के लिए लखनऊ ले गया था। राजकुमारी इंफेक्शन से पीड़ित हैं। लखनऊ में पीजीआई में इलाज कराना था। अस्पताल के गेट पर ऑटो से दोनों उतरे ही थे कि पीछे से ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में बेटे ऋतुराज और ऑटो चालक की मौत हो गई। जबकि वार्ड पार्षद सहित 6 लोग घायल हो गए। रविवार को दोनों मां-बेटे बांद्रा ट्रेन से लखनऊ गए थे। वार्ड पार्षद राजकुमारी की स्थिति गंभीर है। उनका इलाज पीजीआई में चल रहा है। घटना की जानकारी लखनऊ पुलिस ने फोन पर परिजनों को दी। जिसके बाद यहां से परिजन रवाना हो गए। ऋतुराज की बॉडी आज देर शाम तक घर आ सकती है। ऋतुराज इकलौते पुत्र थे। नौकरी की तैयारी कर रहे थे। एक बहन की शादी हो चुकी है। छोटी बहन अभी पढ़ाई कर रही है।

### फिर एक्टिव हुआ ऑटो लिफ्टर गैंग

## महिला यात्री से दो लाख के गहने और 25000 हजार कैश की लूट

निज संवाददाता

**पटना।** पटना में फिर ऑटो लिफ्टर गैंग एक्टिव हो गया है। गैंग ने एक महिला यात्री से 2 लाख के गहने और 25000 हजार कैश लूट लिए। बदमाशों ने महिला को चलती ऑटो से धक्का दे कर गिरा दिया। जिसके बाद जैसे तैसे महिला थाना पहुंची और मामला दर्ज कराया। पुलिस ने अज्ञात युवकों पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस जानकारी मिलते ही पीड़ित महिला के साथ घटनास्थल गई। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। पुलिस को कुछ अहम सुराग मिले हैं। इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। ऑटो लिफ्टर गैंग के 14 सदस्य गर्दनीबाग थाना और सचिवालय थाना से जेल भेजे गए थे। पटना के गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के हसनपुर की रहने वाली गोविंदा देवी के साथ लूट की घटना हुई है। गोविंदा देवी ने बताया कि मैंने तेजप्रताप नगर जाने के लिए बेउर मोड़ से ऑटो लिया। ऑटो बेऊर मोड़ पर पहले से खड़ा था। ऑटो पर ड्राइवर के पास एक लड़का पहले से बैठा था वो भी साथ ही ऑटो में आगे बैठ कर चलने लगा। थोड़ा आगे जाने पर दो युवक फिर ऑटो में पीछे मेरे दोनों तरफ से बैठ गए। ड्राइवर ऑटो तेज चलाने लगा। ऑटो जब बाइपास पहुंचा तो उन लोगों ने डराना धमकाना शुरू कर दिया। बदमाशों ने मेरे गले का चेन, कान की बाली और सोने अंगूठी उतरवा लिया। जिसकी कीमत लगभग 2 लाख है। बदमाशों ने पर्स में रखे 25 हजार रुपए भी छीन लिए। बदमाशों ने तेज प्रतापनगर के पास मुझे चलती ऑटो से धक्का दे कर गिरा दिया और फरार हो गए। गर्दनीबाग थाना के थानाध्यक्ष ने बताया कि गोविंदा देवी के साथ गर्दनीबाग थाना क्षेत्र में छीनतई की घटना हुई है। पुलिस घटना स्थल पहुंची और आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। ऑटो तीन से चार जगह दिखा है। ऑटो का नंबर ढाका हुआ था। जिस कारण ऑटो की पहचान नहीं हो पाई। लेकिन बेउर के पास लगे सीसीटीवी कैमरा में एक बदमाश ऑटो में बैठते कैमरा में कैद हो गया है।

पुलिस दावा कर रही है कि अपराधियों की पहचान हो गई है। जल्द ही उनको गिरफ्तार किया जाएगा। इस घटना में देखा गया कि ऑटो का नंबर ढका हुआ था। जो की ट्रैफिक नियमों के खिलाफ है। ट्रैफिक डीएसपी 2 अनिल कुमार ने बताया कि इस परिस्थिति में ऑटो के बरामद होने के बाद ट्रैफिक पुलिस नंबर प्लेट ढक कर ऑटो चलाने के जुर्म में चालान करेगी। ट्रैफिक डीएसपी 2 ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस पटना में लगातार अभियान चला रही है। ऑटो बाइक या किसी भी गाड़ियों के नंबर प्लेट से छेड़छाड़, बिना नंबर प्लेट गाड़ी चलाने या नंबर प्लेट ढक कर चलाने वाले गाड़ियों का चालान किया जा रहा है। गाड़ियों को जब्त भी किया जा रहा है।

## हरिहरनाथ मंदिर में रोहिणी-मीसा ने की पूजा, लालू-राबड़ी भी दिखे साथ

**हाजीपुर (वैशाली) (नि.सं.)।** लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई हैं। चुनावी मैदान में उतरने से पहले वो भगवान की शरण में हैं। आज रोहिणी आचार्य सोनपुर के बाबा हरिहरनाथ मंदिर पहुंचीं। यहां पिता लालू प्रसाद यादव, मां राबड़ी देवी और बहन मीसा भारती के साथ पूजा-अर्चना की। इस बार लालू परिवार से दो बेटियों के चुनाव लड़ने की खबर है। मीसा भारती को पाटलिपुत्र से लालू यादव ने सिंबल दे दिया है। रोहिणी सारण लोकसभा सीट से लड़ने की तैयारी कर रही हैं। रोहिणी की जो तैयारी है वो भी इसी ओर इशारा कर रही है। रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया के जरिए खुद इस संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने पहले सोनपुर में हरिहरनाथ की पूजा करने की बात की। साथ ही कल मंगलवार को सारण में जनसंपर्क अभियान चलाने की बात कही है। रोहिणी आचार्य का यह पहला चुनावी अभियान है। रोहिणी आचार्य के चुनाव लड़ने की आधिकारिक घोषणा अभी नहीं हुई है।

## सिलेंडर में आग लगने से दो घर जले



निज संवाददाता

**सुपौल।** सुपौल जिले के राघोपुर प्रखंड स्थित दौलतपुर वार्ड-1 में आग लगने से एक परिवार के दो घर जल गए। इस अग्निकांड में तीन मवेशी भी झुलसे हैं। करीब 1 घंटे के बाद फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि बलराम मेहता के घर आग लग गई। जब वो गैस सिलेंडर से रिफिल कर रहे थे। तभी अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग इतनी भयानक हो गई कि बलराम मेहता के दो घरों में आग लग गई। इस बीच तीन मवेशी और एक ऑटो भी चपेट में आ गया। दो बकरी और एक गाय बुरी तरह आग में झुलस कर जख्मी हो गईं। ऑटो का आधा हिस्सा जल गया। स्थानीय ग्रामीणों ने आग को बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण असफल रहे। वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों को भी ग्रामीणों ने फोन कर सूचना दी तो मौके पर प्रतापगंज से फायर बिग्रेड की टीम पहुंची और करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया। इस अग्निकांड में करीब करीब दो लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ। राघोपुर अंचला अधिकारी रश्मि प्रिया ने कहा कि मामले में राजस्व कर्मचारी सर्वे कर रिपोर्ट देंगे और सरकारी प्रावधान के अनुसार ही पीड़ित को हर संभव मदद की जाएगी।

### गोली लगने से घायल युवक की मौत पर हंगामा

**मधेपुरा (नि.सं.)।** मधेपुरा के मुरलीगंज में 16 दिन पहले बाइक लूटपाट के दौरान गोली लगने से घायल युवक की इलाज के दौरान रविवार की रात मौत हो गई। मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने अपराधियों की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग को लेकर सुबह मुरलीगंज-बिहारीगंज स्टेट हाईवे-91 पर प्रताप नगर रजनी गोठ के सबुरी चौक पर शव रखकर सड़क जाम कर दिया है। 15 मार्च को मुरलीगंज थाना क्षेत्र के रजनी प्रतापनगर वार्ड-3 निवासी चंदेश्वरी मुखिया के बेटे लंबू मुखिया (35) को अपराधियों ने कोल्हाई पट्टी चौक से आगे नहर के पास गोली मारकर बाइक लूट ली थी। गोली उनके पेट में लगी थी और उनका इलाज सहरसा के एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा था। जहां रविवार को उनकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि पुलिस ने अब तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है। 16 दिन से सहरसा के एक निजी नर्सिंग होम में इलाज चल रहा था, लेकिन प्रशासन की ओर से किसी तरह का कोई मदद नहीं मिला।

## नौ अप्रैल से चैत्र नवरात्र की होगी शुरुआत



निज संवाददाता

**पटना।** चैत्र नवरात्र की शुरुआत 9 अप्रैल से होगी। मंदिरों और घरों में कलश स्थापना के साथ ही पूजा की शुरुआत होगी। इस साल नवरात्र रेवती नक्षत्र और सर्वार्थ अमृत सिद्धि के सुयोग में आरंभ हो रही है। 18 अप्रैल को विजयादशमी होगी। इस नवरात्र में सर्वार्थ अमृत सिद्धि, सिद्धयोग, रवियोग, प्रीति, आयुष्मान योग और पुष्य नक्षत्र का सुयोग बन रहा है। पंडित राकेश झा ने बताया कि चैत्र नवरात्र का पहला दिन मंगलवार होने से देवी दुर्गा का आगमन अश्व यानी घोड़ा पर होगा। घोड़े पर भगवती के आगमन से समाज में अस्थिरता, तनाव, राजनीति उथल-पुथल, चक्रवात, भूकंप की स्थिति उत्पन्न होती है। वहीं, विजयादशमी गुरुवार को है। माता की विदाई नर वाहन पर होगी। यह भक्तों के लिए उत्तम और सुख प्रदान करने वाला है।

**चैत्र नवरात्र की तिथियां**

- 09 अप्रैल (प्रतिपदा) मां शैलपुत्री पूजा व घटस्थापना
- 10 अप्रैल (द्वितीया) मां ब्रह्मचारिणी की पूजा
- 11 अप्रैल (तृतीया) मां चंद्रघंटा की पूजा
- 12 अप्रैल (चतुर्थी) मां कुष्मांडा की पूजा
- 13 अप्रैल (पंचम)- मां स्कंदमाता की पूजा
- 14 अप्रैल (षष्ठी)- मां कात्यायनी की पूजा
- 15 अप्रैल (सप्तमी)- मां कालरात्रि की पूजा
- 16 अप्रैल (अष्टमी)- मां महागौरी की पूजा
- 17 अप्रैल (नवमी)- मां सिद्धिदात्री, रामनवमी

**चैत्र नवरात्र की तिथियां**

- तिथि मुहूर्त : सुबह 5:46 बजे से दिनभर
- गुली काल मुहूर्त : दोपहर 11:51 से 1:26 बजे तक
- अभिजीत मुहूर्त : दोपहर 11:26 से 12:16 बजे तक
- चर-लाभ-अमृत मुहूर्त : सुबह 8:42 से 1: 26 बजे तक

## सिद्धेश्वर का जुनून ही उन्हें साहित्य के प्रति दीवाना कर रखा है : डॉ संतोष गर्ग

निज संवाददाता



**पटना।** कविता आत्मा की भाषा होती है। वैचारिक कविता के नाम पर हम सपाटबयानी रचना या कोई श्रेष्ठ विचार को कविता कदापि नहीं कह सकते। वह गद्य की भाषा में, एक श्रेष्ठ विचार, डायरी, आत्मकथा आदि प्रसंग हो सकता है, किंतु कविता कदापि नहीं। पाठकों को लयात्मकता लिए हुए कविता ही पहली पसंद होती है। जैसे गीत,गजल, नवगीत, आज़ाद गजल,दोहा,मुक्तक आदि। दुष्यंत कुमार जब कहते हैं- ' सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं, मेरी कोशिश है कि सूरत बदलनी चाहिए "और जब हरिवंश राय बच्चन अपनी कविता में कहते हैं कि ":जो बीत गई सो बात गई, जीवन में एक सितारा था, माना वह बेहद प्यार था।," तो पाठकों को काव्यात्मकता का एहसास होता है। इस प्रकार हम देखते हैं कि लयात्मकता में कही गई कविता बहुत दिनों तक याद रहती है और हृदय में अपना स्थान सुरक्षित रहती है तथा हमारी संवेदनाओं को जागाए रखती है। भारतीय युवा साहित्यकार परिषद के तत्वावधान में, यूट्यूब के चैनल पर, हेलो फेसबुक साहित्य पाठशाला का संचालन करते हुए सिद्धेश्वर ने उपरोक्त उद्गार व्यक्त किया। उन्होंने छोटी-छोटी इन गोष्ठियों को पाठशाला करार देते हुए कहा कि हम इस पाठशाला से लेखक का निर्माण तो नहीं कर सकते, लेकिन उनकी सृजनात्मकता में संवर्धन जरूर कर सकते हैं। एक दूसरे को सिखला सकते हैं और सीख सकते हैं।

सोशल मीडिया इस मायने से बहुत उपयोगी माध्यम है। फेसबुक और यूट्यूब के माध्यम से हम ऐसी पाठशाला चलाते रहेंगे। अपनी अध्यक्षीय टिप्पणी में वरिष्ठ लेखिका ऋचा वर्मा ने कहा कि -सिद्धेश्वर जी साहित्यधर्मी से ज्यादा साहित्यकर्मी हैं। साहित्य के अनवरत सेवा में लगे दूसरों को भी केवल प्रेरित ही नहीं बल्कि उनका मार्ग दर्शन भी करते हैं। उनकी कविताएं और गज़लें गहरी भावनाओं से ओत-प्रोत होतीं हैं और लोगों के दिल में सहज ही जगह बना लेतीं हैं। पिछले चार दशकों से भी ज्यादा साहित्य और कला की अनवरत सेवा में रत सिद्धेश्वर जी आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं क्योंकि वे समय के साथ चलने का गुर जानतें हैं। व्हाट्सएप, फेसबुक,ज़ूम के बाद अब वह यूट्यूब पर सक्रिय हैं, और खुद के साथ अन्य दूसरों को भी अपने लेखन को पाठकों और श्रोताओं के एक बड़े वर्ग तक पहुंचाने का अवसर देतें हैं।" अवसर साहित्य पाठशाला के मुख्य अतिथि डॉ संतोष गर्ग ने कहा - " सिद्धेश्वर जी एक बहुत अच्छे विनम्र भाव के लेखक व साहित्यकार तो हैं ही और साथ में वह उच्च कोटि के चित्रकार भी हैं। उनके बनाए गए चित्रों में उनके मन की गहराई के भाव उजागर होते हैं और वह बरसों से हम सभी के समक्ष फेसबुक और यूट्यूब के माध्यम से साहित्य सेवा में निरंतर जुटे हुए हैं। इतने लंबे समय तक बिना किसी परेशानी के कोई पागल या दीवाना ही ऐसा काम कर सकता है। मुझे लगता है सिद्धेश्वर का जुनून ही उन्हें साहित्य के प्रति दीवाना कर रखा है। विशिष्ट अतिथि युवा शायर एकलव्य केसरी ने साहित्य की पाठशाला के अंतर्गत कविता के संदर्भ में अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि - कविता साहित्य की एक विधा है जिसके जरिये कवि अपनी सोच, भावनाओं और कल्पना के माध्यम से पाठकों और श्रोताओं को संदेश देने का काम करते हैं। वैसे तो कविता का सरस रूप ज्यादा आकर्षित करता है। हेलो फेसबुक साहित्य सम्मेलन में आज ऑनलाइन लाइव वीडियो के माध्यम, यूट्यूब पेज पर, मुंबई के गज़ल कुंभ में पढ़ी गई कुछ गज़लों को प्रस्तुत किया गया जिनमें दीक्षित दनकौरी ने कहा -" राह बदलूँ या काफिला बदलूँ?/ इससे बेहतर है रहनुमा बदलूँ।" मीरा नवेली ने - " जिसके नगमो में खुशबू प्रेम की भी है मीर की भी।" और सिद्धेश्वर ने कहा- " अपनी मोहब्बतें की कहानी तो भेज दो/ जब आग भेज दी है, तो पानी तो भेज दो।" इसके अतिरिक्त सिद्धेश्वर ने विविध मनो- भाव की अपनी दो दर्जन कविताओं का पाठ करते हुए श्रोताओं को मन मुग्ध कर दिया।

## चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट, अपराधी की गतिविधियों पर रखी जा रही नजर



निज संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में पुलिस चुनावी माहौल को लेकर अलर्ट मोड पर है। इस दौरान एनएच पर पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया। जिस दौरान सैकड़ों बाइक और कार को जांच की गई। चुनावी माहौल को देखते हुए पुलिस सतर्क दिख रही है। जिला पुलिस अपराधी गतिविधियों पर विशेष नजर बनाई रखी है। इससे पहले भी चुनावी माहौल को लेकर अभियान चलाया गया। जिसमें करोड़ों के अवैध शराब और हथियार के साथ अपराधी को गिरफ्तार किया गया। यह जांच अभियान जिले के बोचहा थाना क्षेत्र के एमएच पर चलाया गया। जहां देर रात बड़ी संख्या में पुलिस बल वाहन जांच की। वाहन जांच के दौरान कार सवार व्यक्ति और बाइक सावर व्यक्ति की तलाशी ली गई। इस दौरान पुलिस ने सैकड़ों वाहन की जांच की। हालांकि वहां जांच में किसी भी प्रकार की बरामदगी या गिरफ्तारी नहीं हुई है। लेकिन चुनावी माहौल को देखते हुए पुलिस लगातार शहरी इलाके और ग्रामीण इलाके में तैनात दिख रहे हैं। बोचहा थाना प्रभारी ने बताया कि विशेष जांच अभियान चलाया गया है। इसमें अपराधी की गतिविधियों नजर रखी जा रही है। यह अभियान लगातार चलाए जा रहा है। चुनावी माहौल को देखते हुए हम लोग सतर्कता बरत रहे हैं।

## एक अप्रैल से पांच अप्रैल तक चार केंद्रों पर मतदानकर्मियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

निज संवाददाता

मधेपुरा। मधेपुरा में तीसरे चरण में 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर कर्मियों के प्रशिक्षण की तिथि निर्धारित कर दी गई है। मतदान कर्मियों का प्रथम प्रशिक्षण 1 से 5 पांच अप्रैल तक 4 केंद्रों पर होगा। इसके लिए एसएनपीएम प्लस टू विद्यालय मधेपुरा, मधेपुरा बीएड कॉलेज, मधेपुरा डिग्री कॉलेज और केशव कन्या विद्यालय मधेपुरा को चिह्नित किया गया है। अनुपस्थित रहने पर कार्रवाई की जाएगी। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने बताया कि प्रथम प्रशिक्षण में 22 हजार मतदान कर्मी शामिल होंगे। जिसमें पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी और तृतीय मतदान अधिकारी होंगे। सुबह 10 से एक बजे तक और दोपहर 2 से शाम के 5 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण देने के लिए 151 मास्टर प्रशिक्षक तैयार किए गए हैं, जो निर्वाचन आयोग के अधीन पूर्व से प्रशिक्षित है। ईवीएम और वीवीपैट के संचालन प्रक्रिया का प्रशिक्षण भी सभी कर्मियों को दिया जाएगा। प्रशिक्षण के अंत में प्रशिक्षु का टेस्ट भी लिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित कर्मी पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। लोकसभा चुनाव को लेकर सिंगल विंडो सिस्टम की स्थापना की गई है। इसके तहत सभा, रैली या जुलूस का आयोजन, चुनाव कार्यालय खोलने, वाहन का उपयोग, हेलीपैड या हेलीकेप्टर उतारने के लिए आवेदन लिया जाएगा।

### मुजफ्फरपुर सदर अस्पताल में आधुनिक पैथोलॉजी लैब की होगी शुरुआत

# पायलट प्रोजेक्ट के तहत बन रहा आधुनिक वेट लैब

निज संवाददाता




**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले के सदर अस्पताल में अब एईएस और जेई के मरीजों को अपने पैथोलॉजी जांच के लिए अब इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। अब सदर अस्पताल में बन रहे आधुनिकतम माइक्रोबायोलॉजी जांच के लिए वेट लैब की जल्द शुरुआत हो जाएगी। बिहार में स्वास्थ्य विभाग के पायलट प्रोजेक्ट के तहत इसकी शुरुआत मुजफ्फरपुर और नालंदा सदर अस्पताल से हो रही है। इस संबंध में सदर अस्पताल के अधीक्षक डॉ बी एस झा ने बताया कि अस्पताल में आधुनिक वेट लैब खुल जाने से सदर अस्पताल में एईएस, जेई समेत सभी माइक्रोबायोलॉजी जांच की सुविधा सभी मरीजों को बहुत कम शुल्क पर उपलब्ध होने लगेगी। जिससे मरीजों के इलाज में तेजी आएगी। अभी मुजफ्फरपुर सदर अस्पताल में माइक्रोबायोलॉजी जांच के लिए सुविधा उपलब्ध नहीं है। ऐसे में मरीजों को सैंपल जांच के लिए एसकेएमसीएच मेडिकल कॉलेज भेजना पड़ता है। वही, नए पैथ लैब की शुरुआत होने से सदर अस्पताल में ही यूरिन कल्चर की जांच शुरू हो सकेगी। इसको लेकर अब सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सदर अस्पताल में बनकर तैयार हो रहे आधुनिक पैथ वेट लैब के 15 अप्रैल को खुलने की उम्मीद जताई जा रही है। फिलहाल लैब संचालन के लिए इससे जुड़े तकनीशियनों को ट्रेनिंग दी जा रही है। सदर अस्पताल अधीक्षक के अनुसार इस आधुनिक पैथ लैब का संचालन राज्य स्वास्थ्य समिति के तहत कार्य करने वाली संस्था फाइन द्वारा किया जायेगा। इसके संचालन में काम करने वाले कर्मियों की नियुक्ति भी हो गई है। जहां सदर अस्पताल के एमसीएच बिल्डिंग में इसकी शुरुआत कर दी जाएगी।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### वकीलों की दलील

चुनाव का आगाज होते ही देश में विभिन्न शक्तिशाली समूहों का सक्रिय होना जितना स्वाभाविक है, उतना ही विचारणीय भी। इस संदर्भ में गुरुवार को न्यायिक बिरादरी में जिस तरह की सक्रियता देखी गई है, उसने सहज ही सबका ध्यान खींचा है। अव्वल तो वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा सहित पूरे भारत से 600 से अधिक वकीलों ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर चिंता जताई है। चिंता यह है कि एक समूह अपने पक्ष में ऐसे दबाव बना रहा है, जिससे न्यायपालिका की अखंडता के लिए खतरा पैदा हो रहा है। वकीलों के इस बड़े समूह ने देश के प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखकर न्यायिक प्रक्रिया में हेरफेर करने, अदालती फैसलों को प्रभावित करने और निराधार आरोपों और राजनीतिक एजेंडे के साथ न्यायपालिका की प्रतिष्ठा धूमिल करने के प्रयास करने वाले 'निहित स्वार्थी समूह' की निंदा की है। कुल मिलाकर, सर्वोच्च अदालत को यह एहसास दिलाने की कोशिश है कि वह किसी दबाव में फैसले न ले। यह गौर करने की बात है कि इन दिनों कुछ राजनेता कठघरे में खड़े हैं और उन्हें बचाने के लिए वकीलों का एक समूह सक्रिय है, यह हमारी न्याय व्यवस्था का स्वाभाविक हिस्सा है। वकीलों के इस पहले समूह के खिलाफ वकीलों का दूसरा समूह सक्रिय हुआ है, तो वकीलों के पहले समूह की ओर से जवाब आ चुका है। वकीलों के बीच परस्पर आरोप-प्रत्यारोप भी काफी गंभीर व दुखद हैं, उनमें न पड़ते हुए हमें यह देखना चाहिए कि क्या वाकई कुछ वकील मिलकर न्याय को प्रभावित कर सकते हैं? हां, ऐसा हो सकता है। हमारी न्यायपालिका में यह तथ्य नया नहीं है कि बड़े लोगों के मामलों में अक्सर बड़े वकील ही सामने आते हैं और वकीलों के बीच आय की असमानता से भी यही पता चलता है कि सक्षम लोग न्याय पाने में दूसरों से कुछ ज्यादा संभावना रखते हैं। वकीलों का परस्पर द्वंद्व भी इसी ओर इशारा करता है। इसमें कोई शक नहीं कि न्यायमूर्तियों को नामी वकीलों या रसूखदार आरोपियों के सामने समान रूप से व्यवहार करना चाहिए और हमारे न्यायमूर्ति ऐसा ही करते हैं। फिर भी कहीं शिकायत की गुंजाइश रह जाती है और कुछ वकीलों को मिलकर ऐसे पत्र लिखने की जरूरत पड़ती है।

### घाटी में अफस्पा हटाकर कर लोगों का विश्वास जीतने का अगला कदम

यह जम्मू-कश्मीर के लिए बड़ी राहत की बात होगी, अगर केंद्र सरकार वहां से सशस्त्र बल अधिनियम यानी अफस्पा हटा कर नागरिक ठिकानों की सुरक्षा-व्यवस्था पुलिस को सौंप दे। केंद्रीय गृहमंत्री ने इस पर विचार करने का आश्वासन दिया है। जल्दी ही वहां विधानसभा चुनाव कराने और कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी पूरी तरह पुलिस के हाथों में सौंप देने का वचन दोहराया है। वैसे आतंकवाद पर काफी हद तक काबू पाया जा चुका है। सरकार का मानना है कि अब घाटी में आतंकवाद पर काफी हद तक काबू पाया जा चुका है। आतंकी संगठनों को वित्तपोषण करने वाले व्यक्तियों को सलाखों के पीछे डाला जा चुका, उनकी परिसंपत्तियां कुर्क की जा चुकी हैं और उनके बैंक खाते बंद कर दिए गए हैं। कई आतंकी संगठनों पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद उनकी सक्रियता समाप्त हो गई है। अब वहां की पुलिस भी सुरक्षा-व्यवस्था संभालने के मामले में सक्षम हो चुकी है। हालांकि वहां से अफस्पा हटाने की मांग लंबे समय से की जाती रही है, मगर विशेष राज्य का दर्जा समाप्त होने के बाद जिस तरह वहां अलगाववादी ताकतें सक्रिय हो गई थीं, उसके मद्देनजर अधिक संख्या में सेना को उतारना और अफस्पा को लगाए रखना जरूरी हो गया था। अब वहां विधानसभा चुनाव की मांग भी जोर पकड़ रही है, ऐसे में जैसा कि केंद्र सरकार मानती है, वहां आतंकवाद कमजोर हुआ है, अफस्पा हटाने का फैसला एक बड़ा कदम साबित होगा। दरअसल, अफस्पा के तहत सशस्त्र बलों को शक के आधार पर किसी की भी गिरफ्तारी, बिना किसी मंजूरी के तलाशी और गोली तक चला देने के अधिकार मिले होते हैं। इससे घाटी में सेना पर ज्यादतियों के आरोप लगते रहे हैं। फर्जी मुठभेड़ों, बड़ी संख्या में नागरिकों के लापता होने, मानवाधिकारों के हनन और बेकसूर लोगों के मारे जाने की ढेरों शिकायतें दर्ज हैं। वैसे भी नागरिक ठिकानों पर सशस्त्र बलों की तैनाती जनतांत्रिक मूल्यों के लिहाज से अच्छी बात नहीं मानी जाती। कानून-व्यवस्था राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र का विषय है। मगर अफस्पा के तहत सशस्त्र बलों की तैनाती की जाती है, तो उससे राज्य के अधिकारों का हनन भी होता है। हालांकि इस वक्त जम्मू-कश्मीर में कोई राज्य सरकार नहीं है।

## राजस्थान में वसुंधरा समर्थक सांसदों का सफाया

(रमेश सर्राफ धमोरा )

राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी ने वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया के सभी समर्थक सांसदों के टिकट काट दिए हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे समर्थक विधायकों के बड़ी संख्या में टिकट काटे गए थे। अब लोकसभा चुनाव में भी उनके समर्थकों का सफाया हो गया है। सिर्फ वसुंधरा राजे के पुत्र दुष्यंत सिंह को झालावाड़ से पांचवीं बार सांसद का टिकट मिला है। श्रीगंगानगर सीट पर पांच बार के मौजूदा सांसद निहालचंद मेघवाल का टिकट काटकर अनूपगढ़ नगर परिषद की अध्यक्ष प्रियंका बैलान को प्रत्याशी बनाया गया है। प्रियंका बैलान प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सीपी जोशी के साथ युवा मोर्चा में प्रदेश सचिव रह चुकी है। निहालचंद मेघवाल 1996, 1999, 2004, 2014 व 2019 में सांसद व 1998 में रायसिंह नगर से विधायक रह चुके हैं। उनके पिता बेगाराम चौहान 1977 में जनता पार्टी से व 1989 में जनता दल से सांसद व 1972 में रायसिंह नगर से स्वतंत्र पार्टी की टिकट पर विधायक रह चुके हैं। निहालचंद के भाई लालचंद चौहान भी 2003 में रायसिंह नगर से भाजपा के विधायक रह चुके हैं। ऐसे में निहालचंद मेघवाल का टिकट काटने का सिर्फ एक ही कारण रहा है। उनका वसुंधरा राजे गुट में होना। कांग्रेस ने वहां से कुलदीप इंदौरा को प्रत्याशी बनाया है। चूरू से भाजपा के दो बार सांसद रहे राहुल कस्वां का टिकट काटने का भी मुख्य कारण वसुंधरा राजे के नजदीकी होना था। राहुल कस्वां चूरू में मजबूत जनाधार वाले नेता माने जाते हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में नेता प्रतिपक्ष रहे राजेंद्र राठौड़ के तारानगर से चुनाव हारने के चलते राहुल कस्वां का टिकट काटा गया है। राहुल कस्वां स्वयं 2014 व 2019 में चूरू से भाजपा टिकट पर चुनाव जीत चुके हैं। उनके पिता रामसिंह कस्वां चूरू से चार बार सांसद व सादुलपुर से विधायक रह चुके हैं। राहुल कस्वां के दादा दीपचंद कस्वां 1980 में सादुलपूर सीट से निर्दलिय व राहुल कस्वां की माता कमला कस्वां 2008 में सादुलपुर से भाजपा की विधायक रह चुकी है। उनकी माता कमला कस्वां चूरू की जिला प्रमुख व पंचायत समिति प्रधान भी रही हैं। राहुल कस्वां उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के छोटे भाई कुलदीप धनकड़ के दामाद है। फिर भी उनका टिकट महज राजेंद्र राठौड़ के विरोध के चलते काटा गया है। अब राहुल कस्वां कांग्रेस टिकट पर चूरू लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। झुंझुनू से नरेंद्र कुमार खीचड़ का टिकट काटकर उदयपुरवाटी से पूर्व में विधायक रहे शुभकरण चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है। नरेंद्र खीचड़ भी वसुंधरा राजे के नजदीकी माने जाते रहे हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले स्वयं वसुंधरा राजे ने उनको भाजपा में शामिल करवा कर 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा टिकट पर प्रत्याशी बनवाया था। 2019 में उन्हें वसुंधरा राजे की सिफारिश पर ही लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया गया था। झुंझुनू में कांग्रेस ने पूर्व केंद्रीय मंत्री शीशराम ओला के सुपुत्र विजेंद्र ओला को प्रत्याशी बनाया है। जयपुर शहर लोकसभा सीट से भाजपा से दो बार लगातार सांसद व पूर्व जिला प्रमुख रहे रामचरण बोहरा का टिकट काटकर मंजू शर्मा को प्रत्याशी बनाया गया हैं। रामचरण बोहरा वसुंधरा राजे के नजदीकी लोगों में शुमार होते थे तथा उनके हर कार्यक्रम में पूरी सक्रियता से भाग लेते थे। इसी के चलते उनका टिकट काटा गया है। हालांकि मंजू शर्मा भी भाजपा के तीन बार प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा की सभी सरकारों में मंत्री रहे दिग्गज नेता भंवरलाल शर्मा की पुत्री है तथा 2008 में हवामहल सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी बृजकिशोर शर्मा से मात्र 580 वोटो से चुनाव हार गई थी। चर्चा है कि मंजू शर्मा को राष्टीय स्वयंसेवक संघ की सिफारिश पर भाजपा का प्रत्याशी बनाया गया है। दौसा से भाजपा सांसद जसकौर मीणा का टिकट काट दी गयी है। जसकौर मीणा पूर्व में सवाई माधोपुर से सांसद व बाजपेयी सरकार में राज्य मंत्री रह चुकी है। वह वसुंधरा राजे के नजदीकी मानी जाती है। दौसा सीट पर वर्तमान सांसद जसकोर मीणा अपनी पुत्री अर्चना मीणा को टिकट दिलवाना चाहती थी। वहीं राजस्थान सरकार में मंत्री किरोड़ीलाल मीणा अपने भाई जगमोहन मीणा को टिकट दिलवाना चाहते थे। ऐसे में भाजपा ने वहां से चार बार विधायक व मंत्री रह चुके कन्हैयालाल मीणा को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने दौसा से मौजूदा विधायक मुरारीलाल मीणा को प्रत्याशी बनाया है। करौली-धौलपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद मनोज राजोरिया का टिकट काट कर पूर्व प्रधान इन्दु देवी जाटव को प्रत्याशी बनाया है। मनोज राजोरिया 2014 व 2019 में सांसद बनने में सफल रहे थे। उनका वसुंधरा राजे के प्रति जुड़ाव किसी से छिपा हुआ नहीं है। इसी के चलते उनका टिकट काटा गया है। उदयपुर सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। यहां से लगातार दो बार सांसद रहे अर्जुनलाल मीणा का टिकट काटकर उनके स्थान पर परिवहन विभाग में कार्यरत मन्नालाल रावत को उम्मीदवार बनाया गया है। अर्जुन लाल मीणा वसुंधरा राजे गुट के माने जाते हैं। इसी के चलते उनका टिकट काट दिया गया है। कांग्रेस ने यहां से पूर्व जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा को प्रत्याशी बनाया है। बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट पर मौजूदा सांसद कनकमल कटारा का टिकट काटकर कांग्रेस से भाजपा में आए विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीय को प्रत्याशी बनाया गया है। मालवीय प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पसंद माने जाते हैं। भीलवाड़ा लोकसभा सीट पर लगातार दो बार से सांसद बनते आ रहे सुभाष बहेड़िया का टिकट कटना भी तय माना जा रहा है क्योंकि यहां से अभी तक प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं हो पाई है। जबकि कांग्रेस ने यहां से दामोदर गुर्जर को अपना प्रत्याशी बना दिया है। सुभाष बहेड़िया ने 2019 का लोकसभा चुनाव 611460 वोटो के अंतर से जीता था। इतनी बड़ी जीत होने के बावजूद भी बहेड़िया का टिकट क्लियर नहीं होने के चलते कयास लगाए जा रहे हैं कि पिछली बार अजमेर से कांग्रेस प्रत्याशी रहे रिजु झुंझुनूवाला के भाजपा में शामिल होने के चलते भीलवाड़ा से उनको भी प्रत्याशी बनाया जा सकता है। अजमेर से भाजपा के मौजूदा सांसद व प्रत्याशी बनाये गये भागीरथ चौधरी पिछले विधानसभा चुनाव में किशनगढ़ सीट पर तीसरे स्थान पर रहे थे।

*भागीरथ चौधरी भी पहले वसुंधरा राजे के नजदीकी थे। मगर उन्होंने परिस्थितियों देखकर उनसे दूरी बना ली। इसी के चलते उनका प्रत्याशी बना दिया गया है। राजस्थान भाजपा में अब पूरी तरह पीढ़ीगत बदलाव हो रहा हैं। एक तरफ जहां भजनलाल शर्मा जैसे आम कार्यकर्ता को वसुंधरा राजे पर तरहीज देते हुए मुख्यमंत्री बना दिया गया है।*

## महाविकास अघाड़ी में फूट, प्रकाश अंबेडकर गए रूठ

(अभिनय आकाश)

उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट ने महाराष्ट्र में आगामी लोकसभा चुनावों के लिए 16 उम्मीदवारों की घोषणा की, जहां वे विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के हिस्से के रूप में चुनाव लड़ेंगे। वरिष्ठ नेता अनिल देसाई के नाम की घोषणा पहले ही कर दी गई थी। महाराष्ट्र की राजनीति इन दिनों सबसे जटिल नजर आ रही है। एनडीए में जहां इन दिनों सीट शेयरिंग को लेकर खार परेशानी नहीं है। वहीं एमवीए में खींचतान सबसे ज्यादा है। इन सब के बीच जो सबसे अहम है वो सर्वाइवल है। ऐसा इसलिए क्योंकि ये चुनाव कई सियासी दिग्गजों का भविष्य तय करने वाला है। जो सर्वाइव करेगा वो टिकेगा और जो सर्वाइव नहीं कर पाएगा उसका सियासी वजूद भी दांव पर लग जाएगा। महाविकास अघाड़ी में फूट पड़ती नजर आ रही है। शिवसेना उद्धव गुट ने 17 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया। इनमें से 3 सीटों पर कांग्रेस के दावेदार टिकट का इंतजार कर रहे थे। वहीं वंचित बहुजन अघाड़ी के प्रकाश अंबेडकर ने महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी या एमवीए से नाता तोड़ लिया है और घोषणा की है कि पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट ने महाराष्ट्र में आगामी लोकसभा चुनावों के लिए 16 उम्मीदवारों की घोषणा की, जहां वे विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के हिस्से के रूप में चुनाव लड़ेंगे। वरिष्ठ नेता अनिल देसाई के नाम की घोषणा पहले ही कर दी गई थी। उद्धव ठाकरे की पार्टी के 17 लोकसभा उम्मीदवारों में देसाई के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री अनंत गीते और अरविंद सावंत प्रमुख नामों में शामिल हैं। पार्टी सांसद गजानन कीर्तिकर के बेटे अमोल कीर्तिकर को भी लोकसभा उम्मीदवार बनाया गया है। अनिल देसाई को मुंबई दक्षिण मध्य लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि अमोल कीर्तिकर को उत्तर पश्चिम मुंबई से और अरविंद सावंत को दक्षिण मुंबई से उम्मीदवार बनाया गया है। महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) दलों के बीच दरार तब खुलकर सामने आ गई जब कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए मुंबई की चार सीटों के लिए समय से पहले उम्मीदवारों की घोषणा करने के लिए शिवसेना (यूबीटी) पर तीखा हमला बोला। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, निरुपम ने कहा कि मुंबई उत्तर-पश्चिम सीट के लिए अमोल कीर्तिकर की उम्मीदवारी की घोषणा गठबंधन धर्म का उल्लंघन बताया और उन्होंने शिव सेना (यूबीटी) नेता को खिचड़ी चोर कहा। निरुपम ने उद्धव सेना गुट पर बिना किसी रोक-टोक के हमला बोलते हुए कहा कि शिवसेना ने एक खिचड़ी चोर को टिकट दिया है। हम खिचड़ी चोर उम्मीदवारों के लिए काम नहीं करेंगे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय निरुपम नाराज हैं, वे मुंबई नॉर्थ-वेस्ट से लोकसभा लड़ने की तैयारी कर रहे थे। उन्हें खुद राहुल गांधी ने टिकट का भरोसा दिया था। इन दिनों राज ठाकरे को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति में चर्चाओं का बाजार काफी गर्म रहा। कहा जा रहा है कि वो एनडीए में शामिल हो रहे हैं। जिससे एनडीए का कुनबा काफी बड़ा हो जाएगा। सीएम शिंदे के सामने एक बड़ा प्रेशर है। बीजेपी के बाद सबसे ज्यादा सीटें शिंदे सेना को मिल रही हैं। ऐसे में अगर एकनाथ शिंदे शिवसेना का कोर वोट अपने साथ नहीं ला पाते हैं तो उनकी आगे राह बहुत मुश्किल होगी। इसे हम बिहार के चिराग मॉडल से समझ सकते हैं। बीजेपी द्वारा पशुपति पारस के बजाए चिराग पासवान को तरजीह देना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। अकोला में एक संवाददाता सम्मेलन में प्रकाश अंबेडकर ने बुधवार को आठ उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। अंबेडकर ने आरोप लगाया कि एमवीए गठबंधन में मनोज जरांगे पाटिल फैक्टर पर विचार करने के लिए तैयार नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि एमवीए अपनी वंशवाद की राजनीति को बचाने के लिए वीबीए का इस्तेमाल करना चाहता था। वीबीए लगातार बयान दे रहा था और अपने समर्थकों को सीट-बंटवारे के फॉर्मूले में प्रगति के बारे में सूचित कर रहा था। एमवीए घटकों के बीच 15 संसदीय क्षेत्रों को लेकर विवाद है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5327

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 6 | | 7 | | | |
| | 4 | | 3 | | 9 | 8 | | |
| 3 | 7 | | | | | | | 1 |
| 4 | | | | | | | 3 | |
| 6 | 3 | | 1 | 2 | 5 | | 9 | 4 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 8 | | | | | | | 7 | 6 |
| | | 7 | 2 | | 6 | | 1 | |
| | | | 5 | | 3 | | | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5326

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 9 | 4 | 7 | 5 | 1 | 3 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 1 | 8 | 3 | 4 | 2 | 9 |
| 3 | 1 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 6 | 4 | 7 | 2 | 1 | 5 |
| 6 | 9 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 | 4 | 3 |
| 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 1 | 4 | 5 | 3 | 6 | 9 | 7 | 8 | 2 |

## वर्ग पहेली 5327



### वर्ग पहेली 5326 का हल



## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन संतान से जुड़ी समस्याएं दूर करने में बीतेगा। किसी प्रतियोगिता में आपकी जीत हो सकती है। किसी खास उपलब्धि से भी आपका मन प्रसन्न रहेगा, किन्तु मौसम परिवर्तन का स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। सेहत पर ध्यान दें और बाहर के खाने से बचें। मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### वृष
आज हर काम काफी सोचकर करने की जरूरत है। आप यदि व्यापारी हैं तो आज अनावश्यक अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। सरकारी नौकरी करने वालों को वरिष्ठ अधिकारी का क्रोध झेलना पड़ सकता है। शाम के वक्त सामाजिक संबंधों से आपको लाभ होगा। नई योजना की तरफ ध्यान दें, अचानक लाभ हो सकता है।

### कर्क
आज आपको छुटपुट लाभ की संभावना है। नौकरी व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे। आज आपको कारोबार में लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होगी। कोई भी काम करें तो सोचविचारकर करें। रात्रि का समय मित्रों और परिजनों के साथ खुशी में बीतेगा।

### सिंह
आज आपको कारोबार में मनचाही सफलता मिलेगी। सर्वार्थ सिद्धि योग के प्रभाव से आपको रुके हुए पैसे की प्राप्ति होगी और धन सम्मान में वृद्धि होगी। आपको करियर और व्यापार में जबर्दस्त लाभ होगा। और आपके लिए स्थान परिवर्तन के सुखद संयोग भी बन रहे हैं।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए धन सम्मान से भरा होगा। दाम्पत्य जीवन में सरसता बनी रहेगी। पराक्रम में वृद्धि से शत्रुओं का मनोबल टूटेगा। दिन के उत्तरार्ध में अचानक अतिथियों के आगमन से व्यय भार बढ़ेगा और आपको घर का काम अधिक करना पड़ेगा। अच्छे काम करने से आपको लाभ होगा।

### कन्या
आज आर्थिक लाभ होगा और गोचर के शुभ प्रभाव से सफलता मिलेगी। आपको वाहन और भूमि खरीदने के मामले में लाभ होगा सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और घर की जरूरत का कोई सामान खरीदने में खर्च हो सकता है।

### तुला
आज आर्थिक लाभ होगा और आज आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके धन में वृद्धि होगी और परिवार में एकता का माहौल रहेगा। सफलता आपके कदम चूमेगी और आपका दिन प्रसन्नता में बीतेगा। आप अपने सामाजिक क्षेत्र में मेल-जोल बढ़ाने में कामयाब होंगे और आपकी योजनाएं सफल होंगी।

### वृश्चिक
आज लाभ का दिन है। आज आपको अच्छे काम करने का फल अच्छा मिलेगा। स्वजनों से सुख मिलेगा और परिवार में सभी लोग प्रसन्न होंगे। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें। घर गृहस्थ की समस्या सुलझ जाएगी। राजकीय मदद भी मिलेगी। सूर्यास्त के समय अचानक लाभ होने के योग हैं।

### मकर
आज आपका दिन सम्मान से भरा होगा। आज आपके पद, अधिकार की महत्वाकांक्षा पूर्ण होगी। समस्याओं के समायोचित समाधान न मिलने से मानसिक अशांति रहेगी। दूर-समीप का यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित हो सकता है। व्यवसायिक मामलों में लाभ होगा और आपके धन में वृद्धि होगी।

### कुंभ
आज आर्थिक लाभ से जुड़ा होगा और आज आपको धन प्राप्ति के मामले में लाभ होगा। आपका विश्वास धर्म और आध्यात्म में बढ़ेगा और आपको कारोबार में मनचाहा लाभ होगा। रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें, अतीत के संदर्भ में अनुसंधान का लाभ मिलेगा। नए संपर्क से आपके कुछ रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### धनु
आज भाग्य साथ देगा और आज आपको धन की बचत करने में सफलता मिलेगी। अनावश्यक चिंताओं से आपका मन परेशान होगा। नई उपलब्धियां आपको कड़ी मेहनत से मिलेंगी और आप अपनी जिम्मेदारियां पूरी कर पाएंगे। सामाजिक उत्तरदायित्व भी बढ़ेगा। किसी अनजान व्यक्ति से आज लेनदेन न करें। वरना आपको धोखा मिल सकता है।

### मीन
आज लाभ का दिन है और आज आपका मन कुछ कर दिखाने का करेगा। अधिकारियों के साथ आपके संबंध अच्छे रहेंगे और आपको दूरगामी लाभ होगा। निराशाजनक विचारों से बचें और बेहतर होगा कि आप अपने काम पर फोकस करें। सायंकाल संतान पक्ष से अचानक शुभ समाचार मिल सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा चुनाव से पहले निशिकांत दुबे की बढ़ी मुश्किलें, पत्नी सहित दस के खिलाफ केस दर्ज

**देवघर, एजेंसी।** गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे सहित 10 लोगों पर शिवदत्त शर्मा के बयान पर जालसाजी समेत अन्य धाराओं के तहत जसीडीह थाने में प्राथमिकी हुई है ।आरोप है कि परित्राण मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के लिए बैंकों ने 93 करोड़ ऋण स्वीकृत किए थे। बाद में एमसीआइ ( मेडिकल काउंसिल आफ इंडिया) ने अपनी नीति में कुछ बदलाव ।यह कॉलेज उन आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर सका। इस कारण एमसीआइ से अनुमोदन प्राप्त नहीं हुआ और मेडिकल कॉलेज शुरू नहीं हुआ। ऐसे में उनके ऋण को गैर निष्पादित संपत्ति घोषित कर दिया गया ।उनका आरोप है कि सांसद दुबे, उनकी पत्नी अनामिका गौतम ने उनके दस्तावेजों का दुरुपयोग करके उन्हें धोखा दिया। उनकी संपत्ति बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट द्वारा नीलामी में खरीदी गई। नीलामी में सिर्फ ट्रस्ट ने बोली लगाई। आरोप है कि ट्रस्ट को केवल 15 हजार रुपये से खोला गया। हालांकि, कुछ समय के बाद उसमें बड़ी लेनदेन हुई। आवेदन में लेनदेन का विवरण भी दिया गया है। आरोप है कि धोखा देकर उनकी संपत्ति को ट्रस्ट ने हासिल कर ली है।

### मैथन जलापूर्ति योजना का बह रहा पानी, पेयजल विभाग मौन

**गोविंदपुर , एजेंसी।** मैथन जलापूर्ति योजना का पानी गोविंदपुर इलाके में बहकर बेकार हो रहा है, परंतु पेयजल एवं स्वच्छता विभाग इसकी रोकथाम का कोई प्रयास नहीं कर रहा है। जलसंकट से जूझ रहे गोविंदपुर पूर्वी, गोविंदपुर पश्चिमी, अमरपुर एवं कर्माटांड़ पंचायत के मुखिया एवं जैप जवानों ने रविवार को खुद मोर्चा संभाला तथा कालाडीह एवं साबलपुर के बीच दिन–रात बह रहे पानी को बचाने के लिए फिर से वेल्डिंग किया। इसके पूर्व भी यहां वेल्डिंग किया गया था, परंतु कुछ लोगों ने तोड़ दिया। इसके अलावा बागसुमा समेत कई स्थानों पर पानी व्यर्थ बह रहा है। मुखिया ममता देवी, झूमा मुखर्जी, सोनी खातून व परिजन बीवी ने बताया कि पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। रमजान में भी पर्याप्त जलापूर्ति नहीं होने से परेशानी हो रही है। कुछ दिनों में नवरात्र भी आने वाला है। यही स्थिति रही तो पानी के लिए मारामारी होगी। विभाग गोविंदपुर को अधिक पानी नहीं दे तो भी कोई परेशानी नहीं है। लेकिन इस तरह बहते हुए पानी को रोका जाए तो समस्या का निदान हो जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि काफी दिनों से क्षेत्र में व्याप्त जल संकट के समाधान के लिए नागरिक समिति के संयुक्त सचिव अनूप कुमार साव ने उपायुक्त को आवेदन दिया है। उन्होंने डीसी से समस्या के निदान की मांग उठाई है। जबकि पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता जेसन होरो ने बताया कि उन्होंने गोविंदपुर पश्चिमी पंचायत की मुखिया ममता देवी एवं वीरेंद्र रजक को कार्यालय में बुलाया था, पर वह नहीं आए। मुखिया की उपस्थिति में ही समाधान की कोशिश की जाएगी। पाइप तोड़कर पानी चोरी करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

### पुराना बाजार में जामा मस्जिद के पास आगजनी, 10 दुकानें हुईं खाक, लाखों का नुकसान

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर सात के समीप जामा मस्जिद रोड स्थित फुटपाथ पर बने दुकानों में शनिवार की रात आगजनी की घटना में दस दुकानें जल गई। लाखों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। घटना रात शनिवार रात आंधी–बारिश के बाद हुई है। एक दुकान में आग लगने के बाद लोगों को जानकारी हुई। सूचना पर दमकल की गाड़ी भी पहुंची लेकिन देखते–देखते 10 दुकानें जल गई। उक्त दुकानों में फैंसी घड़ी, चश्मा, बेल्ट, फैंसी आईटम आदि बेचे जाते थे। बताया जा रहा है कि घटना में बिट्टू जायवाल, पप्पू खान, अशोक, राजकुमार यादव की दो दुकान, जॉनी, हरि साव सहित अन्य लोगों की दुकानें जली हैं। अगजनी की घटना में 5 से 6 लाख की संपत्ति जलने का अनुमान लगाया जा रहा है। दुकानदारों ने बताया कि उक्त दुकानों में बिजली कनेक्शन नहीं है। जनरेटर पर ही दुकानों में बिजली जलती है। बंद होने पर दुकानों में बिजली नहीं रहती है। अंदेशा जताया जा रहा कि रात में किसी शरारती तत्वों ने दुकानों में आग लगाई है। जिनकी दुकानें हैं, उनमें कई लोग ऐसे भी हैं, जिन्होंने सूद पर लेकर दो दिन पहले माल मंगवाया था। ईद के मद्देनजर यह खरीदारी की गई थी। जो जले गई। आग पर काबू नहीं पाया जाता तो पास की अन्य दुकानें भी आग की चपेट में आ जाती।

# आंधी-बारिश से चरमराई बिजली, आधे से अधिक शहर में जलापूर्ति भी बाधित



**धनबाद, एजेंसी।** शनिवार की देर रात तेज आंधी व बारिश से पूरे जिला में बिजली चरमराने के साथ जलापूर्ति पर आफत आ गई। शनिवार देर रात से रविवार सुबह 7 बजे तक लगभग पूरे शहर में बिजली ठप रही। शनिवार रात 1.15 बजे तेज आंधी व बारिश के साथ धैया, हीरापुर, पॉलीटेक्निक, पीएमसीएच, भुदा, जोड़ाफाटक समेत आमाघाटा सब स्टेशन क्षेत्र में बिजली गुल हो गई। भोर 3:30 बजे तक डीवीसी से बिजली गुल रही। इसके बाद सुबह 7 बजे तक अधिकतर इलाकों में जेबीवीएनएल की बिजली ठप रही।

सुबह 6 बजे बिजली सामान्य होने पर भी दिनभर बिजली आती जाती रही। बिजली तारों पर पेड़ की डाली गिरने, पेड़ गिरने समेत फ्यूज कॉल के कारण दिनभर बिजली की समस्या रही। पीएमसीएच सब स्टेशन में शनिवार रात 1.15 बजे डीवीसी से बिजली कट गई। तड़के 4 बजे लौटी लेकिन फिर चली गई। सुबह 6 बजे बिजली रिस्टोर की गई। बारिश से सबसे अधिक नुकसान गोविंदपुर के आमाघाटा सब स्टेशन एरिया में हुआ। रिलायंस पेट्रोल पंप के पास बड़ा से पेड़ गिर जाने से रविवार दोपहर तक बिजली प्रभावित रही। इससे पूरे शहर के लोगों को रात से लेकर पूरे दिन परेशानी का का सामना करना पड़ा।

शनिवार की देर रात को आए भीषण आंधी तूफान में कई जगहों पर तबाही मची लेकिन सबसे ज्यादा तोपचांची के हीरापुर में तबाही मची। यहां विशालकाय बरगद का पेड़ बीच सड़क पर गिर गया जिससे तोपचांची और कतरास के बीच आवागमन बाधित हो गया। सुबह होने पर स्थानीय लोगों के प्रयास से पेड़ को हटाया गया तब जाकर यातायात सुचारू ढंग से शुरू हो सका। आंधी बारिश से रविवार को शहर में जलापूर्ति पर भी असर पड़ा। 9 जलमीनारों से पानी ही नहीं चला। इससे शहर की साढ़े चार लाख आबादी में से ढाई लाख लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ा। बारिश के चलते शनिवार की रात 1:15 बजे से रविवार की सुबह 10:50 और दोपहर 12:55 से 1:15 तक भेलाटांड़ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का मोटर बिजली नहीं रहने से बंद रहा। इससे पहले गुरुवार को डैम स्थित इंटेकवेल में बिजली बाधित रही थी। इस कारण शुक्रवार को शहर के 13 जलमीनारों से पानी नहीं चला था। गुरुवार को तीन जगहों पर पानी नहीं चल पाया था। रविवार को गोल्फ ग्राउंड, वासेपुर, गांधी नगर, बरमसिया, भुदा, धोबाटांड़, स्टीलगेट, भूली व हिल कॉलोनी में पानी चला। अन्य नौ जलमीनारों से पानी नहीं चल पाया। शाम तक इंतजार के बाद भी पानी नहीं चलने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

**दो से तीन डिग्री तापमान बढ़ने का अनुमान :** मौसम विज्ञानियों के अनुसार ओडिशा के ऊपर बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन के साथ देश के पश्चिमोत्तर भाग में आया पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म हो चुका है। अगले पांच दिनों तक मौसम साफ रहने का अनुमान है। तीन दिन के बाद झारखंड के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री वृद्धि हो सकती है।

**दो से तीन डिग्री तापमान बढ़ने का अनुमान :** मौसम विज्ञानियों के अनुसार ओडिशा के ऊपर बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन के साथ देश के पश्चिमोत्तर भाग में आया पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म हो चुका है। अगले पांच दिनों तक मौसम साफ रहने का अनुमान है। तीन दिन के बाद झारखंड के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री वृद्धि हो सकती है। मौसम विभाग रांची केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंदन ने कहा कि गरज और बिजली कड़कने के बीच रांची में शनिवार की रात 40 से 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चली। करीब आधे घंटे तक आंधी रह-रहकर जोर मारती रही। वहीं रविवार की रात भी बारिश और ओले गिरे। मौसम के इस बदलाव से रात में ठंड का एहसास हुआ। राज्य के विभिन्न हिस्सों में पिछले 24 घंटों के दौरान तेज आंधी के साथ बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश कोडरमा में दर्ज की गई। राज्य में अब अगले पांच दिनों के दौरान मौसम साफ रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान बढ़ सकता है।

**रांची में 50 किलोमीटर की गति से चली हवा :** गरज और बिजली कड़कने के बीच रांची में शनिवार की रात 40 से 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चली। करीब आधे घंटे तक आंधी रह-रहकर जोर मारती रही। वहीं रविवार की रात भी बारिश और ओले गिरे। मौसम के इस बदलाव से रात में ठंड का एहसास हुआ।मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद का कहना है कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में पिछले 24 घंटों के दौरान तेज आंधी के साथ बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश कोडरमा में दर्ज की गई। राज्य में अब अगले पांच दिनों के दौरान मौसम साफ रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान बढ़ सकता है।

# कई जिलों में पारा 40 के करीब पहुंचा



**रांची, एजेंसी।** कल रात राज्य के कई हिस्सों में तेज बारिश हुई। राजधानी रांची में भी तेज हवा और बारिश का असर देखने को मिला। अब राज्य में धीरे- धीरे तापमान में बढ़त महसूस होने लगेगी।

मौसम विभाग के अनुसार आज मौसम शुष्क रहेगा। राज्य के कुछ जिलों में आसमान में हल्के बादल नजर आ सकते हैं लेकिन मौसम में किसी बड़े बदलाव के संकेत नहीं है। आज किसी तरह का अलर्ट जारी नहीं किया है।

प्रदेश के कई जिलों में तापमान अभी ही 40 के करीब चला गया है। राज्य में तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से लेकर न्यूनतम 19 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने के आसार हैं। आसमान साफ रहेगा और मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 1 अप्रैल से लेकर 6 अप्रैल तक मौसम में किसी बड़े बदलाव के संकेत नहीं है। अगले दो से तीन दिनों में तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़त दर्ज की जा सकती है।

राज्य में पिछले 24 घंटे के मौसम के मिजाज पर नजर डालें तो कई जगहों पर गर्जन के साथ आंधी और मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गई है। सबसे अधिक बारिश कोडरमा के परसाबाद इलाके में दर्ज की गई है। राज्य में सबसे अधिक तापमान देवघर में 39.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। राज्य में सबसे कम तापमान लोहरदगा में 18.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।पिछले 24 घंटे में मौसम में बदलाव का आंकड़ा देखें तो डाल्टेनगंज में पिछले 24 घंटे में मौसम में सबसे अधिक बदलाव नोटिस किया गया है। यहां के तापमान में 2.9 डिग्री सेल्सियस की बढ़त दर्ज की गई है। इसके बाद रांची, जमशेदपुर , बोकारो और चाईबासा में तापमान में बढ़त आई है।

## रांची पुलिस की बड़ी कार्रवाई-तमाड़ में राजस्थान जा रहा 2925 किलो डोडा बरामद, एक गिरफ्तार

रांची/तमाड़, एजेंसी। रांची पुलिस ने रविवार को तमाड़ थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान 2925 किलो डोडा बरामद किया। इस मामले में कंटेनर के चालक केसर राम को गिरफ्तार किया है। केसर राम से तमाड़ थाना में पूछताछ की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि कंटेनर पर लोड 117 बोरा बरामद किया गया है। प्रत्येक बोरा में 25 किलो डोडा था। एसएसपी चंदन सिन्हा को फोन पर सूचना मिली थी कि एक लाल रंग का कंटेनर में करोड़ों रुपये का डोडा राजस्थान जा रहा है।

एसएसपी ने बुंडू डीएसपी रतिभान सिंह आदि को आदेश दिया कि तमाड़ इलाके में वाहन चेकिंग अभियान लगाकर कंटेनर को बरामद करें। पुलिस ने तमाड़ में चेकिंग अभियान लगाया तो कुछ देर के बाद लाल रंग का कंटेनर मौके पर पहुंचा। कंटेनर में सवार खलासी मौके से फरार हो गया लेकिन चालक को पुलिस ने पकड़ लिया।

पुलिस का कहना है कि कंटेनर के चालक ने बताया कि वह खाली कंटेनर लेकर तमाड़ पहुंचा था। राजस्थान के कुछ कारोबारियों ने उसे कंटेनर पहुंचाने के लिए 50 हजार रुपये दिए। लेकिन वह तमाड़ में जैसे ही कंटेनर लेकर निकला, पुलिस की गिरफ्त में आ गया। पुलिस फरार खलासी को पकड़ने के लिए छापामारी कर रही है। पुलिस का दावा है कि खलासी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। रांची पुलिस जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करेगी।

पुलिस का कहना है कि बरामद डोडा साढ़े चार करोड़ रुपये का है। पुलिस पिछले कुछ दिनों में 118 किलो डोडा बरामद कर चुकी है। एसएसपी चंदन सिन्हा का कहना है कि तमाड़ समेत अन्य इलाकों अफीम को लेकर लगातार अभियान चलाने का आदेश दिया गया है। पुलिस द्वारा कई जगहों पर भारी मात्रा में लगे अफीम को नष्ट किया गया है।

# झारखंड की 6 सीटों पर राजनीतिक विरासत बचाने की जंग में उतरे नेता

**रांची , एजेंसी।** परिवारवाद देश की राजनीतिक में हाल के वर्षों में चर्चित इश्यू रहा है। पहले भाजपा और अब विपक्ष भी इस मुद्दे को उठाने लगा है, लेकिन परिवारवाद से कोई भी दल या राज्य अछूता नहीं है। लोकसभा चुनाव-2024 के मैदान में झारखंड में भी कई नेता अपनी पारिवारिक राजनीतिक विरासत बचाने के लिए कूद पड़े हैं। लेकिन, इनकी राजनीतिक पूंजी परिवार ही रही है।

पारिवारिक पृष्ठभूमि ने ही इन्हें यहां पहुंचाया है और आगे भी ये अपने परिवार की राजनीतिक पूंजी के बल पर ही जाने को उतावले हैं। यह अलग बात है कि इस क्रम में कुछ नेता पार्टी और जनता के बीच अपना भी पहचान बनाते जा रहे हैं। हम यहां ऐसे ही कुछ नेताओं की कहानी प्रस्तुत कर रहे हैं, जिन्हें राजनीति विरासत में मिली है।

**जेपी पटेल :** हजारीबाग से कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को भी राजनीति विरासत में मिली है। पटेल के पिता टेकलाल महतो झामुमो के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। उनके देहांत के बाद पुत्र जेपी पटेल ने राजनीतिक विरासत संभाली। विधायक, मंत्री बने। झामुमो, भाजपा के रास्ते अब कांग्रेस में पहुंचे हैं।

**मनीष जायसवाल :** पहले हजारीबाग और फिर झारखंड की राजनीति में मनीष जायसवाल को नाम और पहचान पिता बादल जायसवाल से ही मिली। बताने की जरूरत नहीं कि बादल जायसवाल पहले भाजपा के नेता रहे। फिर बाबूलाल मरांडी के साथ जेवीएम में गए। फिर भाजपा में लौट आए।

**विनोद सिंह :** कोडरमा से माले प्रत्याशी विनोद सिंह पिता महेंद्र सिंह के असामयिक निधन के बाद उनकी राजनीतिक विरासत संभालने आए। महेंद्र सिंह वामपंथी विचारधारा के एक अलग हस्ताक्षर थे। राजनीति में आए विनोद सिंह ने भी ढंग से पार्टी और राजनीतिक विरासत को संभाला। दो बार विधायक चुने गए।

**अन्नपूर्णा देवी:**कोडरमा से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा अपने पति रमेश यादव के देहांत के बाद मजबूरी में राजनीति में आईं। पहले राजद के टिकट पर कोडरमा से विधायक, फिर मंत्री और भाजपा से से कोडरमा से जीत कर सांसद और केंद्र की मोदी सरकार में शिक्षा राज्यमंत्री बनीं।

# झारखंड में ड्रग्स तस्करों पर शिकंजा, खूंटी से राजस्थान भेजा जा रहा 4.50 करोड़ का डोडा जब्त




**रांची, एजेंसी।** रांची पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ रविवार को कार्रवाई करते हुए तमाड़ से 117 बोरी डोडा जब्त किया। इसका बाजार मूल्य लगभग 4.50 करोड़ रुपये है। वहीं कंटेनर चालक केसरा राम को गिरफ्तार कर लिया है। वह राजस्थान के बाड़मेर जिले का निवासी है।

डोडा की यह खेप खूंटी जिले से राजस्थान भेजी जा रही थी। स्पेशल शाखा से इनपुट मिलने पर जब्ती की कार्रवाई की गई। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर खूंटी से रांची हाइवे तक जानेवाले सभी मार्गों पर नाकेबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की गई। पुलिस को इस बीच खूंटी से रांची के तमाड़ जानेवाले मार्ग में एक कंटेनर आता दिखा। जवानों ने उसे रुकवाया और जांच की तो उसमें से 117 बोरियों में डोडा रखा हुआ था।

**पहली बार सामने आया राजस्थान लिंक :** नशे की इतनी बड़ी खेप पकड़े जाने के बाद झारखंड पुलिस की स्पेशल शाखा जांच में जुट गई है। झारखंड के नशे के तस्करों का पहली बार राजस्थान लिंक सामने आया है। रांची पुलिस मामले को लेकर राजस्थान पुलिस के भी संपर्क में है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को भी मामले की जानकारी दी गई है।

**डोडा पहुंचाने के लिए 50 हजार रुपये का लालच :** डोडा को खूंटी से राजस्थान पहुंचाने के लिए कंटेनर चालक को 50 हजार रुपये का प्रलोभन दिया गया था। पुलिस के अनुसार चालक को राजस्थान से खाली कंटेनर लेकर खूंटी भेजा गया था। कहा गया था कि डोडा लेकर वह राजस्थान पहुंचेगा तो उसे अलग से राशि दी जाएगी।

**वर्ष 2024 में अभी तक सबसे बड़ी नशे की खेप :** साल 2024 में यह डोडा की सबसे बड़ी खेप पकड़ी गई है। प्रत्येक बोरी में 25 किलो डोडा भरा था। एसएसपी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में डोडा की कुल कीमत साढ़े चार करोड़ रुपये है।

## पापा पर नहीं, मम्मी पर चलाई गोली... बच्चों की एक गवाही से पुलिस ने सुलझाई हत्याकांड की गुत्थी

**रांची , एजेंसी।** सोनारी निवासी ज्योति अग्रवाल की हत्या उसके कारोबारी पति रवि अग्रवाल ने 36 लाख सुपारी देकर कराई। पुलिस ने मामले की गुत्थी सुलझाने का दावा कर रवि अग्रवाल के साथ घटना में शामिल तीन शूटरों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कांड का मुख्य सूत्रधार फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

सीतारामडेरा में कारोबार करने वाले रवि अग्रवाल के खिलाफ उनके ससुर प्रेमचन्द अग्रवाल ने बेटी की हत्या का केस दर्ज कराया था, जिसके आधार पर पुलिस ने रवि को रविवार तड़के गिरफ्तार कर लिया।



उसके मोबाइल की कॉल डिटेल में कुछ लोगों से लगातार बातचीत होने के आधार पर जब पूछताछ की गई तो पूरे मामले का खुलासा हो गया। सूत्र बताते हैं कि रवि ने सूत्रधार का नाम भी बताया, जिसके घर पर दबिश दी गई। छापेमारी में वह फरार मिला। उसके बाद मोबाइल नम्बर और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने सीतारामडेरा इलाके में ही छापेमारी कर तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने ज्योति अग्रवाल की हत्या की बात स्वीकारी। पुलिस ने तीनों को रवि के सामने पेश किया गया तो उसने पूरी कहानी सामने आ गई। रवि ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 2009 में हुई थी। शादी के बाद से ही वह पत्नी से परेशान था। दो साल से वह ज्यादा परेशान रहने लगा था। पत्नी उसके साथ मारपीट करती थी, इसीलिए उसकी हत्या की साजिश रची। उसे मारने के लिए वह पहले गंगटोक ले गया, जहां असफल रहा। इसके बाद दो महीने पहले जनवरी में आठ लाख में हत्या का सौदा किया, जिसमें उसके पैसे डूब गए। सौदे के अनुसार, पत्नी को बिष्टूपुर के एक होटल में मारना था। बिना मारे शूटरों के पैसे लेकर भाग जाने के चलते वह इसमें फेल हो गया।

मायके वालों ने रवि पर निशाना साधना शुरू किया तो रवि को लगा कि सब उल्टा पड़ रहा है। विशाल और रवि में उसके बाद कोई सम्पर्क नहीं हुआ। प्रेमचंद अग्रवाल के केस करने के बाद पुलिस को उसकी गिरफ्तारी का आधार मिला। सूत्र यह भी बता रहे हैं कि हत्या के खुलासे में बच्चों की भी भूमिका अहम रही। उनलोगों ने पुलिस को बताया कि पापा की तरफ गोली तो नहीं चली सिर्फ मां की तरफ चली थी।

## ऑटो पर बिजली तार गिरने से चालक की मौत पत्नी की किडनी के सहारे जिंदा था मृतक

**राजगंज, एजेंसी।** राजगंज के लाल बाजार में विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से ऑटो चालक श्रीकांत कुम्हार उर्फ कांतो की मौत हो गई। जबकि घटना में कई लोग बाल-बाल बच गए। घटना के बाद मौके पर कोहराम मच गया। आनन-फानन में स्थानीय लोग ऑटो चालक को उठाकर पास के नर्सिंग होम में इलाज के लिए ले गए। जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए उसे धनबाद रेफर कर दिया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, घटना की जानकारी जैसे ही ऑटो चालक के परिजनों को हुई तो उन लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। चिकित्सक द्वारा ऑटो चालक को मृत घोषित किए जाने के बाद परिजन शव को लेकर राजगंज चले आए। जहां लोगों ने थाना के मुख्यद्वार के समक्ष शव रखकर जर्जर तार को बदलने व मृतक के आश्रित को मुआवजा देने की मांग करने लगे। थाने में ही पुलिस की मौजूदगी में त्रिपक्षीय वार्ता हुई। जिसमें विद्युत विभाग के अधिकारियों ने तीन महीने के भीतर आश्रित को विधि सम्मत मुआवजा राशि (करीब साढ़े तीन लाख) देने का आश्वासन दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वार्ता में विभाग के जेई देवी लाल सोरेन, राजगंज मुखिया पति सुबोध कुमार, सांसद प्रतिनिधि गिरधारी महतो, राजगंज थानेदार सहित कई लोग शामिल थे।बताया जाता है कि लाल बाजार निवासी श्रीकांत कुम्हार उर्फ कांतो (42) ऑटो लेकर सुबह करीब आठ बजे बजरंग बली मंदिर के सामने खड़ा कर अपनी बारी का इंतजार करने लगा।

# झारखंड की 6 लोकसभा सीटों पर कुड़मी वोटर्स का दबदबा, राज्य की कुल आबादी में करीब 25 फीसदी कुड़मी



**रांची , एजेंसी।** झारखंड का चुनावी गणित कुड़मी कार्ड से बनता बिगड़ता रहा है। राज्य की 14 में से पांच सीटों पर कुड़मी (कुर्मी) वोटरों का मत निर्णायक होता रहा है। इन पांच सीटों में रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, धनबाद और गिरिडीह शामिल हैं। राजनीतिक गलियारों में माना जाता है कि राज्य की कुल आबादी में करीब 25 फीसदी कुड़मी (कुर्मी) हैं, लेकिन सरकारी कागजों में आज भी कुड़मी आबादी को महज 16 प्रतिशत ही माना गया है। छोटानागपुर क्षेत्र में कुड़मी वोटर असरदार माने जाते हैं। राजनीतिक रूप से शक्तिशाली और आर्थिक रूप से संपन्न माने जाने वाले कुड़मी-महतो जाति के समर्थन से ही इन छह संसदीय क्षेत्र में उम्मीदवारों के भविष्य का फैसला होता है। इसके बाद भी कुड़मी आंदोलन कभी किसी प्रमुख दल के चुनावी मुद्दों में खास जगह नहीं बना पाया है। इस बार कुड़मी आंदोलन में शामिल संगठन अंदरखाने अपनी सामाजिक लड़ाई को चुनावी मुद्दा बनाने को माहौल तैयार कर रहे हैं। कुरमाली भाषा विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. राजाराम महतो के अनुसार केवल लोकसभा ही नहीं, बल्कि राज्य की 30 से अधिक विधानसभा सीटों पर भी कुड़मी वोटरों का खासा प्रभाव है।

हजारीबाग में कुड़मी वोटर्स की संख्या 15 फीसदी है। रांची में 17, धनबाद में 14 फीसदी, जमशेदपुर में 11 और गिरिडीह में 19 प्रतिशत मतदाता कुड़मी हैं। इस तरह से सूबे के 81 में से 35 विधानसभा क्षेत्र और 14 में से 6 लोकसभा क्षेत्रों में उनका वोट प्रत्याशी की जीत-हार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।रांची संसदीय क्षेत्र में 17 कुड़मी वोटर हैं। हालांकि रांची लोकसभा क्षेत्र में जातीय वोट बैंक को लेकर हर चुनाव में समीकरण बदलता है। यहां जातीय फैक्टर के बजाय राष्ट्रीय राजनीति की विचारधारा पर हर बार वोटरों का मूड बदलता रहा है। बावजूद इसके ग्रामीण क्षेत्र की 15 .गैर जनजातीय आबादी में कुड़मी अहम भूमिका निभाते हैं।

पांच बार रामटहल चौधरी सांसद रहे।जमशेदपुर लोस सीट की बात करें तो यहां पिछले 35 साल में कुल 11 लोस चुनाव हुए हैं। इनमें तीन बार ही गैर कुड़मी उम्मीदवार जीत पाए हैं। इनमें अर्जुन मुंडा, अजय कुमार व नीतीश भारद्वाज शामिल हैं। आठ बार कुड़मी उम्मीदवार ही जमशेदपुर से संसद पहुंचे हैं। यहां 11 प्रतिशत कुड़मी वोटर हैं। यही कारण है कि भाजपा ने विद्युतवरण महतो को तीसरी बार उतारा है।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक ने जरा सी बात पर छात्र को पीटा, जातिसूचक शब्द कहने का भी आरोप- केस दर्ज

**गोरखपुर , एजेंसी।** गोरखपुर के उरूवा थानाक्षेत्र के मुरारपुर प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक रविशंकर पांडेय पर छठवीं के छात्र से मारपीट और जातिसूचक गाली देने का आरोप लगा है। आरोप है कि पैर छूकर चरण स्पर्श नहीं करने पर मारपीट की गई। पुलिस ने आरोपी शिक्षक पर मारपीट, एससी-एसटी एक्ट की धारा में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।जानकारी के मुताबिक, मुरारपुर के अकलजीत ने थाने में दी तहरीर में लिखा है कि उनका बेटा मनीष कक्षा छह में प्राथमिक विद्यालय मुरारपुर में पढ़ता है। बीते 27 मार्च को इंटरवल के समय विद्यालय में गणित के अध्यापक रविशंकर पांडेय आए और जबरिया पैर छूकर चरण स्पर्श करने को कहा।

बेटे ने ऐसा नहीं किया तो शिक्षक ने उसे पकड़कर बेरहमी से लात, घुसों से पीटा। फिर उठाकर पटक दिया गया। बेटे की आंख और पीठ में चोटें आई हैं।आरोप है कि चोट इतनी गंभीर है कि आंख के अंदर की झिल्ली डैमेज हो गई है। चोट लगने से रोने पर गाली देकर चुप रहने वरना नाम काट कर निकाल देने की धमकी देने का भी आरोप है। एसपी साउथ जितेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। जांच और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। बीएसए रमेंद्र कुमार ने बताया कि ऐसा मामला संज्ञान में आया है। मामले की पूरी निष्पक्षता के साथ जांच की जाएगी। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### पत्रकारों से बदसलूकी करने वाले अपर पुलिस उपायुक्त को हटाया, कमिश्नरेट मुख्यालय से किया गया संबद्ध

**वाराणसी , एजेंसी।** रंगभरी एकादशी के दिन श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में पत्रकारों से बदसलूकी के बाद गैरहाजिर चल रहे अपर पुलिस उपायुक्त सुरक्षा वीरेंद्र कुमार को निर्वाचन आयोग ने कमिश्नरेट मुख्यालय से संबद्ध किया। अपर पुलिस उपायुक्त (महिला अपराध) ममता रानी चौधरी को अपर पुलिस उपायुक्त सुरक्षा का अतिरिक्त दायित्व दिया गया है। पत्रकारों से बदसलूकी की शिकायत पाकर पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने एडिशनल सीपी एस चनप्पा को जांच सौंप दी थी। जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है।

### चारपहिया वाहन की चपेट में आने से एक की मौत, दूसरा घायल

**गोरखपुर ।** देवरिया में रामजानकी मार्ग पर सडकड़ा गांव के सामने रविवार की रात में चारपहिया वाहन की चपेट में आने से बाइक पर सवार दो लोगो में एक की मौत मौके पर हो गई। जबकि बाइक पर पीछे बैठा गंभीर रूप से घायल हो गया। रोड पर आने जाने वाले राहगीरों ने घायल को एम्बुलेंस के जरिए सीएचसी पहुचाया, जहां डॉक्टरों ने घायल शुभम को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। वहीं, घटना के बाद चारपहिया वाहन चालक वाहन समेत फरार हो गया। मौत की खबर सुनते ही मृतक के परिजन घटना स्थल पर पहुंच गए ।

लार थाना क्षेत्र के हरखौली ग्राम सभा के उप तोला खरका तुला निवासी मनीष पुत्र जगदीश ओझा रविवार की रात गांव के शुभम के साथ रात में बाइक से लार के लिए निकला। दोनों रामजानकी मार्ग पर सडकड़ा गांव के सामने पहुंचे थे कि पीछे के तरफ से आ रही एक चारपहिया वाहन की चपेट में आ गए, जिसमें बाइक चला रहे मनीष (38) की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर बैठा शुभम भी घायल हो गया। घटना के बाद चालक वाहन को लेकर फरार हो गया। रोड पर आने जाने वाले लोगों ने एम्बुलेंस के सहारे घायल को सीएचसी लार पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार शुभम को भी चोट काफी लगी थी, जिससे बेहतर इलाज के लिए उन्हें मेडिकल कालेज भेज दिया गया। इंस्पेक्टर लार कपिल देव चौधरी मौके पर पहुँच कर शव को अपने कब्जे में लिया। सीओ दीपक शुक्ला ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**घर पर बन रहा था बाटी और चोखा:** खरका निवासी मनीष और शुभम एक बाइक से घर से निकले थे। उस समय शुभम के घर बाटी और चोखा बन रहा था। शुभम ने घर के लोगों से बोला कि हम दोनों अभी आ रहे हैं तो बाटी और चोखा खाएंगे।

# देवीपाटन मंडल के मतदाताओं को भाए बाहरी, सभी सीटों पर परदेसियों ने हासिल की जीत

**बलरामपुर , एजेंसी।** मतदाताओं का मन, मूड और माहौल भांपने वाले ही नेतागिरी की पाठशाला के मेधावी होते हैं। नेता से राजनेता तक का सफर तय कर विधानसभा और फिर संसद में भी जोरदार दस्तक देते हैं। ऐसे नेताओं का न कोई निश्चित दायरा होता है और न ही कोई विशेष क्षेत्र। वे जहां से भी उतरें जीत का समीकरण बना ही लेते हैं, लेकिन देवीपाटन मंडल का चुनावी अध्याय इससे जुदा है। यहां बाहरियों ने ही जीत का डंका बजाया है।

पहले आम चुनाव में मंडल की बलरामपुर, गोंडा के साथ ही बहराइच व कैसरगंज संसदीय क्षेत्र से बाहरी नेताओं ने राजनीतिक सफर शुरू किया। यह सिलसिला आगे भी जारी रहा। 1952 में गोंडा लोकसभा सीट पर केरल के अलप्पी निवासी और कभी यहां के जिलाधिकारी रहे केके नायर की पत्नी हिंदू महासभा की उम्मीदवार शकुंतला नायर, बलरामपुर सीट पर लखनऊ के बैरिस्टर व कांग्रेस प्रत्याशी हैदर हुसैन, तरबगंज विधानसभा क्षेत्र को मिलाकर बनी बाराबंकी सीट पर गैर जनपद निवासी कांग्रेस के ही हिदायतुल्ला अंसारी ने जीत हासिल की थी। 1957 में हुए दूसरे आम चुनाव में भी कहानी कुछ ऐसी ही रही। प्रतापगढ़ के कालाकांकर रियासत के राजा दिनेश प्रताप सिंह ने गोंडा, जनसंघ के अटल बिहारी वाजपेयी ने बलरामपुर से जीत दर्ज की।

#### सभी ने किया प्रयोग

1971 में गोंडा से मनकापुर निवासी कांग्रेस के राजा आनंद सिंह और बलरामपुर से चंद्रभाल मणि त्रिपाठी को जीत मिली। लेकिन पहाड़ापुर से शकुंतला नायर और करनैलगंज बाराबंकी सीट से अमेठी जामो रियासत के रुद्र प्रताप सिंह जीते।

1977 में गोंडा सीट पर जौनपुर निवासी जनता पार्टी के सत्यदेव सिंह व बलरामपुर क्षेत्र से महाराष्ट्र निवासी नानाजी देशमुख विजयी हुए। 1991 व 1993 में भी सत्यदेव सिंह जीते।



### निर्दलीय नहीं, सीतापुर मतदाताओं का दलों पर भरोसा, 89 प्रत्याशी आजम चुके हैं किस्मत

**सीतापुर , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में सीतापुर से निर्दल प्रत्याशियों ने जोर आजमाइश खूब की लेकिन अभी तक किसी को सफलता नहीं मिल सकी। अभी तक यहां 89 निर्दल उम्मीदवार किस्मत आजमा चुके हैं। इनमें से अधिकतर को वोट के लिए भी तरसना पड़ा। यहां 1962 में पहले निर्दल उम्मीदवार के तौर पर हबीब अहमद ने चुनावी अखाड़े में ताल ठोंकी। हबीब 17, 239 मत पाकर चौथे स्थान पर रहे। इसके बाद 1967 में तीन निर्दल उम्मीदवारों ने किस्मत आजमाई। इनमें तिलकराज 9060 मत हासिल कर पांचवें स्थान पर रहे। 1971 में छह निर्दल चुनाव लड़े। इनमें होली 4851 मतों के साथ तीसरे और शमीम अहमद 4825 मत के साथ चौथे स्थान पर रहे। 1977 में तीन निर्दल मैदान में उतरे। इनमें रामकुमार शुक्ला ने 10,720 मत पाकर तीसरा व रामेश्वर दयाल ने 10,223 मतों के साथ चौथा स्थान हासिल किया। 1980 में आठ निर्दलीयों में से 5,507 मत पाने वाले चंद्रिका चौथे नंबर पर रहे। 1984 में सात निर्दलीय चुनावी महासमर में उतरे। इनमें से लालजी 6786 मत पाकर पांचवें नंबर पर सिमट गए। 1989 में एक और 1991 में आठ निर्दल प्रत्याशी ने किस्मत आजमाई, लेकिन कोई भी टॉप फाइव तक में जगह नहीं बना सका। 1996 में 21 निर्दलीय प्रत्याशियों ने दम दिखाने की कोशिश की। इनमें से वीरेन्द्र 9037 मतों के साथ पांचवें नंबर पर रहे। 1998 में चार निर्दल में से दिनेश 3561 मत पाकर पांचवें स्थान पर रहे। 1999 में नौ निर्दलीय, 2004 में सात व 2009 में चार चुनाव लड़े। इनमें से कोई टॉप फाइव में जगह नहीं बना सका। 2014 के चुनाव में तीन निर्दलीय में से डॉ. शुचिता 8959 मतों के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। सांसद बनने की हसरत में चार निर्दलीय उम्मीदवारों ने 2019 के महासमर में किस्मत आजमाई। जीतना तो दूर कोई अधिकतर जमानत भी नहीं बचा पाए।

### ट्रक ने मारी टैंपो को टक्कर, दो की मौत, दस घायल, एक और हादसे में बाइक सवार भाई-बहन की मौत

**लखनऊ , एजेंसी।** लखनऊ में सोमवार सुबह 6 बजे एसजीपीजीआई के गेट पर विक्रम टैंपो को रायबरेली की तरफ से आ रहे कंटेनर ट्रक ने जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी तेज थी कि दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। मरने वाले दोनों व्यक्ति टैंपो में सवार थे। इस घटना में 10 लोग घायल हो गए। सभी का इलाज ट्रामा सेंटर में चल रहा है।

विक्रम टैंपो जो तेलीबाग की तरफ से आ रहा था। वह मेन रोड से अस्पताल गेट की ओर मुड़ा तभी रायबरेली की तरफ से एक कंटेनर ट्रक जो की काफी स्पीड में था मुड़ते ही विक्रम टैंपो में जोरदार टक्कर मारी। टक्कर मारने के बाद कंटेनर ट्रक भाग निकला जिसे पीछा करके उतरेठिया चौराहे के पास रोक लिया गया। विक्रम टैंपों में 10 लोग सवार थे। टक्कर के बाद चीख पुकार मच गई घायलों को तत्काल एपेक्स ट्रामा सेंटर ले जाया गया जहां उनका इलाज शुरू हुआ। जिसमें ऋतुराज चौधरी उम्र 62 वर्ष और कृष्णा प्रसाद गुप्ता 26 वर्ष मोतीहारी बिहार निवासी की मौत हो गई। घटना में घायल हुए लोगों नधुनी राम ,राजकुमारी पसामू, वंश गोपाल, शिव प्रकाश सिंह, ओम प्रकाश यादव, प्रीतम सिंह यादव, मनोज कुमार, अंजलि, आलोक कुमार और नित्यानंद का इलाज चल रहा है।

**सड़क हादसे में भाई-बहन की मौत:** लखनऊ के बख्शी का तालाब क्षेत्र में हरदौरपुर गांव के पास रविवार शाम सात बजे तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार बहन-भाई को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौत हो गई। बीकेटी के प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि रैथा बीरमपुर गांव निवासी 21 वर्षीय अमित कश्यप रविवार को 19 वर्षीय बहन सीमा कश्यप के साथ शिवपुरी गांव से थ्रेसर से सरसों की फसल काटने गए थे।

## महंगा हुआ सफर: आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बढ़ा टोल टैक्स




**आगरा , एजेंसी।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने अपने टोल प्लाजा पर मध्यरात्रि से टैक्स बढ़ा दिया है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर आठ चक्का और ओवरसाइज गाड़ियों पर पांच से 15 रुपये तक की बढ़ोत्तरी की है। वहीं सैंया, रायभा, महुअन, बरोस, मडराक, टूंडला टोलों पर बढ़ी दरें लागू हो गई हैं। इन टोल पर भी 5 से 15 रुपये तक की बढ़ोत्तरी की गई है। इसके साथ ही आगरा-ग्वालियर हाईवे स्थित जाजऊ टोल प्लाजा पर बढ़ी हुई टोल दरों का नोटिफिकेशन जारी किया गया है।

टोल प्रबंधक रमेश सोलंकी ने बताया कि दरों में मामूली बढ़ोत्त की गई है। कार पर पहले की तरह 95 रुपये, हल्के वाणिज्यिक वाहनों से 150 के स्थान पर 155 रुपये, दो एक्सल ट्रक से 315 से 325 रुपये, थ्री एक्सल ट्रक से 345 से बढ़ाकर 355 रुपये, चार से छह एक्सल ट्रक से 495 से 510 रुपये व 7 एक्सल से अधिक वाले ट्रक से 605 से बढ़ाकर 620 रुपये टोल कर दिए गए हैं। वहीं एडीए की ओर से संचालित इनर रिंग रोड के टोल प्लाजा पर दरों में वृद्धि नहीं की गई है।

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर टोल टैक्स

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के प्रोजेक्ट मैनेजर केपी सिंह ने बताया कि बाइक, ट्रैक्टर, कार, ट्रक आदि पर टैक्स में बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। आठ चक्का से अधिक और ओवरसाइज वाहनों पर 5 से 15 रुपये की बढ़ोत्तरी की गई है। वहीं आगरा जयपुर हाईवे के कौरई टोल पर सितंबर से दरों में बढ़ोत्तरी होगी।

## कांग्रेस ने दिया अखिलेश यादव को अपने दफ्तर में आने का न्यौता

**लखनऊ।** कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में एक अप्रैल को शाम पांच बजे होली मिलन समारोह और दो अप्रैल को शाम छह बजे रोजा इफ्तार का आयोजन किया जाएगा। इन दोनों कार्यक्रमों के लिए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने अखिलेश यादव को न्यौता भेजा है।

दोनों कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की है। इस कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय भी मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में अखिलेश यादव जाएंगे या नहीं इसकी चर्चाएं राजनीतिक गलियारों में अभी से होनी शुरू हो गई हैं। सपा से जुड़े नेताओं ने इशारों में इस बात के संकेत दिया कि अखिलेश यादव के जाने की संभावना कम है लेकिन इस संभावना से पूरी तरह से इंकार भी नहीं किया जा सकता। इधर कांग्रेस सूत्रों के अनुसार चूंकि दोनों दल एक साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं तो ऐसे में दोनों दलों के नेताओं को एक-दूसरे के कार्यालय में जाना सामान्य बात है। वह चाहे किसी मीटिंग के लिए हो या फिर किसी उत्सव में।

**कांग्रेस अध्यक्ष जा चुके हैं दो बार:** कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और पार्टी यूपी प्रभारी अविनाश पांडेय दो बार सपा के कार्यालय में जा चुके हैं। दोनों ही बार सीट बंटवारे के लिए यह नेता सपा के दफ्तर में गए थे। उधर में दिल्ली में सपा के नेता भी कांग्रेस दफ्तर जाते रहे हैं।

#### अखिलेश के लिए दुविधा क्या?

अखिलेश यादव के लिए कांग्रेस के दफ्तर जाना एक दुविधा भरा फैसला है। राजनीतिक जानकार कहते हैं क्योंकि सपा और कांग्रेस का वोट बैंक बहुत हद तक एक जैसा है और दोनों पार्टियां ज्यादातर मौके पर एक-दूसरे के खिलाफ ही लड़ती हैं ऐसे में अखिलेश यादव गठबंधन के बाद भी एक किस्म की दूरी बनाकर रखना चाहेंगे। एक दूसरी वजह यह है कि सपा का उदय ही कांग्रेस के विरोध में हुआ था ऐसे में उनका कांग्रेस पार्टी के दफ्तर जाना दूरगाम राजनीति के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

## 40 छात्रों का प्रवेश निरस्त किए जाने का मामला सुप्रीम कोर्ट, फर्जी दस्तावेज से प्रवेश का था मामला




**गोरखपुर , एजेंसी।** मदनमोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में फर्जी दस्तावेज से प्रवेश लेने वाले 40 बीटेक छात्रों के प्रवेश निरस्तीकरण का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। हाईकोर्ट की डबल बेंच से राहत नहीं मिलने के बाद इन विद्यार्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाई है।

इस मामले में विश्वविद्यालय ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल कर रखी है। ऐसे में छात्रों के सुप्रीम कोर्ट पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने वहां भी अपने फैसले के पक्ष में मजबूत पैरवी की तैयारी कर ली है।

इस संबंध में एमएमएमयूटी के कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने बताया कि फर्जी दस्तावेज के सहारे प्रवेश के मामले में दव हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने पर विद्यार्थियों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इनका प्रवेश बीटेक में कूटरचित दस्तावेज के सहारे नामांकन कराने के कारण दो वर्ष पूर्व निरस्त कर दिया गया था। अभी मामला हाईकोर्ट में ही लंबित है, क्योंकि डबल बैंच ने सिंगल बेंच को फैसले पर फिर से विचार करने को कहा है।

## काशी में गंगा आरती के वक्त नहीं खड़ी होंगी 600 छोटी नावें, पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर हुआ निर्णय



**वाराणसी , एजेंसी।** गंगा आरती को लेकर शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक दशाश्वमेध घाट पर छोटी नावें न तो पार्क होंगी न उनका संचालन होगा। इस पर नाविक समाज और जल पुलिस के साथ हुई बैठक में सहमति बनी। इस समय गंगा में करीब 600 छोटी नावें हैं।

जल पुलिस प्रभारी मिथिलेश यादव ने बताया कि पर्यटकों का सर्वाधिक दबाव दशाश्वमेध और शीतला घाट पर होता है। इस दौरान करीब 1500 नावों से पर्यटक गंगा आरती देखते हैं। इसमें छोटी चप्पू वाली नावें शामिल रहती हैं। पर्यटकों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए सुरक्षा कारणों से इन पर पाबंदी लगाने का निर्णय लिया गया।

इस दौरान आरती स्थल से दूर चप्पू वाली नावों का संचालन किया जा सकता है। मां गंगा निषाद राज सेवा न्यास अध्यक्ष ने बताया कि काशी आने वाले पर्यटक सुरक्षित गंगा आरती देख सकें इसके लिए यह निर्णय लिया गया है।

**आरती के बाद लेन में ही चलेंगी नावें:** जल पुलिस के मुताबिक आरती के दौरान अस्सी की ओर जाने वाली नावें घाट किनारे से जबकि अस्सी से आने वाली नावें गंगा के दूसरी छोर रेती की ओर से चलेंगी। जल पुलिस स्पीड बोट से जगह-जगह मॉनीटरिंग करेगी।

**नाविक समाज ने एडीएम सिटी को सौंपा ज्ञापन:** मां गंगा निषादराज सेवा न्यास ने एडीएम सिटी आलोक वर्मा को पत्रक सौंपकर क्रूज का संचालन बंद कराने की मांग की है। आरोप लगाया कि क्रूज संचालन से नाविकों का हित प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में बबलु मांझी, अजीत रहे।



## मार्च में रहे मई जैसे तेवर

**लखनऊ , एजेंसी।** मार्च के अंतिम दिनों में गर्मी ने तेवर दिखा दिए हैं। रविवार सुबह की शुरुआत ही तीखी धूप के साथ हुई। दोपहर होते-होते गर्मी मिजाज और तल्ख हो गया। गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों को डराया और सड़कों पर चारों तरफ सन्नाटा ही नजर आया। हालांकि, मौसम विभाग ने आने वाले दो-तीन दिन तक पारे में कुछ गिरावट के आसार जताए हैं, लेकिन अप्रैल में भीषण गर्मी झेलने के लिए तैयार रहने को भी कहा है।

### 2023 की तुलना में 9 डिग्री ज्यादा गर्म रहा 31 मार्च

इस बार मार्च पिछले साल के मुकाबले ज्यादा गर्म रहा। वर्ष 2023 में 31 मार्च को बारिश के चलते पारा 30 डिग्री था, जबकि इस बार यह 39 डिग्री तक पहुंच गया। रात के पारे में बहुत ज्यादा तो नहीं, लेकिन बढ़ोतरी जारी है और यह 23 डिग्री तक पहुंच गया। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक मार्च का पहला पखवाड़ा अपेक्षाकृत सामान्य था। इसमें 12 मार्च तक पारा 30 डिग्री से कम बना हुआ था। इसके बाद धीरे-धीरे बढ़ोतरी शुरू हुई और अंतिम सप्ताह में सामान्य से अधिक पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञ एचआर रंजन के मुताबिक, मार्च में बीते वर्षों में अलग ही ट्रेंड रहा है। 2017 में 41 डिग्री तक पहुंचा था पारा। 2021 और 2022 में 40 पार रिकॉर्ड हुआ था।

### अब आगे कैसा रहेगा मौसम

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, आसमान साफ रहेगा, लेकिन 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने के आसार हैं। इससे दिन और रात के पारे में दो से तीन डिग्री तक की गिरावट आ सकती है। ये राहत अस्थायी होगी और आने वाले समय में पारा तेजी से चढ़ेगा। आठ अप्रैल के आसपास फिर 40 डिग्री तक पहुंचने के आसार हैं।

### तेज हवा से दो-तीन दिन पारे में गिरावट से मिल सकती है राहत

मार्च का अंतिम दिन भी प्रदेश में गर्म हवा के थपेड़ों का अहसास कराते हुए बीता। पारा लगातार सामान्य से ऊपर बना हुआ है। दिन के साथ ही रात के तापमान में भी बढ़ोतरी जारी है। हालांकि मौसम विभाग अगले दो-तीन दिन पारे में कुछ गिरावट के आसार जता रहा है। लेकिन ये राहत अस्थायी होगी। सोमवार को प्रदेश में 25 से 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के आसार जताए जा रहे हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, कानपुर में पारा 40 डिग्री पहुंच गया। प्रयागराज में पारा 39..5, आगरा में 39..3 डिग्री रहा। वाराणसी, फुरसतगंज, सुल्तानपुर, आगरा और लखनऊ में 39 डिग्री तक पहुंचा। लखीमपुर खीरी में न्यूनतम तापमान 25 डिग्री बना रहा। कुछ एक इलाकों में पारा 20 से नीचे रहा, ज्यादातर क्षेत्रों में 20 से ऊपर बना रहा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : ई-पेपर

# स्पोर्ट्स सिटी के 15 हजार फ्लैटों की रजिस्ट्री में और देरी



नईदिल्ली, एजेंसी। नोएडा में स्पोर्ट्स सिटी परियोजना के 15 हजार फ्लैटों की रजिस्ट्री में और देरी हो सकती है। लोक लेखा समिति ने बिल्डर और प्राधिकरण अधिकारियों को परियोजना में खेल सुविधाएं विकसित करने समेत आ रहीं अन्य अड़चनों को दूर करने के निर्देश दिए थे। निर्देश के पांच माह बाद भी इस पर कोई काम नहीं हुआ, इसीलिए फ्लैटों की रजिस्ट्री अटकी हुई है। इस परियोजना में लोग करीब सात वर्ष से रजिस्ट्री का इंतजार कर रहे हैं।

लोक लेखा समिति ने प्राधिकरण अधिकारियों को निर्देश दिया था कि प्लॉट संख्या-एससी-02, सेक्टर-150 वाली परियोजना को आगे बढ़ाएं। यहां जरूरत के हिसाब से जमीन उपलब्ध है और अंतरराष्ट्रीय खेल सुविधाएं विकसित हो सकती हैं। ऐसे में खेल सुविधाएं विकसित करा इसको पूरा कराएं। यहां पर जो रुकावटें हैं, उनको बिल्डर-प्राधिकरण अधिकारी मिलकर दूर करें। अधिकारियों की ओर से दावा किया जाता रहा कि आचार संहिता लगने से पहले बोर्ड बैठक कर इसमें समाधान के लिए प्रस्ताव रखा जाएगा। अब आचार संहिता लग चुकी है। ऐसे में चार जून के बाद ही प्रक्रिया आगे बढ़ पाएगी। बीते 10-15 वर्ष पहले अलग-अलग पांच सेक्टरों में स्पोर्ट्स सिटी परियोजना लाई गई थी। सेक्टर-78, 79, 101, 150 और 152 में बिल्डरों को जमीन दी गई। प्राधिकरण ने इसके लिए बिल्डरों को सस्ते दामों पर जमीन दी थी। इसमें 70 प्रतिशत हिस्से में खेल सुविधाएं, 28 में आवासीय और 2 प्रतिशत में व्यावसायिक गतिविधि की जा सकती हैं, लेकिन यहां पर बिल्डरों ने मुनाफे के लिए खेल की बजाए अधिकांश हिस्से में फ्लैट और व्यावसायिक गतिविधियां कीं। सीएजी ने वर्ष 2005 से लेकर 2017 तक के कामकाज की जांच की। जांच में सामने आया कि स्पोर्ट्स सिटी के लिए जमीन आवंटित करने में नोएडा प्राधिकरण को 8643 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इसके बाद लोक लेखा समिति ने इसकी सुनवाई शुरू कर दी।

बिल्डरों को फायदा पहुंचाने वाले और मौके पर परियोजना की ठीक ढंग से जांच न करने वाले किसी भी अफसर पर अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी है। लेखा समिति के निर्देश पर एक साल पहले अप्रैल में ही शासन ने जिम्मेदार अफसरों को चिह्नित करने के लिए नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ प्रभाष कुमार की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की थी, लेकिन इस कमेटी ने चार महीने तक कुछ नहीं किया। इसके बाद लेखा समिति ने सितंबर में शासन को उच्चस्तरीय जांच कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। अब तक कमेटी का गठन नहीं हो सका है।

अमिताभकांत समिति की सिफारिशें लागू होने के बाद बिल्डरों को कोरोना काल के दौरान 1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2022 तक के दौरान जीरो पीरियड का लाभ दिया गया। इससे बिल्डरों का बकाया कम हो गया। इस लाभ से स्पोर्ट्स सिटी को बाहर रखा गया। खरीदारों का कहना है कि इस योजना में स्पोर्ट्स सिटी के ग्रुप हाउसिंग के हिस्से को शामिल किया जाना चाहिए।

स्पोर्ट्स सिटी परियोजना में फ्लैट ले चुके संवरजीत सिंह का कहना है कि प्राधिकरण अधिकारियों को चाहिए कि उनकी दिक्कतों को समझते हुए जल्द रजिस्ट्री कराएं।

कपिल कुमार का कहना है कि करीब पांच साल से फ्लैट की रजिस्ट्री के इंतजार में हूं। बिल्डरों की लापरवाही का खामियाजा हमें भुगतना पड़ रहा है।

मनोज कुमार सिंह, औद्योगिक विकास आयुक्त, स्पोर्ट्स सिटी परियोजना का समाधान निकालने के लिए प्रयास चल रहे हैं। आचार संहिता समाप्त होने के बाद इसको आगे बढ़ाया जाएगा।

## दिल्ली फिर शर्मसार, मामा-भांजे ने किशोरी को घर बुलाकर किया गैंगरेप, 2 साल से चल रही थी ब्लैकमेलिंग

नईदिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली के भारत नगर इलाके में मामा-भांजे द्वारा 17 साल की किशोरी से गैंगरेप करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपियों ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किशोरी को बुलाया था। फिलहाल पुलिस ने गुरुवार को आईटी एक्ट, गैंगरेप और मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज कर इंस्पेक्टर को जांच सौंपी है।

जानकारी के अनुसार, 11वीं कक्षा की छात्रा केशवपुरम इलाके में रहती है। वह 5 साल पहले वजीरपुर जेजे कॉलोनी में रहती थी, जहां उसकी मुलाकात सुयश नाम के युवक से हुई थी। पीड़िता के पिता की मौत हो चुकी है और मां वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित फैक्ट्री में नौकरी करती है। उसने बताया कि वर्ष 2022 में सुयश ने अपने घर में उसके साथ दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया और उसे वायरल करने की धमकी देने लगा। इस बीच पीड़िता के परिवार ने इलाका छोड़ दिया और बीते साल आरोपी की भी शादी हो गई। पीड़िता ने बताया कि बुधवार रात को सुयश ने वीडियो डिलीट करने के बहाने उसे अपने घर बुलाया। वहां सुयश और उसके मामा रोहित ने उसके साथ गैंगरेप किया। पीड़िता ने सुबह अपनी एक सहेली को इस घटना के बारे में बताया। इसके बाद महिला आयोग से संपर्क कर पुलिस को शिकायत दी गई।

वहीं, एक अन्य मामले में दिल्ली के ही सब्जी मंडी इलाके में डीयू की छात्रा से दुष्कर्म के बाद और ब्लैकमेल कर घर में चोरी कराने का मामला सामने आया है। पुलिस ने गुरुवार को पीड़िता की शिकायत पर मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बीए ऑनर्स सेकेंड ईयर की 20 वर्षीय छात्रा परिवार सहित सब्जी मंडी इलाके में रहती है। पीड़िता ने बताया कि 12वीं की पढ़ाई के दौरान 2022 में देवांश नाम के छात्र से उसकी दोस्ती हुई थी। इसके बाद दोनों ने डीयू के कॉलेज में एडमिशन ले लिया। बीते साल अक्टूबर में देवांश उसके घर आया और दुष्कर्म किया। घटना के बारे में किसी को बताने पर उसे धमकी दी। उसकी आपत्तिजनक फोटो देने के लिए भी मजबूर किया। देवांश आए दिन रंजना को उसकी फोटो सोशल मीडिया और डीयू के ग्रुप में वायरल करने की धमकी देने लगा और रुपये लाने का दबाव डालने लगा। इसके बाद पीड़िता घर से अपने माता-पिता के रुपये चोरी कर आरोपी को देने लगी। वह करीब दो लाख रुपये दे चुकी थी। 25 मार्च को वह आरोपी को देने के लिए फिर से रुपये निकाल रही थी तो मां ने देख लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा चुनाव के बीच चुनाव अधिकारियों ने रोकी पूर्व मुख्यमंत्री की बस




हैदराबाद। चुनाव ड्यूटी के तहत निर्वाचन अधिकारियों ने रविवार को उस बस की तलाशी ली जिसमें तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और बीआरएस सुप्रीमो के.चंद्रशेखर राव यात्रा कर रहे थे। राव की बस 170 किलोमीटर दूर सूर्यापेट जिले की ओर जा रही थी। तेलंगाना में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 13 मई को मतदान होगा, जिसके लिए वर्तमान में आदर्श आचार संहिता लागू है। बीआरएस के सूत्रों के अनुसार, के चंद्रशेखर राव कृषि क्षेत्रों का निरीक्षण करने के लिए अपने दौरे के तहत सूर्यापेट जा रहे थे। यह क्षेत्र कथित तौर पर सूखे जैसी स्थिति का सामना कर रहा हैं। बीआरएस सूत्रों ने कहा कि जिले के एडुलापर्े टांडा चेक पोस्ट पर वाहन की जांच की गई। पार्टी सूत्रों ने बताया कि केसीआर किसानों के सामने सूखे जैसे हालात के मद्देनजर उनमें विश्वास पैदा करने के लिए उनसे बातचीत कर रहे थे।

### 30 लाख की नकदी के साथ गिरफ्तार हुआ पूर्व मुख्यमंत्री का रिश्तेदार

गंगटोक। सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग के साढ़ू शिरीष खरे 30 लाख रुपये नकद के साथ पकड़े गए। सिक्किम में विधानसभा चुनाव हो रहा है। सिक्किम में चेकपोस्ट पर रविवार को जांच के दौरान उनकी गाड़ी से 30 लाख रुपये की नकदी पकड़ी गई। सिलीगुड़ी से सिक्किम जा रही कार से यह रकम ले जाई जा रही थी। वाहन खुद शिरीष खरे चला रहे थे। नकदी कहां ले जाई जा रही था, इसकी छानबीन हो रही है। आयकर विभाग भी जांच कर रहा है। सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने इसे चुनाव में धनबल का इस्तेमाल बताते हुए चुनाव आयोग और प्रशासन से आरोपित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। एसडीएफ पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

### केसीआर ने कृषि नुकसान के लिए राज्य सरकार को ठहराया जिम्मेदार



हैदराबाद। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के प्रमुख और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने जनगांव, सूर्यापेट और नलगोंडा जिलों का दौरा किया और सूख गई फसलों का निरीक्षण किया। इस दौरान नुकसान झेलने वाले किसानों को उन्होंने सांत्वना दी और उन्हें हार नहीं मानने के लिए प्रोत्साहित किया। बीआरएस पार्टी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट किया, जो राज्य धान उत्पादन में पहले स्थान पर था, वह इतने समय में ऐसी स्थिति में पहुंच गया। यह सूखा कोई प्राकृतिक घटना नहीं है, यह असमर्थता और अक्षमता के कारण पैदा हुआ है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की यह अक्षमता है। केसीआर रविवार सुबह अपने एर्रावेली फार्महाउस से जनगांव जिले के देवरुप्पला मंडल में धारावथ थांडा के लिए रवाना हुए और वहां सूख रही फसलों का निरीक्षण किया। उन्होंने उन किसानों से भी बातचीत की जिनकी सिंचाई के लिए पानी की कमी के साथ-साथ हाल ही में असामयिक बारिश के कारण फसल का नुकसान हुआ था।

## भारी बारिश के बाद गुवाहाटी हवाई अड्डे पर छत की सीलिंग का हिस्सा ढहा

गुवाहटी, एजेंसी। एक भयंकर तूफान और भारी बारिश ने रविवार को गुवाहाटी के गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को प्रभावित किया, भारी बारिश के कारण बाहरी छत की सीलिंग का एक हिस्सा ढह गया। भारी बारिश के कारण, हवाईअड्डा प्राधिकरण ने परिचालन रोक दिया और छह उड़ानों को अन्य गंतव्यों के लिए डायवर्ट कर दिया।

वहीं, गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे, गुवाहाटी के मुख्य हवाईअड्डा अधिकारी उत्पल बरुआ ने एएनआई को बताया कि छह उड़ानें डायवर्ट की गईं।

तूफान में एक बड़ा पेड़ उखड़ गया

उत्पल बरुआ ने कहा कि एक बड़ा पेड़ उखड़ गया और हवाईअड्डे को जोड़ने वाली एक सड़क अवरुद्ध हो गई, लेकिन टर्मिनल को ईंधन की सुचारू आपूर्ति के लिए सड़क को तुरंत साफ कर दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि, आउटलेट पाइप के ओवरफ्लो होने के कारण एयरपोर्ट के अंदर पानी का रिसाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि बाहर की छत की सीलिंग का एक हिस्सा उड़ गया। अब स्थिति सामान्य है। हालाँकि, गुवाहाटी हवाईअड्डा प्राधिकरण ने कहा कि परिचालन अब सामान्य रूप से फिर से शुरू हो गया है।

## भाजपा में शामिल होने के लिए आया 5 करोड़ का ऑफर

### पंजाब में आप विधायक ने दर्ज कराई एफआईआर

लुधियाना, एजेंसी। पंजाब के लुधियाना दक्षिण से आम आदमी पार्टी विधायक ने एफआईआर दर्ज कराई है। खबरें हैं कि विधायक रजिंदरपाल कौर छीना ने शिकायत की है कि उन्हें पार्टी छोड़ने के लिए 5 करोड़ रुपये की पेशकश की गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जी रही है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने भी इस मामले की बारीकी से जांच किए जाने की अपील पुलिस से की है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, एफआईआर में कहा गया है कि छीना को आप छोड़ने के लिए 5 करोड़ रुपये और भाजपा के बड़े नेताओं से दिल्ली में मुलाकात कराने की बात कही गई थी। साथ ही उन्हें सांसद का टिकट देने का भी वादा किया गया था। रिपोर्ट में पुलिस सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि छीना की तरफ से फोन नंबर्स भी दिए गए हैं, जो +46 कोड यानी स्वीडन के हैं।



छीना ने आरोप लगाए हैं कि इन नंबरों से उन्हें कॉल आए थे। उन्हें पुलिस को यह भी बताया कि कॉल करने वाले का नाम सेवक सिंह है, जो खुद को भाजपा कार्यकर्ता बता रहा है। सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। वह दिल्ली में होने का दावा कर रहा है। खास बात है कि आप विधायक की तरफ से ये आरोप ऐसे समय पर लगाए गए हैं, जब पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लगातार अपनी गिरफ्तारी को लेकर भाजपा को घेर रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, एफआईआर में कहा गया है, शिकायतकर्ता को एक कॉल आया..., जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को भाजपा के दिल्ली दफ्तर से सेवक सिंह बताया। उसने शिकायतकर्ता को आप छोड़ने और भाजपा में शामिल होने के लिए 5 करोड़ रुपये का ऑफर दिया। साथ ही उसने शिकायतकर्ता को सांसद का टिकट देने या केंद्र सरकार में कोई भी बड़ा पद देने के लिए लुभाया। उसने दिल्ली में भाजपा नेताओं के साथ शिकायतकर्ता की मीटिंग भी कराने का वादा किया था।

एडिशनल डीसीपी-2 देव सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, प्रथम दृष्टया कॉल स्वीडन के नंबर का इस्तेमाल कर की गई होगी, लेकिन अभी कुछ नहीं कहा जा सकता।

अखबार से बातचीत में पंजाब भाजपा के प्रवक्ता जयबंस सिंह ने कहा, हमारी जानकारी में हमारी पार्टी से सेवक सिंह नाम का कोई व्यक्ति नहीं जुड़ा है। हम पुलिस से इस मामले में गहन जांच और एफआईआर के पीछे की सच्चाई सामने लाने की अपील करते हैं।

## राजस्थान पुलिस की अवैध खनन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, 4800 टन अवैध बजरी जब्त

बारां, एजेंसी। राजस्थान के बारां में परवन नदी में अवैध खनन की सूचना पर जिला पुलिस द्वारा गोपनीय तरीके से पांच स्थानों पर दबिश दी गई। इस कार्रवाई में करीब 8 करोड़ रुपए कीमत के वाहन के साथ 4800 टन अवैध बजरी जब्त की गई। इस कार्रवाई में कुल तीन प्रकरण दर्ज कर तीन आरोपियों को व दबिश में 11 गैरसायल गिरफ्तार किये गए। एसपी राजकुमार चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत अवैध कार्यों की रोकथाम के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी के निर्देशन व सीओ बारां ओमेंद्र सिंह व सीओ अटरू पुष्पेंद्र आढा के सुपरविजन एवं एसएचओ अटरू मुकेश कुमार मीणा, एसएचओ केलवाड़ा मानसिंह मीणा, उप निरीक्षक चंद्र प्रकाश, मुरलीधर नागर व लइक अहमद के नेतृत्व में अलग-अलग टीम गठित की गई।

कुजैड क्षेत्र के पास स्थित परवन नदी में अवैध खनन की सूचना पर गठित टीमों द्वारा गोपनीय तरीके से कार्रवाई करते हुए मायथा, आटोन, रिछन्दा, किरभपुरिया व देवली में दबिश दी गई। इस दौरान पांच एलएनटी, दो जेसीबी मशीन, 15 छोटी-बड़ी नाव, 3 बजरी से भरे डम्पर, दो ट्रैक्टर ट्रॉली, एक बोलेरो कैंपर, एक ट्रैक्टर व 8 बाइक जब्त की गई।

## बारामती की लड़ाई शरद पवार को खत्म करने की भाजपा की साजिश, सुप्रिया सुले का आरोप

बारामती, एजेंसी। लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने बारामती निर्वाचन क्षेत्र में उनके और उनकी भाभी सुनेत्रा पवार के बीच लड़ाई को भाजपा की साजिश बताया। उन्होंने रविवार को दावा किया कि बारामती निर्वाचन क्षेत्र में उनके और सुनेत्रा पवार के बीच लड़ाई एनसीपी के संस्थापक शरद पवार को राजनीतिक रूप से समाप्त करने की बीजेपी की साजिश है। सुले ने कहा कि लोकसभा चुनाव में आखिरकार पारिवारिक द्वंद्व सुनेत्रा पवार के प्रति उनके सम्मान को कम नहीं करेगा, क्योंकि वह (सुनेत्रा) उनके बड़े भाई की पत्नी और मां की तरह हैं। तीन बार की सांसद सुले के खिलाफ महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार के



चुनावी अखाड़े में उतरने के बाद शरद पवार का गृह क्षेत्र बारामती एक हाई-प्रोफाइल चुनावी संघर्ष के लिए तैयार है।

पवार-बनाम-पवार का संघर्ष पिछले साल मूल एनसीपी में हुए विभाजन का नतीजा है। अजित पवार पिछले वर्ष अपने वफादार विधायकों के साथ सत्तारूढ़ भाजपा और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ चले गए थे। सुले ने कहा कि सुनेत्रा पवार उनके बड़े भाई की पत्नी हैं और बड़ी भाभी को मां के समान माना जाता है। उन्होंने कहा, 'इसलिए यह चाल (सुनेत्रा को सुले के खिलाफ उतारने की) पवार परिवार और महाराष्ट्र के खिलाफ है। भाजपा पवार साहब को (राजनीतिक तौर पर) समाप्त करना चाहती है। यह मैं नहीं कह रही, (बल्कि) भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बारामती का दौरा करने के बाद ऐसी टिप्पणी की थी।'

**पवार साहब को खत्म करने की लड़ाईः सुलेः** सुप्रिया सुले ने दावा किया कि सुनेत्रा पवार को नामांकित करने का कदम दर्शाता है कि ऐसा विकास के लिए नहीं किया गया है।

## रायगढ़ लोकसभा सीट : 25 साल से खिल रहा भाजपा का कमल

### सीएम साय भी रह चुके हैं सांसद

रायगढ़, एजेंसी। छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से महत्वपूर्ण सीट रायगढ़ में पिछले 25 साल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जीत का 'कमल' खिला रखा है। 2024 के चुनाव में भी भाजपा यह सिलसिला बरकरार रखने के लिए लगी हुई है। कांग्रेस ने इस दफा भाजपा के किले में सेंध लगाने के लिए एक बार फिर राजघराने पर दांव लगाते हुए राजपरिवार से जुड़ी शख्सियत को चुनावी समर में अपना योद्धा बनाया है।

साल 1999 से 2014 की अवधि में हुए चार लोकसभा चुनावों में लगातार भाजपा की विजयपताका लहराने वाले विष्णुदेव साय (वर्तमान में छत्तीसगढ़ के



मुख्यमंत्री) हैं। उनके बाद 2019 के चुनाव में गोमती साय ने पार्टी की जीत के सिलसिले को बरकरार रखा। रायगढ़ लोकसभा सीट के संदर्भ दिलचस्प तथ्य यह भी है कि प्रतिनिधित्व स्थानीय जिले के नेताओं के बजाय पड़ोसी जिलों के नेता ही करते रहे हैं और पिछले दो दशक से यह सिलसिला अब तक जारी है। भाजपा ने अपनी इस परिपाटी में बदलाव करते हुए आने वाले चुनाव में रायगढ़ जिले में घरघोड़ा के राधेश्याम राठिया को चुनाव मैदान में उतारा है।

कांग्रेस ने इस बार तत्कालीन सारंगढ रियासत के राजा नरेश चंद्र के परिवार से जुड़ी और रायगढ़ लोकसभा की सांसद रही पुष्पा देवी की छोटी बहन डॉ. मेनका देवी सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। राजा-महाराजाओं की रियासत रहे रायगढ़ के राजपरिवार के सदस्यों की महत्वपूर्ण राजनीतिक भागीदारी भी रही है। सारंगढ़ के राजा नरेश चंद्र कुछ दिनों तक अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे और उनकी पुत्री पुष्पा देवी सिंह ने कांग्रेस की ओर से तीन बार रायगढ़ लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया था। राजपरिवार की राजनीतिक भागीदारी में जशपुर के राजा दिलीप सिंह जूदेव के परिवार का भी नाम दर्ज है। दिवंगत नेता जूदेव के भतीजे रणविजय सिंह जूदेव वर्तमान में भाजपा के राज्यसभा सदस्य हैं ।

**रायगढ़ सीट का पूरा इतिहासः** छत्तीसगढ़ की संस्कृतिधानी माने जाने वाला रायगढ़ 1952 से 1961 तक लोकसभा क्षेत्र के रूप में अस्तित्व में नहीं था। साल 1962 में यहां पहला आम चुनाव हुआ , जिसमें अखिल भारतीय रामराज्य परिषद के उम्मीदवार विजयभूषण सिंहदेव निर्वाचित हुए। इसके बाद साल 1967 के आम चुनाव में कांग्रेस ने अपनी जड़ें जमाई और रजनी देवी ने चुनाव जीता। उम्मेद सिंह राठिया ने 1971 का चुनाव जीतकर इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा बरकरार रखा। आपातकाल विरोधी लहर के दौरान जनता पार्टी का अभ्युदय हुआ और 1977 के आम चुनाव में इसके उम्मीदवार नरहरि प्रसाद ने चुनाव जीत लिया। अस्सी और नब्बे के दशक में हुए चुनाव में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दल एक के बाद एक जीत-हार का स्वाद चखते रहे।

## निर्दलीय विधायकों का इस्तीफा स्वीकार न किया जाना अवैध

शिमला, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हिमाचल प्रदेश इकाई ने राज्य विधानसभा से तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे स्वीकार नहीं होने को असंवैधानिक और अवैध करार दिया। भाजपा के राज्य मीडिया प्रभारी एवं विधायक रणधीर शर्मा ने कहा, निर्दलीय विधायकों का इस्तीफा स्वीकार नहीं करना असंवैधानिक और अवैध है क्योंकि जब कोई विधायक व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर इस्तीफा देता है तो संवैधानिक प्रावधान के अनुसार उसका इस्तीफा स्वीकार किया जाना चाहिए।

तीन निर्दलीय विधायकों- देहरा से होशियार सिंह, हमीरपुर से आशीष शर्मा और नालागढ़ से केएल ठाकुर ने हाल में संपन्न राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन के पक्ष में वोट दिया था। उन्होंने 22 मार्च को विधानसभा से अपना इस्तीफा दे दिया था और अगले दिन भाजपा में शामिल हो गए थे। विधानसभा ने कांग्रेस विधायक दल के एक अभ्यावेदन के बाद इन विधायकों से 10 अप्रैल तक स्पष्टीकरण मांगा था। इन तीनों विधायकों ने शनिवार को विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन किया था और कहा था कि उन्होंने सोच-विचार कर इस्तीफा दिया है क्योंकि उन्हें अपमानित किया जा रहा है। रणधीर शर्मा ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव और विधानसभा उप-चुनावों में हार का सामना करने के कारण कांग्रेस हतोत्साहित हो गई है।

अब तक वर्ल्ड क्रिकेट में कोई नहीं कर सका ऐसा

# महेंद्र सिंह धोनी ने रचा इतिहास...

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।**

पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने रविवार ( 31 मार्च ) को क्रिकेट इतिहास में एक ऐसा रिकॉर्ड कायम किया है, जिसे अब तक दुनिया का कोई भी विकेटकीपर नहीं छू सका है. धोनी ने यह ऐतिहासिक रिकॉर्ड इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन में बनाया है. दरअसल, रविवार को विशाखापत्तनम के मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला खेला गया. इस मैच में धोनी ने स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की बॉल पर पृथ्वी शॉ को विकेट के पीछे कैच आउट किया.

### कार्तिक के पास भी कामरान को पछाड़ने का मौका

इस तरह धोनी ओवरऑल टी20 क्रिकेट में 300 शिकार करने वाले दुनिया के पहले विकेटकीपर बन गए हैं. इस लिस्ट में पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर कामरान अकमल और भारत के दिनेश कार्तिक संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं, जिन्होंने बराबर 274 शिकार किए हैं. कार्तिक अब भी खेल रहे हैं. वो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेल रहे हैं. ऐसे में उनके पास अभी कामरान को पछाड़ने का मौका है. इनके बाद तीसरे नंबर पर साउथ अफ्रीकी विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक ( 270 ) और इंग्लैंड के जोस बटलर ( 209 ) हैं. ये भी अभी क्रिकेट खेल रहे हैं.

टी20 क्रिकेट में बतौर विकेटकीपर सबसे ज्यादा शिकार
300 - महेंद्र सिंह धोनी*
274 - कामरान अकमल
274 - दिनेश कार्तिक
270 - क्विंटन डिकॉक
209 - जोस बटलर

### ऐसा है धोनी की कप्तानी का रिकॉर्ड

धोनी ने इंटरनेशनल करियर (टेस्ट+वनडे+टी20) में कुल 332 मैचों में भारतीय टीम की कमान संभाली. जो बतौर कप्तान सबसे ज्यादा है. रिकी पोटिंग ने 324 मैचों में ऑस्ट्रेलिया की कमान संभाली थी. धोनी ने इन 332 मैचों मे से 178 मैचों में जीत दर्ज की, वहीं 120 में हार मिली. 6 मैच टाई रहे और 15 ड्रॉ रहे. माही ने 90 टेस्ट में 4876, 350 वनडे में 10773 और 98 टी20 इंटरनेशनल में 1617 रन बनाए. वहीं उन्होंने 250 आईपीएल मैचों में 5082 रन बनाए हैं.





# अशोक कुमार को लाइफटाइम अचीवमेंट

## सलीमा और हार्दिक वर्ष के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



युवा मिडफील्डर हार्दिक सिंह और डिफेंडर सलीमा टेटे को वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया जबकि मेजर ध्यानचंद के नाम पर लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान उनके बेटे अशोक कुमार को मिला।

पिछले साल एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भी जीतने वाले हार्दिक ने पुरस्कार की दौड़ में पी आर श्रीजेश और हरमनप्रीत सिंह जैसे सीनियर खिलाड़ियों को पछाड़ा। तोक्यो ओलिंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे 25 वर्ष के हार्दिक सौ से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। उन्होंने पुरस्कार जीतने के बाद कहा, 'इतने महान खिलाड़ियों के साथ नामांकन पाना ही बड़ी उपलब्धि है।

पुरस्कार से मुझे आगे और अच्छा खेलने की प्रेरणा मिलेगी। वहीं झारखंड के सिमडेगा जिले की टेटे तोक्यो ओलिंपिक में चौथे स्थान पर रही भारतीय महिला टीम का हिस्सा थी। उन्होंने पुरस्कार की दौड़ में अपनी कप्तान और एफआईएच वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर का पुरस्कार जीतने वाली सविता पूनिया को पछाड़ा। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को पुरस्कार के तौर पर 25 लाख रुपये और प्रशस्ति पत्र दिया गया। यहां आयोजित हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कार समारोह में पी आर श्रीजेश को वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर और भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार मिला।

हरमनप्रीत ने इस मौके पर कहा, 'पुरस्कार और अच्छा खेलने की प्रेरणा देते हैं। टीम में इससे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा भी बढती है जो हॉकी के लिए अच्छा है। वहीं हार्दिक ने सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर का पुरस्कार भी जीता और सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड का पुरस्कार अभिषेक को मिला। सर्वश्रेष्ठ उदीयमान अंडर 21 खिलाड़ी का पुरस्कार महिला वर्ग में दीपिका सोरेंग और पुरुष वर्ग में अराइजीत सिंह हुंडल को मिला। मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम पुरस्कार जीतने वाले उनके बेटे और 1975 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य अशोक कुमार ने कहा, 'हमें सरदार बलबीर सिंह, उधम सिंह, कैप्टन रूप सिंह, केडी सिंह बाबू जैसे महान खिलाड़ियों की परंपरा को जारी रखते हुए इस बार पेरिस ओलिंपिक में स्वर्ण पदक जीतना है।'

### एमएस धोनी को लेकर माइक हसी की ये भविष्यवाणी हुई सच

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।**

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले से पहले गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स की टीम विजय रथ पर सवार थी। टीम ने पॉइंट्स टेबल पर भी नंबर-1 का पायदान कब्जाया हुआ था। हालांकि सीएसके फैंस इसके बावजूद भी खुश नहीं थे। दरअसल, फैंस को पहले दो मैचों में अपने थाला यानी महेंद्र सिंह धोनी को बल्लेबाजी करते हुए देखने का मौका नहीं मिला था।

विशाखापट्टनम में दिल्ली के खिलाफ हुए मुकाबले में फैंस इसी उम्मीद के साथ पहुंचे थे कि इस बार तो उन्हें माही बैटिंग करते हुए नजर आएंगे। दरआसल, धोनी के टी20 करियर में आज तक ऐसा नहीं हुआ जब उन्होंने लगातार 3 मैच में बल्लेबाजी नहीं की हो। ऐसे में फैंस माही को रन बनाता देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। आईपीएल के अधिकारिक एक्स अकाउंट पर माइक हसी का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वह कहते नजर आ रहे थे मैच के आखिरी ओवर के लिए मेरी भविष्यवाणी यह है कि एमएस धोनी बल्लेबाजी करेंगे। भीड़ दहाड़ रही होगी और एमएसडी छक्का मारकर मैच खत्म कर देंगे।

आईपीएल 2024

## जीत के बाद ऋषभ पंत को झटका 12 लाख रुपए का जुर्माना लगा

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।**



दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली ने रविवार को खेले गए इस मैच में मौजूदा चैंपियन चेन्नई को 20 रन से हराया था। आईपीएल ने बयान में कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। बयान के अनुसार, 'आईपीएल आचार संहिता के तहत टीम का यह धीमी ओवर गति से जुड़ा सत्र का पहला अपराध है इसलिए पंत पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली ने यह मैच जीत कर इस सत्र में अपना खाता भी खोला। गौर हो कि विशाखापत्तनम के मैदान में क्रिकेट फैंस को विंटेज महेंद सिंह धोनी के दर्शन हुए जहां वह आखिरी ओवरों में खूब चौके-छक्के लगाते हुए दिखे। लेकिन धोनी की यह पारी भी चेन्नई को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत नहीं दिला सकी। दिल्ली ने पहले खेलते हुए डेविड वॉर्नर और ऋषभ पंत के अर्धशतकों की मदद से 191 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी चेन्नई की शुरूआत खराब रही। लेकिन रहाणे और डेरिल मिशेल ने मैच को जिंदा रखा। अंत में महेंद्र सिंह धोनी ने 16 गेंदों पर 37 रन बनाए लेकिन तब तक देरी हो चुकी थी और चेन्नई को 20 रन से हार झेलनी पड़ी।

## मीराबाई चानू की चोट के बाद शानदार वापसी पेरिस ओलंपिक में जगह सुनिश्चित की

**फुकेट (थाईलैंड) (एजेंसी)।**



तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में महिलाओं के 49 किग्रा भार वर्ग के ग्रुप बी में तीसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह सुनिश्चित की। चोटिल होने के कारण छह महीने बाद वापसी करने वाली मीराबाई ने कुल 184 किग्रा ( 81 किग्रा और 103 किग्रा ) भार उठाया।

यह पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम और अनिवार्य क्वालीफायर टूर्नामेंट है। अपनी स्पर्धा पूरी होने के साथ ही मीराबाई ने पेरिस ओलंपिक के लिए तय मानदंड पूरे कर लिए हैं जिनमें दो अनिवार्य टूर्नामेंट और तीन अन्य क्वालीफायर में भाग लेना शामिल हैं। भारत की 2017 विश्व चैंपियन मीराबाई वर्तमान में महिलाओं की 49 किग्रा ओलंपिक क्वालिफिकेशन रैंकिंग (ओक्यूआर) में चीन की जियान हुईहुआ के बाद दूसरे स्थान पर है।

क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों की आधिकारिक घोषणा विश्व कप के समापन के बाद होगी जब ओक्यूआर अपडेट किया जाएगा। प्रत्येक भार वर्ग से शीर्ष 10 भारोत्तोलक पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगे। मीराबाई ने इससे पहले आखिरी बार पिछले साल सितंबर में एशियाई खेलों में भाग लिया था जहां वह चोटिल हो गई थी। वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाई लेकिन उन्होंने पांच बार वजन उठाने में कोई गलती नहीं की।

स्नैच और क्लीन एवं जर्क में वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब भी नहीं पहुंच पाई। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी का स्नैच में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा है, जबकि उन्होंने 2021 में एशियाई चैंपियनशिप में क्लीन एंड जर्क में 119 किग्रा का तत्कालीन विश्व रिकॉर्ड बनाया था। लेकिन अभी वह चोट से उभरी है और जुलाई तक उनके अपने चरम पर पहुंचने की संभावना है।

बांग्लोदश वर्सेस श्रीलंका

## श्रीलंका ने तोड़ा भारत का 48 साल पुराना टेस्ट रिकॉर्ड, गावस्कर-विश्वनाथ की मेहनत पर फिरा पानी

**चटगांव (बांग्लादेश), एजेंसी।**



सुनील गावस्कर (66), मोहिंदर अमरनाथ (70), गुंडप्पा विश्वनाथ (68), अशोक मांकड (50), सैयद किरमानी (64) और बिशन सिंह बेदी (50) के अर्धशतकों की मदद से भारत ने 1976 में कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 524/9स्त्र का विशाल स्कोर खड़ा किया था।

किसी बल्लेबाज के शतक लगाए बिना पूरी टीम का यह टेस्ट मैच की एक पारी में सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड था। अब 48 साल बाद श्रीलंका ने इसे चकनाचूर कर दिया है। बांग्लादेश दौरे पर दो टेस्ट मैच की सीरीज के आखिरी और निर्णायक टेस्ट के दूसरे दिन श्रीलंका ने अपनी पहली पारी 531 रन पर घोषित की।

### श्रीलंका के छह बल्लेबाजों की फिफ्टी

श्रीलंका के छह बल्लेबाजों ने मैच में अर्धशतक जमाया, इसके जवाब में बांग्लादेश ने खबर लिखे जाने तक तीसरे दिन छह विकेट गंवाकर 131 रन बना लिए हैं। बांग्लादेश अभी पहली पारी के हिसाब से 395 रन से पीछे है।

श्रीलंका के लिए कोई भी बल्लेबाज शतक नहीं जड़ सका, लेकिन उन्होंने सुनिश्चित किया कि लगातार अंतराल पर विकेट नहीं गवाए। पहले टेस्ट में दो शतक जड़ने वाले कामिंडु मेंडिस 92 रन बनाकर नाबाद रहे क्योंकि 10वां विकेट रन आउट से गिरा। कुसल मेंडिस ने 93 रन, दिमुथ करूणारत्ने ने 86 रन, कप्तान धनंजय डिसिल्वा ने 70 रन, दिनेश चांदीमल ने 59 रन और सलामी बल्लेबाज निशान मदुसंका ने 57 रन बनाए।

### बांग्लादेश पर हार का खतरा

एक साल से ज्यादा समय बाद अपना पहला टेस्ट खेल रहे शाकिब-अल-हसन ने 110 रन देकर तीन विकेट झटके। हसन महमूद ने दो विकेट हासिल किए। श्रीलंका ने सुबह चार विकेट पर 314 रन से खेलना शुरू किया।

चांदीमल ने 26वां और डिसिल्वा ने 14वां टेस्ट अर्धशतक जड़ा। फिलहाल शहादत हुसैन दो रन और मोमिनुल हक 7 रन पर खेल रहे हैं। इससे पहले श्रीलंका ने तीन मैच की टी-20 सीरीज में 2-1 से कब्जा जमाया था तो बांग्लादेश ने तीन मैच की वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम की थी।

## आई लीग - रीयल कश्मीर एफसी ने नेरोका एफसी को हराया

**श्रीनगर (एजेंसी)।**

रीयल कश्मीर एफसी ने आई लीग फुटबॉल के मैच में नेरोका एफसी को 3 . 0 से हराकर उसे दूसरी श्रेणी में धकेल दिया। कश्मीर के लिए नोहेरे क्रिजो ने 35वें, हैदर युसूफ ने 45वें और शहर शाहीन ने 67वें मिनट में गोल दागे। इस हार के बाद मणिपुर की नेरोका एफसी 21 मैचों में 13 अंक लेकर 12वें स्थान पर है। इस सत्र में उसने 4 मैच जीते, एक ड्रॉ खेला और 16 गंवाए। अब उसे तीन ही मैच खेलने है और सभी जीतने पर भी वह दूसरी श्रेणी में खिसकने से नहीं बच सकती। वहीं, कश्मीर की टीम ने चार ड्रॉ खेलने के बाद जीत दर्ज की । उसका अपराजेय अभियान नौ मैचों का हो गया है । उसके 22 मैचों में 40 अंक है और वह तालिका में दूसरे स्थान पर है।

## IPL फ्रेंचाइजियों के साथ BCCI इस दिन करेगा बैठक, एजेंडा में होगा मेगा ऑक्शन और खिलाड़ियों का रिटेंशन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजियों के मालिकों की एक बैठक बुलाई है। यह बैठक 16 अप्रैल को अहमदाबाद में होगी। इस दिन नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा।



आईपीएल फ्रेंचाइजी के सभी दस मालिकों को निमंत्रण भेजा गया है। हालांकि, यह माना जा है कि मालिकों के साथ उनके सीईओ और ऑपरेशनल टीमें भी मीटिंग में सकती हैं, लेकिन बैठक केवल मालिको के लिए बुलाई गई। इसमें आईपीएल 2025 से पहले मेगा ऑक्शन और खिलाड़ियों के रिटेंशन पर चर्चा हो सकती है। बैठक में बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह और आईपीएल अध्यक्ष अरुण सिंह धूमल शामिल होंगे। माना जा रहा है कि बैठक के संबंध में पत्र आईपीएल के सीईओ हेमांग अमीन ने भेजा है।

क्रिकबज अमीन ने बैठक के लिए एजेंडा की जानकारी नहीं दी है, लेकिन अचानक बैठक बुलाने के मद्देनजर यह उम्मीद की जा रही है कि बीसीसीआई कई नीतिगत निर्णयों पर ध्यान देगा। इसमें मुख्य रूप से अगले वर्ष के लिए निर्धारित मेगा-ऑक्शन से संबंधित मुद्दे शामिल होंगे। मामले से वाकिफ एक सूत्र ने कहा, वे आईपीएल के लिए आगे की रणनीति पर चर्चा करेंगे। ऑक्शन से पहले रिटेंशन की संख्या चर्चा का केंद्र बिंदु होगा। इस विषय ने आईपीएल का ईको सिस्टम बंटा हुआ है। विभिन्न मालिकों के अलग-अलग विचार हैं। संख्या पर कोई स्पष्ट सहमति नहीं है और माना जाता है कि बीसीसीआई समाधान के लिए बातचीत करना चाहता है।

आईपीएल मालिकों के एक वर्ग का मानना है कि रिटेंशन की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए, उनका तर्क है कि टीमों ने खुद को पर्याप्त रूप से स्थापित कर लिया है। अपने ब्रांड और प्रशंसक आधार को मजबूत करने के लिए निरंतरता की आवश्यकता है।

## मैं कश्मीर और अपने देश का नाम जरूर रौशन करूंगी: हुरमत इरशाद

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने जम्मू-कश्मीर के सोपोर के पजलपोरा गांव की 9 साल की एक बच्ची का वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर साझा किया था, जिसमें हुरमत इरशाद भट क्रिकेट खेलते हुए नजर आ रही हैं।

इतना ही नहीं, वह मैदान पर शानदार शॉट और चौके-छक्के भी लगा रही हैं। सचिन तेंदुलकर द्वारा वीडियो पोस्ट किए जाने के बाद सोपोर की हुरमत इरशाद भट के खेल का हर कोई फैन हो गया है और देखते ही देखते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने पर हुरमत इरशाद भट की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। हुरमत ने बताया कि वह कक्षा तीन में पढ़ती है, साथ ही मैदान में लड़कों के साथ क्रिकेट भी खेलती है। उसका वायरल वीडियो सचिन तेंदुलकर ने देखा और शेयर किया। हुरमत ने कहा, मुझे क्रिकेट खेलने का बहुत शौक है। मैं आगे चलकर कश्मीर और अपने देश का नाम रौशन जरूर करूंगी। हुरमत के पिता इरशाद अहमद ने कहा कि उन्हें यह देखकर बहुत खुशी हुई कि उनकी बेटी का वीडियो सचिन तेंदुलकर ने अपने एक्स हैंडल पर शेयर किया।



यह वीडियो जिसने भी देखा, वह बहुत खुश है। इसके बाद उनके पास बहुत से फोन आने लगे। सभी ने कहा कि आपकी बच्ची बहुत अच्छा खेल रही है। इरशाद अहमद के पिता ने आगे कहा कि उनका गांव सुदूर इलाके में स्थित है और यहां खेल के मैदान सहित बुनियादी चीजों की कमी है। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी भारत के लिए क्रिकेट खेलना चाहती है। स्थानीय क्रिकेटर शहजाद अहमद डार ने हुरमत इरशाद के वायरल वीडियो पर कहा कि हमारे गांव की हुरमत इरशाद भट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे देखकर हमें बहुत खुशी हो रही है।

हम पहले से यहां खेलते आ रहे हैं, पहले जब हम हुरमत को खेलते हुए देखते थे, तो वह बाहर से गेंद उठाती थी। हमने देखा कि इसमें कुछ हुनर है। एक-दो दिन पहले हमने हुरमत का वीडियो डाला तो बहुत से लोगों ने इसको री-पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि हमारी खुशकिस्मती है कि खेल जगत की इतनी बड़ी हस्ती सचिन तेंदुलकर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर इस वीडियो को पोस्ट किया। ये हमारे गांव के लिए बहुत अच्छा है। हम यही चाहते हैं कि हुरमत क्रिकेट में और आगे जाए, कश्मीर और देश का नाम रौशन करे।

## एक नजर

### चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह के उपहारा थाना की पुलिस ने बीती रात अमारी-अमरपुर गांव में छापेमारी कर चोरी की दो बाइक रखने के आरोप में दो लोगो को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने चोरी की दो बाइक भी जब्त की है। चोरी की बाइक रखने वाले गिरफ्तार लोगों में अमारी-अमरपुर निवासी छोटू कुमार एवं विकास यादव शामिल है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### गुम हुए मोबाइल को बरामद कर पुलिस ने धारक को सौंपा

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गुम अथवा चोरी गए मोबाइल को बरामद कर धारकों तहत पहुंचाने के लिए औरंगाबाद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने दाउदनगर के मौलाबाग निवासी मनोज कुमार को गुम हुआ मोबाईल वापस किया है। गुम मोबाइल को बरामद कर दाउदनगर के एसडीपीओ कुमार ऋषि राज ने सुपुर्द किया।

### बाल भिक्षुकों की समस्याओं के समाधान पर चर्चा

**पटना (नि.सं.)।** स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण एवं नगर विकास परिषद की ओर से आयोजित बाल भिक्षुकों पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रविवार को संपन्न हुआ। इसमें बाल भिक्षुकों की समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई। इसका उद्देश्य राज्य में बाल भिक्षुक मुक्त समाज के लिए कार्य योजना तैयार करना है। परिषद के महासचिव रामकिशोर प्रसाद सिंह ने कहा कि बाल भिक्षुकों के अधिकार के लिए लोगों को संवेदनशील बनाना होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी किरण घई ने कहा कि इस मुद्दे पर सरकार और सामाजिक संस्थाओं को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। संस्थान की अंजू सिन्हा ने सरकार से भीख विरोधी उपाय करने व भिखारियों के पुनर्वास की बात कही। मौके पर गौरव मिश्रा, चंदन कुमार, संजू सिंह, संगीता कुमारी, रौशन कुमार, सनत सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### लू की आशंका पर 15 विभागों को अलर्ट

**पटना (नि.सं.)।** भीषण गर्मी और लू की आशंका देखते हुए डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने जरूरी तैयारियां रखने के निर्देश दिए हैं। इन 15 विभागों को अपनी तैयारी इस तरह रखनी होगी, जिससे आम लोगों के जान-माल की क्षति नहीं हो। प्रमुख विभागों में स्वास्थ्य, पशुपालन, कृषि, श्रम, शिक्षा, बिजली, जनसंपर्क आदि शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने नियोक्ताओं और वहां कार्यरत कर्मियों के लिए भी निर्देश जारी किए। आदेश के मुताबिक नियोक्ताओं को कार्यस्थल पर शीतल पेयजल की व्यवस्था करने, छाया और पर्याप्त हवा की व्यवस्था, अधिक मेहनत वाले बाहरी कार्यों को सुबह-शाम के शिफ्ट में करने तथा प्रत्येक घंटा के बाद कम से कम पांच मिनट का आराम देने का इंतजाम करने को कहा है। लू की घटना को देखते हुए इसके लक्षणों को पहचानने योग्य कर्मियों की तैनाती के भी सुझाव डीएम द्वारा दिए गए हैं। डीएम ने लू से बचाव के लिए प्रचार माध्यमों माइकिंग, ई रिक्शा के माध्यम से बचाव के उपायों से संबंधित पैम्फलेट बंटवाने के निर्देश दिए। अस्पतालों में लू से बचाव के लिए जरूरी दवाइयां और व्यवस्था रखने के निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को दिलाई शपथ

**आरा (भोजपुर)।** लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्वीप कोषांग की ओर से चल रही गतिविधियों के तहत मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। जिला स्तरीय स्वीप कोषांग के तहत जिला स्तर पर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने को लेकर विभिन्न प्रखंडों में मतदाताओं के बीच अभियान चलाकर प्रेरित किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुकुलपुरा, तरारी, उदवंतनगर प्रखंड की जीविका, आरा सदर प्रखंड की जीविका दीदी व बाल विकास परियोजना की ओर से मतदाताओं को शपथ दिलायी गयी।

# चौथा विष्णुधाम महोत्सव 10 एवं 11 मई को

- विष्णुधाम मंदिर के स्थापना दिवस पर दो दिवसीय महोत्सव का किया जायेगा आयोजन

कार्यालयसंवाददाता



**औरंगाबाद।** चौथे विष्णुधाम महोत्सव के आयोजन हेतु आयोजन समिति की बैठक विष्णुधाम प्रांगण स्थित श्री लक्ष्मी नारायण विवाह मंडप में हुई। बैठक की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने की। जिसमें सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि विष्णुधाम मंदिर के स्थापना दिवस पर दो दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाय। सदस्यों ने कहा कि चुंकि इस बार अक्षय तृतीया मई माह की 10 तारीख को है अतः विष्णुधाम महोत्सव का शुभारम्भ भी इसी तिथि से किया जाय एवं दूसरे दिन संध्या इसका समापन किया जाये।

विदित हो की विष्णुधाम महोत्सव वर्ष 2021 से ही 25 एवं 26 फ़रवरी को आयोजित होता रहा है। मगर विचार विमर्श उपरांत अब यह महोत्सव अक्षय तृतीया के दिन आयोजित किया जायेगा। सर्व प्रथम बैठक में उपस्थित समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का स्वागत समिति के स्वागताध्यक्ष एवं जम्होर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह ने किया। एवं पिछले वर्षों में आयोजित इस महोत्सव की सफलता पर सभी सदस्यों को बधाई भी दी। उन्होंने श्री हरि विष्णु जी के दिवस अक्षय तृतीया को इस महोत्सव के लिए सबसे उपयुक्त दिवस बताया। भोपतपुर पंचायत के पूर्व मुखिया संजीव कुमार दूबे ने विष्णुधाम के महत्व एवं आस्था पर चर्चा करते हुए कहा कि इस विष्णुधाम की महत्ता को महोत्सव के माध्यम से जिले, राज्य, देश और दुनिया तक पहुंचाने की बात कही।

वरीय अधिवक्ता एवं इस महोत्सव के मुख्य संरक्षक सिद्धेस्वर विद्यार्थी ने कहा कि ऐसे ही आयोजित महोत्सवों से प्रेरणा लेकर आज जिले में कई महोत्सव आयोजित हो रहें हैं। यह धाम तो पितरों को मोक्ष प्रदान करने वाला प्रथम स्थल है अतः इसका व्यापक प्रचार आवश्यक है। विवेकानंद वीआईपी विद्यालय के निदेशक डॉक्टर शंभु शरण सिंह ने कहा कि एक प्रयोजक के रूप में इस महोत्सव के स्थापना काल से ही मै जुड़ा हुआ हूं। जिले में विष्णुधाम महोत्सव को लोग प्रतिष्ठा पूर्ण नजरों से देखते हैं। इस स्थल का दर्शन करने माननीय उच्चत्तम न्यायलय एवं उच्च न्यायालय के न्यायधीश महोदय के अलावा कई प्रमुख हस्तियां भी आती हैं। महोत्सव में शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में जिले के विद्यालय एवं स्थानीय कलाकारों को प्रमुखता देने की बात कही। बैठक में सत्यचंडी धाम महोत्सव के अध्यक्ष राजेंदर सिंह, सिताथापा महोत्सव के संरक्षक गोखूल भाई समेत दिलावर सिंह, शंकर कुमार, अनुज कुमार, प्रकाश पासवान, मधुसूदन कुमार त्रिवेदी, सुनील कुमार सिंह राणा, अशोक कुमार शौंडिक, दीपक कुमार वर्मा अधिवक्ता, जनेश्वर पासवान, प्रेमजीत सिंह, दिलेश सिंह, विमलेशदत्त मिश्रा आदि उपस्थित थे। बैठक का संचालन अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष सुरेन्दर गुप्ता ने किया। बैठक की अगली तिथि 7 अप्रैल को तीन बजे विष्णुधाम के प्रांगण में रखी गई। जिसमे महाभोग भी वितरण किया जाएगा।

## केबीएम क्लासेज के छात्रों ने नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में मारी बाजी




निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान केबीएम क्लासेज के चार छात्रों ने नवोदय विद्यालय की परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है। प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण हो कर सभी छात्रों ने केबीएम क्लासेज सहित गोह प्रखंड का भी नाम रौशन किया है। बता दें कि गत 20 जनवरी को नवोदय विद्यालय का प्रवेश परीक्षा आयोजित किया गया था। उक्त परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले छात्रों में पंडुकी निवासी गोपाल शर्मा के पुत्र चंद्र विकास शर्मा, जलालपुर निवासी मनोज कुमार के पुत्र विक्की कुमार, न्यू एरिया निवासी मिशु कुमार की पुत्री आदिति कुमारी और संदीप गुप्ता के पुत्र सुशांत कुमार हैं। जानकारी देते हुए केबीएम क्लासेज के निदेशक राहुल सिंह और कुंदन सिंह ने बताया कि सभी छात्र मेधावी थे और उन्होनें अपनी मेहनत के बदौलत यह सफलता हासिल किया है। हमे गर्व है कि हम ऐसे छात्रों को अपने संस्थान के माध्यम से शिक्षा प्रदान कर रहे है। सफल छात्रों एवं अभिभावकों ने कहा कि हमें खुशी है कि इस संस्थान ने विशेष ध्यान दिया है छात्रों के विकास और उनकी शैक्षिक आवश्यकताओं को समझने में। केबीएम क्लासेज ने अपने समर्पित शिक्षकों के माध्यम से उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान की है और छात्रों को व्यावसायिक और व्यक्तिगत स्तर पर सफलता की दिशा में मार्गदर्शन किया है। यहां के निदेशक और शिक्षकगण वास्तव में प्रशंसनीय हैं। उनका समर्थन, नेतृत्व, और शिक्षा के प्रति समर्पण छात्रों को प्रेरित करता है और उन्हें अपने सपनों की प्राप्ति के लिए महत्वपूर्ण साधन उपलब्ध कराता है।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान के पहले दिन दुकानदारों से झड़प

निज संवाददाता

**पटना।** शहर में सुबह नौ बजे के बाद और शाम सात बजे के पहले फुटपाथ पर ठेला लगाने वाले दुकानदारों पर सोमवार से कार्रवाई शुरू हो गई है। सोमवार को अभियान के पहले दिन सड़क पर दुकान लगानेवालों को हटाने के लिए नगर निगम और जिला प्रशासन की टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। जगदेव पथ मोड़ और राजवंशीनगर महावीर मंदिर के पास तो नगर निगम कर्मचारियों और ठेला लगाने वाली महिलाओं के बीच झड़प हो गई। मौके पर पुलिस मौजूद थी इसीलिए दुकानदार वहां से भाग निकले। हालांकि, सोमवार को पूरे दिन दुकानदारों की गोलबंदी नेहरूपथ पर रही। इधर बोरिंग रोड से भी दुकानदारों को सुबह नौ बजे के बाद हटाया गया।

प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि के निर्देश पर नेहरू पथ और बोरिंग रोड से सुबह नौ बजे के बाद ठेला व फुटपाथी दुकानदारों को हटाया गया। सुबह 11 बजे नगर निगम की टीम पुलिस बल के साथ सबसे पहले राजवंशीनगर पहुंची। वहां पहले से ही फल विक्रेता थे। पहले उन्हें समझाया कि नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। इसीलिए सुबह नौ बजे के बाद ठेला लगाने की मनाही है। चिड़ियाखाना गेट नंबर-1 के पास कुछ महिला दुकानदारों ने पहले विरोध किया। उनके समर्थन में अन्य दुकानदार भी नारेबाजी करने लगे।

### रोजी-रोटी का यही साधन है हम कहां जाएं

जगदेव पथ सब्जी मंडी के पास दुकानदारों और नगर निगम कर्मचारियों के बीच झड़प हो गई। दुकानदार प्रशासन के निर्णय का विरोध कर रहे थे। उनका कहना था कि रोजी-रोटी का यही साधन है ऐसी स्थिति में वे कहां जाएंगे। प्रशासन ने अपनी सुविधा के हिसाब से समयसारणी तो जारी कर दी लेकिन गरीब दुकानदारों की मजबूरी नहीं समझ रहा है। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि फुटपाथ के किनारे दुकानदारों को दुकान लगाने की मनाही नहीं है लेकिन सुबह से शाम तक ठेला लगाने से सड़क जाम की स्थिति हो रही है। वैसे भी गर्मी की दोपहर में खरीददारी की संख्या नगण्य रहती है। इधर नासवी संस्था की ओर से फुटपाथी दुकानदारों के समर्थन में मंगलवार को बैठक बुलाई गई है।

# पान गुमटी में तीन सीएफएल बल्ब व एक टेबल फैन के लिए आया 1. 81 लाख का बिल

निज संवाददाता



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद में बिजली विभाग का हैरान करने वाला कारनामा सामने आया है। विभाग ने एक पान गुमटी चलाने वाले दुकानदार के घर इतना भयंकर बिल भेजा, जिसे देखकर न सिर्फ़ दुकानदार का पूरा परिवार बल्कि आसपास क्षेत्र के इलाकें के लोग भी हैरत में पड़ गए। हैं। बिजली विभाग ने दुकानदार को लाखों का बिल तब भेजा है जब पान गुमटी में सिर्फ तीन सीएफएल बल्ब जलते हैं और एक टेबल पंखा भी लगा हुआ है। इन्हीं उपकरणों के उपयोग के एवज में बिजली विभाग ने उसे 1 लाख 81 हज़ार 307 रुपयें का बिल भेज दिया। विभाग के इस कृत्य से दुकानदार परेशान है। मामला औरंगाबाद के हसपुरा थाना क्षेत्र के पचरुखियां का गांव का है। पीड़ित अहियापुर निवासी अयोध्या कुमार पचरुखिया में पान की गुमटी चलाते है। उन्होने बताया कि परिवार का भरण पोषण करने के लिए वह पचरुखिया में पान की गुमटी चलाते है। गुमटी में तीन सीएफएल बल्ब और एक टेबल पंखा को छोड़कर बिजली से चलने वाला अन्य कुछ भी सामान नहीं है। ऐसे में, उनके घर 1 लाख 41 हजार 307 रुपयें का बिजली बिल आ गया है। उन्होंने इसकी शिकायत बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों से भी की है लेकिन अब तक कोई भी सकारात्मक परिणाम सामने नही आया है। उल्टे बिजली विभाग के कर्मचारी जल्द बकाया बिल जमा नहीं करने पर जेल भेजने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित अयोध्या कुमार ने बताया कि स्किन की बीमारी के इलाज हेतु वे 18 नवंबर 2018 को दिल्ली चले गए थे। वर्ष 2023 के अप्रैल महीने में जब वह लौटे तो पाया कि बिजली विभाग ने 58000 रुपया बकाया होने के कारण उनकी गुमटी से विद्युत संबंध विच्छेद कर दिया है। इसके बाद उन्होंने मई के महीने में दस हजार रूपए का भुगतान कर पुनः विद्युत संबंध स्थापित करा लिया। फिर नवम्बर महीने में भी उन्होंने बिजली विभाग को 10 हजार रुपयें का भुगतान किया लेकिन उस वक्त उन्होने बिजली बिल के बकाया पर कोई खास गौर नही किया। मार्च 2024 में जब वे पुनः बिजली बिल जमा करने पहुंचे तो 1 लाख 41 हजार 307 रुपयें का बिल देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। इसके बाद तब से लेकर आज तक वें बिजली विभाग के दफ्तरों में चक्कर काटने को मजबूर हैं। पीड़ित ने कहा कि उनकी पान गुमटी में लगे तीन सीएफएल बल्ब और पंखे का औसतन बिजली बिल सौ यूनिट या इससे भी कम आता था परंतु जुलाई-2023 में बिजली विभाग ने उन्हें तीन सीएफएल बल्ब और पंखे के लिए 9396 यूनिट का बिल भेजा।

# कार्यशाला के समापन पर शिक्षक कल्याण कोष पर चर्चा, किया गया काव्य पाठ

निज संवाददाता



**जम्होर (औरंगाबाद)।** सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के मानकुमारी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में तीन दिवसीय कार्यशाला के तीसरे दिन के कार्यक्रम का उद्घाटन रोहतास के जिला विभाग निरीक्षक उमाशंकर पोद्दार, विद्यालय प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी, प्राचार्य परशुराम ओझा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ एवं योग शिक्षक नंदकिशोर सिंह ने योगाभ्यास का कार्यक्रम चलाया। आगत अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र पुष्पगुच्छ एवं विद्यालय की वार्षिक पत्रिका अर्चना देकर सम्मानित किया गया संबोधन के क्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि उपभोक्तावादी संस्कृति के युग में हम अपने संस्कारों को भूलते जा रहे हैं ऐसी परिस्थिति में संस्कार परक शिक्षा देने में इस विद्यालय की सराहनीय भूमिका रही है।कवि सुरेश विद्यार्थी द्वारा काव्य पाठ भी किया गया। शिक्षकों से शिक्षक कल्याण कोष से जुड़ने की भी बात कही गई। संचालन सुनील कुमार रिंकू द्वारा किया गया। कार्यशाला के समापन पर प्रेमचंद पाठक, अर्जुन मेहता, दिलजीत सिंह, सुनील कुमार, चंदन कुमार, राज किशोर ठाकुर, अमित पाठक, सुनील पाठक, बबलू कुमार संजय सिंह, सुमन पाठक, वसुंधरा मिश्रा, कालिंदी जी, रविता राय शीला जी, संगिता जी, शोभा जी सहित अन्य उपस्थित थे।

## नुक्कड़-नाटक 'बिटिया बहादुर की प्रस्तुति

**पटना(नि.सं.)।** कला उत्थान केंद्र की ओर से सोमवार को गांधी मैदान, गांधी मूर्ति के पास नुक्कड़-नाटक 'बिटिया बहादुर की प्रस्तुति की गई। रंगकर्मी रजनीकांत के निर्देशन में किया गया। इसके माध्यम से निम्न परिवार में जन्म लेने वाली लड़की की कहानी को बताया गया है। नाटक के पात्र गणेश का तीन बेटियां हैं। उसकी पत्नी पुनः गर्भवती रहती है। लड़की होने की स्थिति में गर्भपात की सलाह देता है। पत्नी इंकार कर देती है। फिर पति मान जाता है। बेटी का जन्म होता है और वो धीरे-धीरे बड़ी होने लगती है। वो स्कूल जाना शुरू करती है, तो पिता इस पर आपत्ति जताता है, पुनः पत्नी उसे समझाती है। फिर वह बेटी को पढ़ाने के लिए तैयार हो जाता है। बेटी पढ़-लिख कर एक अच्छे पद पर कार्य करने लगती है। मौके पर प्रेम कुमार, प्रवीण कुमार, पूजा कुमारी, प्रियांशु कुमारी, श्यामाकांत, रजनीश पांडे, उत्तम कुमार, प्रिया कुमारी व अन्य उपस्थित थे।

# एचडीएफसी बैंक के एटएम में लगी आग, जलकर राख




निज संवाददाता | पटना

पटना के दानापुर थाना क्षेत्र के सगुना मोड के पास एचडीएफसी बैंक के एडीएम में अचानक आग लग गई। आसपास के दुकानदारों के बीच में हड़कंप मच गया। लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की। इसकी सूचना स्थानीय थाने के साथ ही अग्निशमन को दी गई, जब तक अग्निशमन की टीम मौके पर पहुंचती तब तक पूरी तरह एटीएम जलकर खाक हो गया। काफी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाया। वहीं उसके पास के बैंक ऑफ बड़ौदा की एटीएम में इस अगलगी से कुछ भी नुकसान नहीं हुआ। बैंक ऑफ बड़ौदा के गार्ड ने बताया की वह खाना खाने एटीएम के अंदर गया हुआ था। तभी बाहर लोगों के चिल्लाने के आवाज सुनाई दी। बाहर आकर देखा तो पास के एचडीएफसी बैंक के एटीएम में आग लगी हुई है। स्थानीय निवासी अंबर कुमार ने बताया की अचानक एचडीएफसी बैंक के एटीएम में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। आग देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने की सूचना बिजली विभाग के साथ ही अग्निशमन की टीम को दी गई, जब तक अग्निशमन की टीम मौके पर पहुंचती तब तक एटीएम जल चुकी थी। स्थानीय लोगों की सुझबुझ से आग पर काबू पाया गया।

## बर्तन धोने के दौरान करंट लगने से महिला की मौत

**आरा (भोजपुर)(नि.स.)।** भोजपुर के संदेश थाना क्षेत्र के डिहरी गांव में सोमवार की दोपहर करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतका डिहरी गांव निवासी जीतेंद्र कुमार यादव की 35 वर्षीया पत्नी कमलावती देवी थी। जीतेंद्र कुमार यादव ने बताया कि सोमवार की दोपहर उनकी पत्नी घर में हैंडपंप के पास बर्तन धो रही थी। हैंडपंप में मोटर फिट किया गया है। इसमें किसी कारण करंट दौड़ रहा था। बर्तन धोने के दौरान उनकी पत्नी का हाथ हैंडपंप से स्पर्श कर गया। इस कारण वह करंट की चपेट में आ गई और बुरी तरह झुलस गई। इसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव लेकर घर चले गये। बताया जा रहा है कि महिला को पुत्री अंजल,

### स्थानीय लोगों की भागीदारी बिना देवकुंड महोत्सव का आयोजन कराना निन्दनीय

# पर्यटन स्थल का दर्जा देने व अगले महोत्सव हेतु 25 लाख के आवंटन की मांग

निज संवाददाता



**गोह( औरंगाबाद )।** स्थानीय लोगों की भागीदारी बिना देवकुंड महोत्सव कराया जाना निंदनीय है। उक्त निर्णय जिले के जागरुक जनता ,जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की हुई बैठक में लिया गया ।बैठक बाबा दुग्धेश्वर नाथ मंदिर देवकुंड परिसर में महोत्सव के अध्यक्ष लालदेव प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई।इस दौरान सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बताया की देवकुंड एक अति प्राचीन धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल है ।यहां च्वयन ऋषि का आश्रम, राजा दशरथ के पिंडदान करने गया जाने के क्रम में श्री राम, लक्ष्मण और मां सीताका विश्राम स्थल ,इसी क्षेत्र भृगुरारी मे भृगु ऋषि का आश्रम तथा महान कवि बाणभट्ट का भी इसी प्रखंड मे जन्मस्थली रहा है ।इसके बावजूद इस स्थल का ना तो अपेक्षित विकास हुआ और नहीं तो इस स्थल को पर्यटन स्थल का दर्जा मिल पाया है। इसी उद्देश्य से 2019 से देवकुंड महोत्सव आयोजन करने का प्रयास किया जा रहा था तथा इस महोत्सव को राजकीय महोत्सव घोषित किए जाने की मांग किया जा रहा था ।उस समय बहुत खुशी हुई जब देवकुंड महोत्सव 2024 के आयोजन हेतु कला , संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार ने 5 लाख रुपए का आवंटन किया। परंतु जिला प्रशासन ने स्थानीय लोगों , जन प्रतिनिधियों ,और न्यास समिति के सदस्यों के बिना भागीदारी और सलाह के देवकुंड महोत्सव का आयोजन कर खाना पूर्ति करने का कार्य किया जो निन्दनीय है। इसलिए सर्व सम्मति से इसके लिए जिला प्रशासन की निन्दा की गयी। साथ ही भविष्य में देवकुंड महोत्सव की रूपरेखा और उसका कार्यान्वयन स्थानीय जनता ,जनप्रतिनिधियों और न्यास समिति के सदस्यों के सहयोग और सलाह से किए जाने की मांग जिला प्रशासन से किया गया ।विदित हो कि महोत्सव का उद्देश्य उक्त स्थल के ऐतिहासिक गरिमा और धार्मिक महिमा को देश दुनिया तक पहुंचाना , इसके इतिहास को संयोजन हेतु स्मारिका का प्रकाशन , स्थानीय कलाकारों और छात्र-छात्राओं को प्राथमिकता के आधार पर मंच प्रदान किया जाना, साथ ही क्षेत्र के नाम रौशन करने वाले लोगों को और छात्र छात्राओं को सम्मानित किए जाने का होना चाहिए था जो नहीं किया गया। साथ ही खेलकूद और विभिन्न तरह के प्रतियोगिता भी आयोजित किया जाना चाहिए था।भविष्य में इसको प्राथमिकता दिये जाने मांग जिला प्रशासन से किया गया।अगले प्रस्ताव में देवकुंड को पर्यटन स्थल दर्जा देने एवं स्थल का अपेक्षित विकास करने हेतु पर्यटन विभाग बिहार सरकार से मांग की गई साथ ही अगले महोत्सव हेतु 5 लाख से बढ़कर 25 लाख का आवंटन करने की मांग कला , संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार से किया गया। बैठक में कृष्णनंदन सिंह, विजय कुमार अकेला,सिधेश्वर विद्यार्थी, सत्यचंडी महोत्सव के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, बसंत यादव, सर्वेश कुमार सिंह, लोरिक यादव, गिरजा सिंह, गिरजा नंदन सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# मैट्रिक बोर्ड में पत्रकार की बेटी ने किया स्कूल टॉप



**औरंगाबाद (का.सं.)।** पत्रकार कौशलेंद्र यादव की बेटी ब्यूटी रॉय ने मैट्रिक की बोर्ड परीक्षा में 456 यानी 91.2 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉप किया है। वह कादरी हाई स्कूल, दाउदनगर की छात्रा है। बेटी की सफलता से पिता कौशलेंद्र और मां नाम मंजू देवी(गृहिणी) बेहद खुश है। उसे पास पड़ोस के लोगों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में छात्र नेता रंजन कुमार, ग्रामीण रामानंद यादव, समाजसेवी मोना कुमार यादव, कांग्रेस नेता डॉ. तुलसी यादव, सिद्धि यादव, बीएससी नर्सिंग के छात्रा खुशबू कुमारी, जीएनएम की छात्रा काजल कुमारी, आईएससी की छात्रा सपना कुमारी, एक कोचिंग के निदेशक राकेश कुमार सिंह एवं छात्र कुंदन कुमार आदि शामिल है।

# कंचनपुर गांव में दो पक्षों में मारपीट, कई लोग हुए घायल

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज-भदवा पथ के कंचनपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर हुयी मारपीट में प्रथम पक्ष के छोटू कुमार, भरत चौधरी, मुन्ना चौधरी, लक्ष्मण चौधरी, बसंत चौधरी, दूसरी पक्ष से जोगेंद्र चौधरी घायल है। सभी घायलो का इलाज रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। कंचनपुर गांव निवासी जोगिंदर चौधरी ने बताया कि यहां की लड़की की जपला के पथरा गांव में 8 साल पूर्व विवाह की गई थी। जिसकी एक बच्ची है। ससुराल वाले द्वारा उसे मारपीट की जा रही थी। इसी में अपने मैके कंचनपुर में रह रही थी। ससुराल वाले पहले और कभी ले जाने के लिए नहीं आए थे। ससुराल वाले की तरफ से छोटू कुमार ,भरत चौधरी ,मुन्ना चौधरी, लक्ष्मण चौधरी, बसंत चौधरी सहित कई लोगों ने आकर बच्ची को लेकर भागने लगे । हम लोग रोकने पर मारपीट की गई। दोनो पक्षों में मारपीट हुआ। डॉक्टर जावेद इकबाल के द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु छोटे चौधरी , जोगिंदर चौधरी, मुन्ना चौधरी एवं विनोद चौधरी को सदर अस्पताल औरंगाबाद के लिए रेफर कर दिया गया।

# लोकसभा चुनाव : मतदाता जागरूकता हेतु अलग-अलग गतिविधियों का किया गया संचालन

निज संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** सोमवार एक अप्रैल को जिले के दाउदनगर प्रखंड के महावर, तरार , कर्मा तरारि पंचयात में सभी सदस्य के साथ मतदाता जागरूकता हेतु जीविका दीदियों द्वारा डोर टू डोर अभियान चला कर मतदाताओं को शपथ दिलायी गयी, एवं जागरूकता रैली निकाली गई। इस कार्यक्रम में कुमारी कवित सीसी, नेहा कुमारी सीसी, सीएम मुनु कुमारी एवम् जीविका दीदी शामिल हुई। ओबरा प्रखण्ड के तेजपुरा पंचायत में मतदाता जागरूकता रेली, वसुन्धरा एसएचजी, चेतन एसएचजी में निकला गया। रैली में बिक प्रेमा देवी एवं रिंकी कुमारी सीएम सहित अन्य जीविका दीदियां उपस्थित रहीं। जिला के डीआरसीसी कार्यालय में भी छात्र और उनके अभिभावकों को जागरूक किया गया। नए मतदाताओं को 'मेरा पहला वोट देश के लिए' का थीम बताया गया। कुटुम्बा प्रखंड के मीरपुर बर्मा पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत सभी जीविका दीदी द्वारा बंदना ग्राम संगठन के महिलाओं ने शपथ व रैली में भाग लिया। जिसमें जीविका के बीपीएम विनय कुमार, क्षेत्रिय समन्वयक कपिल देव प्रसाद, समुह के माया देवी निलम देवी कौशल्या देवी पुनम देवी के अलावा एल डी एम औरंगाबाद, पीएनबी मैनेजर कुटुम्बा, और ब्रजेंन्दर कुमार आदि उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता के निधन पर शोकसभा

निज संवाददाता

**आरा (भोजपुर)।** अधिवक्ता श्यामल कुमार मित्रा के निधन पर सोमवार को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सिविल कोर्ट परिसर स्थित अधिवक्ता हॉल में शोकसभा की गयी। संचालन सचिव जयंत कुमार सिंह ने किया। तत्पश्चात अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों सेअपने को अलग रखा। वहीं दूसरी ओर उक्त अधिवक्ता के निधन पर प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषि सिंह की अध्यक्षता में शोकसभा की गई। सभा में न्यायिक पदाधिकारी, पीपी नागेश्वर दुबे, जीपी राजनाथ सिंह, अधिवक्ता विनोद कुमार सिंह, अमित कुमार बंटी, अजय दुबे, विजेता विजयवर्धन, सुनील कुमार सिंह व नन्दकिशोर यादव सहित कई लोग शामिल थे।